नई दिल्ली RNI No. DLHIN/2010/37009

वर्ष : 14

अंक : 26

सोमवार, 29 जुलाई से 04 अगस्त 2024

मूल्य : 5 रू प्रति

रू 250 वार्षिक

15 दिनों में साफ होंगे बारापुला, सुनहरी और कुशक नाले 03

वाह ताज ! वाह !!, तुम पवित्र हो गए 08

लवलीना हारी, मुक्केबाजी में भारतीय अभियान समाप्त 10

पढ़ाई के साथ-साथ काम करना चाहते हैं तो यह देश है बेस्ट 11

# NCR समाचार



इस्माईल खान

www.ncrsamacharlive.in

BY C.R.O. TEAM

twitter-@ncrsamacharlive

भारत का नं. 1 साप्ताहिक समाचार पत्र

टाइगर वर्सेस मठान में नजर आएंगी कैटरीना 12

# बंगलादेश में हिंसक झड़पों में 99 की मौत

एनसीआर समाचार

**ढाका।** बंगलादेश की राजधानी ढाका तथा देश के अन्य हिस्सों में रविवार को हिंसक विरोध प्रदर्शनों के दौरान कम से कम 99 लोग मारे गए और इसके बाद अधिकारियों ने देश में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया है।

अंग्रेजी अखबार 'प्रथोम अलो' की रिपोर्ट के अनुसार, स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन द्वारा आहूत असहयोग आंदोलन के कारण रविवार को देश में अभूतपूर्व हिंसक झड़पें हुयीं। इन झड़पों में 14 पुलिसकर्मियों सहित 99 लोगों की मौत हो गई।

देश भर में चल रहे हिंसक विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर जन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने तीन दिन की सामान्य छुट्टी की घोषणा की है। बंगलादेश बैंक के प्रवक्ता मोहम्मद मेजबुल हक ने रविवार को कहा कि सामान्य छुट्टी के दौरान कल (सोमवार) से बैंक और वित्तीय संस्थान तीन दिनों तक बंद रहेंगे।

प्रधानमंत्री शेख हसीना ने रविवार को देश के लोगों से अराजकतावादियों पर सख्ती से निपटने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री के सहायक प्रेस सचिव ए बी एम सरवर-ए-आलम सरकार ने सुश्री हसीना के हवाले से कहा, "जो लोग अब हिंसा कर रहे हैं, उनमें से कोई भी विद्यार्थी नहीं है। वे आतंकवादी हैं।"

अधिकारियों के अनुसार शेरपुर में प्रदर्शनकारियों और अवामी लीग के लोगों के बीच झड़प हुई, जिसके कारण तीन लोगों की मौत हो गई और 50 से अधिक लोग घायल हो गए।

सुप्रीम कोर्ट के अपीलीय प्रभाग और उच्च न्यायालय प्रभाग की सभी कार्यवाही सोमवार से अनिश्चित काल के लिए बंद रहेंगी। ढाका में हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे सहित बंगलादेश के प्रमुख हवाई अड्डों ने रविवार को बिना किसी व्यवधान के परिचालन किया। राष्ट्रव्यापी असहयोग आंदोलन के बीच सभी निर्धारित अंतरराष्ट्रीय और घरेलू उड़ानें सुचारू रूप से चलती रहीं। सूत्र के अनुसार, समय सारिणी में 59 प्रस्थान और आगमन के साथ 118 घरेलू उड़ानें शामिल थीं।

ढाका हवाई अड्डे के कार्यकारी निदेशक ग्रुप कैप्टन मुहम्मद कमरुल इस्लाम ने ढाका ट्रिब्यून को बताया कि हवाई अड्डा 152 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित हुयीं, जिनमें 77 प्रस्थान और 75 आगमन शामिल थीं।

हवाई अड्डे के अधिकारी ने कहा कि किसी भी अंतरराष्ट्रीय या घरेलू उड़ान को रद्द नहीं किया गया है। यह अशांति के दौरान हवाई अड्डे के प्रभावी प्रबंधन को रेखांकित करता है। बंगलादेशी अखबार प्रोथिओम एलो की रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षा बलों, सत्तारूढ़ अवामी लीग के कार्यकताओं और प्रदर्शनकारियों के बीच हुईं झड़पों में 14 पुलिसकर्मियों सहित कम से कम 80 लोग मारे गए।

गौरतलब है कि पिछले महीने के आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान विद्यार्थियों पर हुए 'अत्याचार' को लेकर सरकार के इस्तीफे की एक सूत्री मांग के साथ भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के बैनर तले प्रदर्शनकारियों ने असहयोग आंदोलन शुरू किया है। विद्यार्थियों ने सोमवार को लंबे मार्च का आह्वान किया है।

उल्लेखनीय है कि ढाका विश्वविद्यालय में हिंसक झड़पों के बाद पिछले महीने बंगलादेशी सरकार की सार्वजनिक नौकरियों के लिए आरक्षण विरोध प्रदर्शन तेज हो गया। प्रदर्शनकारियों ने सरकारी सेवा में व्यापक आरक्षण को समाप्त करने की मांग की।

बंगलादेश के सर्वोच्च न्यायालय ने 21 जुलाई को अधिकांश आरक्षण को खत्म कर दिया और आदेश दिया कि सार्वजनिक क्षेत्र की 93 प्रतिशत नौकरियों में योग्यता के आधार पर भर्ती की जानी चाहिए। देश के स्वतंत्रता संग्राम के दिग्गजों के परिवार के सदस्यों के लिए पांच प्रतिशत सीटें छोड़ दिया जाना चाहिए। शेष दो प्रतिशत जातीय अल्पसंख्यकों या विकलांग लोगों के लिए आरक्षित हैं। जुलाई के अंत में, विदेशी निवेशकों के चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के अध्यक्ष जावेद अख्तर ने कहा कि बंगलादेशी अर्थव्यवस्था को विद्यार्थियों के प्रदर्शन, कर्फ्यू और संचार ब्लैकआउट के कारण 10 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। प्रदर्शनकारियों ने रविवार को रैलियां और अन्य प्रकार के विरोध प्रदर्शनों के दौरान सरकार के इस्तीफे की मांग करते हुए नारेबाजी की।

## अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा

कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सरकार ने रविवार शाम छह बजे से अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया है। इसके साथ ही मोबाइल इंटरनेट सेवाओं पर पाबंदी लगा दी गयी है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार अगले सरकारी आदेश तक कर्फ्यू लागू रहेगा। पूरे देश में खूनी झड़पों की खबरें हैं।
प्रदर्शनकारियों ने सिराजगंज के इनायतपुर थाना पर हमला किया, जिसके कारण कम से कम 13 पुलिसकर्मी मारे गए। पुलिस मुख्यालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में मौतों की पुष्टि की।
बंगलादेशी अखबार डेली स्टार की रिपोर्ट में कहा गया है कि मोबाइल ऑपरेटरों को सरकारी नियामकों से मोबाइल इंटरनेट और एप्लिकेशन बंद करने के निर्देश मिले हैं।



## 'बंगलादेश का दौरा करने से गुरेज करें भारतीय'

सरकार ने बंगलादेश में राजनीति अशांति और हिंसा को देखते हुए भारतीय नागरिकों को फिलहाल इस पड़ोसी देश की यात्रा नहीं करने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय ने रविवार को यहां जारी एक बयान में यह परामर्श जारी करते हुए इस समय बंगलादेश रह रहे भारतीय नागरिकों को अत्यधिक सावधानी बरतने और बाहर आना-जाना कम करने की सलाह दी है। बयान में कहा गया है कि बंगलादेश में रह रहे भारतीय नागरिकों को हमारा ढाका स्थित उच्चायुक्त के सम्पर्क में रहना चाहिए। आयोग ने उन्हें आपातकाल की स्थिति में +8801958383679, +8801958383680 और +8801937400591 पर उच्चायुक्त से समर्क करने के लिए कहा है।
उल्लेखनीय है कि बंगालदेश में रविवार को हिंसक प्रदर्शनों के दौरान 14 पुलिसकर्मियों सहित 80 लोग मारे गए। वहीं सरकार ने पूरे देश में अनिश्चित काल के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दिया है और मोबाइल इंटरनेट सेवा को निलंबित कर दिया है।

# केंद्र सरकार वक्फ अधिनियम में बड़े बदलाव की तैयारी में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार वक्फ अधिनियम में बड़ा बदलाव करने जा रही है। सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अधिनियम में बदलावों को शुक्रवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूरी प्रदान की। इस विधेयक के द्वारा वक्फ बोर्डों की किसी भी संपत्ति को 'वक्फ संपत्ति' घोषित करने और उस पर नियंत्रण करने की शक्तियों पर अंकुश लगाया जाएगा।

विधेयक के माध्यम से किए जा रहे इन बदलावों में केंद्र सरकार बोर्ड की शक्तियां कम करेगी। केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाएगी। वक्फ की संपत्ति घोषित करने से पहले उसका अनिवार्य सत्यापन सुनिश्चित किया जाएगा। विधेयक में विवादित भूमि के नए सिरे से सत्यापन के प्रावधान भी हैं।

वक्फ अधिनियम को शुरू में 1954 में पारित किया गया था, लेकिन बाद में 1995 में इसे एक नए संस्करण द्वारा प्रतिस्थापित किया गया। वक्फ अधिनियम, 1995 की धारा 40 बोर्ड को उस संपत्ति के स्वामित्व को अधिग्रहित करने, नोटिस जारी करने या जांच करने का अधिकार देती है, जिसके बारे में उसे विश्वास है कि वह वक्फ की है।

## वक्फ एक्ट में संशोधनों की अटकलों पर भड़के ओवैसी



एआईएमआईएम के चीफ और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने वक्फ बोर्ड को लेकर हाल ही में मीडिया में चल रही खबरों पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार वक्फ बोर्ड की शक्तियों और संपत्तियों को नियंत्रित करने के लिए एक विधेयक ला सकती है।
ओवैसी ने कहा कि संसद का सत्र चल रहा है और ऐसे समय में केंद्र सरकार का मीडिया के माध्यम से जानकारी लीक करना संसदीय सर्वोच्चता और विशेषाधिकारों के खिलाफ है। उनका कहना है कि मोदी सरकार वक्फ बोर्ड की स्वायत्तता छीनना चाहती है और इसके अधिकारों में हस्तक्षेप करना चाहती है।
ओवैसी ने आरोप लगाया कि भाजपा और संघ परिवार का हिंदुत्व एजेंडा वक्फ बोर्डों और वक्फ संपत्तियों के खिलाफ है। उनके अनुसार, अगर वक्फ बोर्ड की स्थापना और संरचना में संशोधन किया गया तो इससे प्रशासनिक अराजकता पैदा होगी और बोर्ड की स्वायत्तता समाप्त हो जाएगी।
ओवैसी ने चेतावनी दी कि इससे वक्फ की स्वतंत्रता प्रभावित होगी और अराजकता का माहौल पैदा होगा।

# ईवीएम पर उठे सवालों का जवाब दे आयोग : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि हाल में हुए आम चुनाव के परिणामों को लेकर एक विश्लेषण सामने आया है जिसमें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में गड़बड़ी की बात कही गई है और इस पर उठे सवालों का चुनाव आयोग को जवाब देना चाहिए।

कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चुनाव आयोग ईवीएम के परिणामों को लेकर किसी भी संदेह से इनकार करता है और वोटिंग मशीन में गड़बड़ी नहीं होने का दावा करता है, लेकिन हाल में सामने आए विश्लेषण से शुरूआती और आखिरी चुनाव परिणाम में अंतर मिला है जो इवीएम पर सवाल खड़े करता है। श्री दीक्षित ने कहा 'वॉइस ऑफ डेमोक्रेसी' नाम की संस्था ने हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव परिणामों पर एक विश्लेषण किया है। विश्लेषण के मुताबिक शुरूआती चरण में घोषित आंकड़ों और आखिरी चरण के फाइनल आंकड़ों में अंतर है। राष्ट्रीय स्तर पर शुरू के और आखिरी आंकड़ों में यदि छह प्रतिशत का अंतर है तो क्या ये नतीजे सही थे।



उन्होंने कहा, चुनाव आयोग ने हर फेज से कई दिन बाद तक फाइनल आंकड़ें दिए। ये तब है, जब कहा जाता है कि ईवीएम से बेहतर कुछ नहीं है, ईवीएम से हर चीज पता चल जाती है।

# राजग 2029 में फिर सरकार बनायेगा : अमित शाह

एनसीआर समाचार

**चंडीगढ़।** लोकसभा चुनाव 2024 के बाद माना जा रहा था कि? शायद यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अंतिम कार्यकाल होगा. इसके बाद वे प्रधानमंत्री नहीं बनना चाहेंगे. लेकिन अब खुद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 2029 लोकसभा चुनाव के लिए भविष्यवाणी की है. शाह ने बताया कि 2029 में कौन प्रधानमंत्री बनने जा रहा है. कांग्रेस पर भी उन्होंने करारा वार किया.

एनडीए की ताकत पर सवाल उठाने वालों को जवाब देते हुए अमित शाह ने कहा, विपक्ष अपनी तैयारी कर ले. 2029 के लोकसभा चुनावों के बाद भी उन्हें विपक्ष में ही बैठने है. चंडीगढ़ में एक कार्यक्रम के दौरान शाह ने कहा, एनडीए एलायंस न केवल अपना कार्यकाल पूरा करेगा, बल्कि 2029 में सरकार भी बनाएगा.



**2029 में तो आएगा..**

गृहमंत्री ने कहा, मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि विपक्ष को जो करना है करने दीजिए, 2029 में एनडीए आएगा, मोदी जी ही आएंगे. उन्हें (विपक्ष को) नहीं पता कि पिछले 3 चुनावों में कांग्रेस को जितनी सीटें मिली थीं, उससे कहीं ज्यादा सीटें इस चुनाव में बीजेपी ने जीती हैं. उन्हें यह नहीं पता कि एनडीए के सिर्फ एक दल बीजेपी के पास जितनी सीटें हैं, उतनी तो उनके पूरे अलायंस के पास भी नहीं हैं.

**विपक्ष को दी नसीहत**

शाह ने विपक्षी दलों पर भी निशाना साधा और कहा कि इंडिया ब्लॉक अस्थिरता फैलाना चाहता है. उन्हें विपक्ष में ठीक से काम करने का तरीका सीखना चाहिए. गृहमंत्री ने कहा, ये लोग जो अस्थिरता फैलाना चाहते हैं, वे बार-बार कहते हैं कि यह सरकार चलने वाली नहीं है. मैं उन्हें आश्वस्त करने आया हूं कि न केवल सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी बल्कि अगली सरकार एनडीए की होगी और विपक्ष में बैठने के लिए तैयार होगी और विपक्ष में ठीक से काम करने का तरीका सीखेगी.

**ममता-राहुल का दावा, जल्द गिरेगी सरकार**

केंद्र में जब से पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी है, तब से विपक्षी नेता सवाल उठा रहे हैं. राहुल गांधी, ममता बनर्जी, लालू प्रसाद यादव, अखिलेश यादव, सब कह चुके हैं कि यह सरकार ज्यादा दिन तक नहीं चलने वाली. गृहमंत्री अमित शाह का यह टिप्पणी उसी का जवाब है. पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा था कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार अस्थिर है. शायद आगे न चले. आप नेता संजय सिंह ने दावा किया था कि केंद्र में गठबंधन सरकार एक साल से अधिक नहीं चल पाएगी और जब भी अवसर आएगा, इंडिया ब्लॉक खुद को विकल्प के रूप में पेश करेगा.

राजस्थान में गर्भवती महिला को निर्वस्त्र घुमाने के मामला

# 14 दोषियों को सात साल की कैद



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले की एक अदालत ने पिछले साल सितंबर में धारियावाड़ में 20 वर्षीय गर्भवती महिला को निर्वस्त्र कर घुमाने के मामले में उसके पति सहित 14 पुरुषों को शनिवार को सात साल की कैद की सजा सुनाई।

अदालत ने कहा कि धारियावाड़ कांड मणिपुर में महिलाओं के खिलाफ किए गए अपराध के समान ही एक 'जघन्य अपराध' था। जातीय हिंसा से जूझ रहे मणिपुर में पिछले साल दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने और भीड़ द्वारा उनके साथ यौन दुर्व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया था।

विशेष लोक अभियोजक मनीष नागर ने बताया कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रामकन्या सोनी ने धारियावाड़ कांड में दोषी पाई गई तीन महिलाओं को पांच साल की जेल की सजा सुनाई।

न्यायमूर्ति सोनी ने कहा, 'देश में महिलाओं को लक्ष्मी की तरह पूजा जाता है। प्राचीन शास्त्रों में भी महिलाओं के सम्मान का उल्लेख है, लेकिन कलयुग में उनके खिलाफ हिंसा और अत्याचार जारी है। उन्होंने कहा, 'यह आरोपी द्वारा महिला के खिलाफ किया गया एक गंभीर अपराध था। इसी तरह का जघन्य अपराध मणिपुर में भी हुआ था। ऐसे अपराध महिलाओं को भावनात्मक रूप से आहत करते हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत है, तभी अपराध कम होंगे। विशेष लोक अभियोजक नागर ने बताया कि अदाल ने पीड़िता के पति कान्हा मीणा के अलावा खेतिया मीणा, मोतिया उर्फ मोतीलाल मीणा, पुनिया मीणा, केसरा उर्फ केसरीमल मीणा, सूरज मीणा, पिंटू मीणा, नाथूलाल मीणा, मानाराम उर्फ वेणिया मीणा, नेतिया मीणा, रूपा मीणा, गौतम मीणा, रामलाल मीणाा, रमेश मीणा को सात-सात साल कैद, जबकि तीन महिला दोषियों-इंद्रा मीणा, मिरकी मीणा और झुमली मीणा को पांच-पांच साल कैद की सजा सुनाई।

पिछले साल सितंबर में एक गर्भवती महिला को निर्वस्त्र कर घुमाने का वीडियो सामने आया था।


# भारत की खाद्य सुरक्षा की सबसे बड़ी ताकत हैं छोटे किसान : मोदी

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में छोटे किसानों को देश की खाद्य सुरक्षा की ताकत बताते हुए शनिवार को कहा कि भारतीय कृषि की विविधता इस देश को विश्व की खाद्य सुरक्षा के लिए आशा की किरण बनाती है। श्री मोदी ने राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित 'कृषि अर्थशास्त्रियों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएई)' का उद्घाटन करते हुये ये बातें कहीं।

यह सम्मेलन भारत में 65 साल बाद आयोजित किया गया है। सात दिवसीय इस सम्मेलन में दुनिया भर के करीब 1000 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं, जिसमें 40 प्रतिशत से अधिक महिला प्रतिनिधि हैं। श्री मोदी ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि 65 साल पहले जब भारत ने मैसूर में इस सम्मेलन का आयोजन किया था। उस समय भारत की खाद्य सुरक्षा दुनिया की चिंता का विषय था, आज भारत दुनिया की खाद्य सुरक्षा की चिंता कर रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व की चुनौतियों को एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य के समग्र दृष्टिकोण से ही ही निपटा जा सकता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 65 साल पहले जब आईसीएई की कॉन्फ्रेंस यहां हुई थी, तो भारत नया-नया आजाद हुआ था और देश की खाद्य सुरक्षा और भारत की कृषि



दुनिया की चिंता का विषय था आज भारत, अपनी जरूरत से अधिक अन्न पैदा करने वाला देश है। आज भारत, दूध, दाल और मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक है। भारत अनाज, फल, सब्जियों, कपास, चीनी, चाय, जलीय मछली का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। एक वो समय था, जब भारत की खाद्य सुरक्षा, दुनिया की चिंता का विषय था। एक आज का समय है, जब भारत वैश्विक खाद्य सुरक्षा और पोषण सुरक्षा के समाधान देने में जुटा है इसलिए, फूड सिस्टम ट्रांसफॉर्मेशन (खाद्य प्रणाली का कायाकल्प) जैसे विषय पर चर्चा करने के लिए भारत के अनुभव बहुमूल्य हैं। इसका बहुत बड़ा लाभ विशेषकर ग्लोबल साउथ को मिलना तय है।

उद्घाटन सत्र को कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, कृषि वैज्ञानिकों के अंतराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएई) के अध्यक्ष डॉक्टर मतीन कैम और नीति आयोग के सदस्य प्रोफेसर रमेश चंद ने भी संबोधित किया।

प्रधानमंत्री ने कहा, कृषि क्षेत्र भारत की आर्थिक नीति में केंद्रीय महत्व रखता है। हमारे यहां, करीब 90 प्रतिशत कृषक परिवार ऐसे हैं, जिनके पास बहुत कम जमीन है। ये छोटे किसान ही भारत की खाद्य सुरक्षा की सबसे बड़ी ताकत हैं। यही स्थिति एशिया के कई विकासशील देशों में है। इसलिए, भारत का मॉडल कई देशों के काम आ सकता है।

उन्होंने कहा कि स्वस्थ कृषि के लिए भारत में बड़े पैमाने पर रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है और इसके अच्छे परिणाम भी आ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस साल के बजट में भी स्वस्थ और जलवायु परिवर्तन को सहन करने में समर्थ कृषि पर बड़े पैमाने पर ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा, हम अपने किसानों का सहयोग करने के लिए एक पूरा वातावरण विकसित कर रहे हैं। भारत का बहुत जोर जलवायु परिवर्तन के प्रति सहनशील फसलों से जुड़ी अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने पर है।

श्री मोदी ने प्रतिनिधियों को बताया कि बीते 10 वर्षों में भारत ने फसलों की करीब 900 ऐसी नई किस्मों का विकास कर उनको किसानों का दिया है जो वातावरण के बढ़ते तापमान को सहन करने में समर्थ हैं। अपने किसानों को दी हैं।

उन्होंने कहा, हमारे यहाँ धान की कुछ किस्में ऐसी भी हैं, जिनको परंपरागत किस्मों के मुकाबले, एक चौथाई कम पानी चाहिए। भारतीय कृषि की विविधता को विश्व की खाद्य सुरक्षा के लिए आशा की किरण बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, मैदानी इलाकों की खेती अलग है.. हिमालय की खेती अलग है...मरुभूमि...शुष्क मरुप्रदेश की खेती अलग है...जहां पानी कम होता है, वहां की खेती अलग है....और तटीय क्षेत्रों की खेती अलग है। ये जो विविधता है, यही वैश्विक खाद्य की सुरक्षा के लिए के लिए भारत को उम्मीद की किरण बनाती है। भारत में हम आज भी छह मौसम को ध्यान में रखते हुए सबकुछ योजनबद्ध तरीके से करते हैं। हमारे यहां 15 अलग-अलग कृषि जलवायु क्षेत्र हैं, जिनकी अपनी खासियत है। भारत में अगर आप कुछ 100 किलोमीटर की दूरी तय करें, तो खेती बदल जाती है।

उन्होंने कहा कि आज के समय में पानी की कमी और जलवायु परिवर्तन के साथ ही पोषण भी एक बड़ी चुनौती है। इसका समाधान भी भारत के पास है। भारत, ज्वार बाजारा का दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक है। जिन्हें दुनिया सुपरफूड कहती है और उसे हमने श्री अन्न की पहचान दी है।

ये ज्वारबाजार की खेती न्यूनतम पानी , अधिकतम उपज के सिद्धांत पर चलते हैं। भारत के अलग-अलग सुपरफूड, पोषण की समस्या का समाधान करने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

श्री मोदी ने कहा कि जीवन और अन्न को लेकर, भारत की ज्ञान परंपरा हजारों वर्ष प्राचीन है। उसके आधार पर देश में खेती-बाड़ी का विकास हुआ है। भारत में करीब दो हजार वर्ष पहले कृषि पराशर नाम से जो ग्रंथ लिखा गया था, वो पूरे मानव इतिहास की धरोहर है। ये वैज्ञानिक खेती का एक विषद ग्रंथ है, जिसका अब अनुवाद भी मिल सकता है। इस ग्रंथ में कृषि पर ग्रह नक्षत्रों का प्रभाव... बादलों के प्रकार...वर्षा को नापने का तरीका और भविष्यवाणी, वर्षाजल संभरण...जैविक खाद...पशुओं की देखभाल, बीज की सुरक्षा कैसे की जाए, भंडारण कैसे किया जाए... ऐसे अनेक विषयों पर इस ग्रंथ में विस्तार से बताया गया है। इसी विरासत को आगे बढ़ाते हुए भारत में कृषि से जुड़ी शिक्षा और अनुसंधान का एक मजबूत इकोसिस्टम बना हुआ है। उन्होंने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के तहत कृषि शिक्षा और अनुसंधान के विशाल नेटवर्क पर भी प्रकाश डाला और कहा कि भारत में 700 से ज्यादा कृषि विज्ञान केंद्र हैं, जो किसानों तक नई टेक्नॉलॉजी पहुंचाने में मदद करते हैं।

एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में

## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार पत्र के समस्त पाठकों तथा समाचार पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टर जी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृव में हो रहा है।


**अतः** भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नए कार्यालय जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली- 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 सम्पर्क करें।

# नीतीश ने ककोलत जलप्रपात क्षेत्र में पर्यटकीय सुविधाओं का किया लोकार्पण

एनसीआर समाचार

**नवादा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज ककोलत जलप्रपात क्षेत्र में पर्यटकीय सुविधाओं का लोकार्पण किया।

श्री कुमार ने शनिवार को नवादा जिले के गोविंदपुर प्रखंड स्थित ककोलत जलप्रपात क्षेत्र में पर्यटकीय सुविधाओं का लोकार्पण किया और पर्यटकों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने वन विश्राम गृह 'अरण्यधारा' का भी उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने वन विश्राम गृह का निरीक्षण भी किया। उन्होंने जलप्रपात परिसर में वृक्षारोपण भी किया।



ककोलत जलप्रपात में प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में लोग घूमने आते हैं लेकिन ककोलत में लोगों के लिए पर्यटकीय सुविधाओं का अभाव था। मुख्यमंत्री श्री कुमार ने वर्ष 2013 में पहली बार ककोलत जलप्रपात का भ्रमण कर पर्यटकीय सुविधाओं के विकास के लिए कई निर्देश दिये थे, जिसके बाद वर्ष 2013-14 में यहां पर कई पर्यटकीय सुविधाओं का विकास किया गया।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर वर्ष 2022 में ककोलत जलप्रपात में पर्यटकों के लिए सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए कई अन्य कार्य प्रारंभ किये गये। आज ककोलत जलप्रपात में ईको टूरिज्म सुविधाओं के विकास कार्य का लोकार्पण होने से पर्यटकों को प्राकृतिक खूबसूरती का आनंद लेने में सहूलियत होगी। ककोलत जलप्रपात पर्यटकों के लिये सुगम, सुरक्षित एवं आकर्षक बनाया गया है।

ककोलत में पहाड़ चढ़ते वक्त हमेशा पत्थरों के गिरने की संभावना बनी रहती थी जिसके कारण लोग नियमित रूप से झरने तक नहीं पहुंच पाते थे और उन्हें चोट लगने का डर रहता था इसलिए सर्वप्रथम स्टोन स्टैबलाईजेशन का कार्य कराया गया जिसमें गिरने वाले पत्थरों को लोहे के जाल से बांध दिया गया है। अब पत्थर गिरने की संभावना खत्म हो गयी है। ककोलत जलप्रपात तक पहुंचने के लिए सीढ़ी का निर्माण कराया गया है। झरने के नीचे वाले तालाब का पुनर्निर्माण कराया गया है और इसमें सीढ़ी भी बनायी गयी है ताकि लोग आसानी से इसमें उतरकर नहा सकें।

ककोलत में पत्थरों को काटकर आकर्षक भव्य मुख्य द्वार, छह कैफेटेरिया, सेल्फी प्वाइंट, प्रशासनिक भवन, शौचालय, टिकट काउंटर, लाउंज और पर्यटन सूचना केंद्र और पानी का कुंड आदि बनाया गया है। ऊपर तथा नीचे सीट आउट एवं महिलाओं तथा पुरुषों के लिए चेंजिंग रूम बने हैं। झरने का पानी को शोधित कर पीने योग्य बनाकर जगह-जगह पर आकर्षक पहाड़ी स्वरूप में पेयजल व्यवस्था की गयी है। बच्चों के लिए चिल्ड्रेन जोन बना है, जिसमें पार्क, झूला, सीट आउट आदि की व्यवस्था है। पर्यटकों के लिए पार्किंग क्षेत्र, बैठने के लिए बड़ी संख्या में बेंच निर्माण एवं खाने-पीने के दुकानों का निर्माण कराया गया है। ककोलत के विकास से पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी वहीं स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा। ककोलत जलप्रपात में ईको-टूरिज्म सुविधाओं एवं अन्य विकास कार्यों के चलते इसे लोगों के लिए बंद कर दिया गया था, अब यहां पर सभी ईको-टूरिज्म सुविधायें विकसित हो चुकी है। मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पण करने के बाद जलप्रपात परिसर को सभी लोगों के लिए खोल दिया गया है। ककोलत के विकास को देखकर लोगों में खुशी का माहौल है।

## नीतीश ने मुहाने नदी पर नवनिर्मित पुल का किया उद्घाटन



**राजगीर।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुहाने नदी पर नवनिर्मित पुल का आज उद्घाटन किया। श्री कुमार ने शनिवार को नालंदा जिला के हरनौत प्रखंड के द्वारिका बिगहा में मुहाने नदी पर नवनिर्मित पुल का उद्घाटन किया। बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा इस पुल का निर्माण 493.64 लाख रुपये की लागत से मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना (विशेष योजना) के तहत कराया गया है। चेरो के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-31 को जोड़ने वाले इस नवनिर्मित पुल (द्वारिका बिगहा-हरनौत पथ) के निर्माण से कल्याण बिगहा, चेरो बहादुर, बिरजू मिल्की समेत दर्जनों गांवों के लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पटना प्रमंडल के आयुक्त कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा, नालंदा के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर, नालंदा के पुलिस अधीक्षक अशोक मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# कमला हैरिस अलोकतांत्रिक तरीके से डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार बनीं, डोनाल्ड ट्रंप का आरोप

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में इस साल नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होने वाला है। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच कांटे की टक्कर है। चुनाव प्रचार के दौरान ट्रंप ने दावा किया कि कमला हैरिस अलोकतांत्रिक तरीके से डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार बनीं। उन्होंने यह भी कहा कि कमला हैरिस के नाम पर एक भी वोट नहीं डाला गया था।




ट्रंप ने इसे कम्यूनिस्ट चीन की याद दिलाने वाला बताया। बता दें कि राष्ट्रपति जो बाइडन के बाहर होने के बाद कमला हैरिस ने डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार के तौर पर अपना समर्थन जुटा लिया था। पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में 59 वर्षीय कमला हैरिस का सामना रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप से होने वाला है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, "डेमोक्रेट्स लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। कमला हैरिस अमेरिका के इतिहास की सबसे कम लोकप्रिय उप राष्ट्रपति हैं। उनके नाम पर एक भी वोट नहीं डाला गया था, लेकिन इसके बावजूद उन्हें डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार बना दिया गया है।" जो बाइडन पर निशाना साधते हुए ट्रंप ने कहा कि यह कम्यूनिस्ट चीन की याद दिलाता है। डेमोक्रेट्स ने अपने एक उम्मीदवार को इस दौड़ से तब बाहर कर दिया, जब उनकी गलतियों को छिपाना मुश्किल हो गया था।

**कमला हैरिस पर ट्रंप का निशाना...**अपने समर्थकों को एक ईमेल में ट्रंप ने कमला हैरिस के खिलाफ प्रचार अभियान में जबरदस्त जुबानी हमले की शपथ ली। बता दें कि ट्रंप शनिवार को एटलांटा में चुनाव प्रचार करेंगे। अपने ईमेल में ट्रंप ने कहा, "24 घंटे जबरदस्त प्रचार करने के बाद कल इसी समय हैरिस का सबसे बुरा सपना सच हो जाएगा। जब मैं एटलांटा में रैली करूंगा तब वह सच्चाई से छिप नहीं पाएंगी।" उन्होंने आगे कहा, "कल मैं मंच पर कदम रखूंगा और ओपन बॉर्डर जार कमला हैरिस को उनके असफल राजनीतिक करियर की सबसे बुरी हार मिलेगी।

# जम्मू कश्मीर के लिए विकास और शांति मेरा मिशन : आजाद

**जम्मू।** डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने शनिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के लिए विकास और शांति उनका प्रमुख मिशन है।



श्री आजाद ने आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी के परिप्रेक्ष्य में पार्टी नेताओं और कार्यकताओं के साथ आयोजित बैठक में यह बात कही। उन्होंने निर्णय लेने की प्रक्रिया में सभी स्तरों पर पार्टी सदस्यों को शामिल करने तथा जनता की जरुरतों एवं आकांक्षाओं के अनुरुप एकीकृत और सहयोगी दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव काफी हद तक राष्ट्रीय मुद्दों पर केंद्रित रहे हैं, लेकिन विधानसभा चुनाव एक अलग परिदृश्य पेश करेंगे।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनावों में देरी के कारण जनता अब चुनावों के लिए उत्सुक है, क्योंकि उनकी कई चिंताएँ अभी भी अनसुलझी हैं। उन्होंने विकास कार्यों की कमी की ओर भी ध्यान दिलाया, जिससे समय पर चुनाव और प्रभावी शासन की मांग और तेज हो गयी है।

# राकांपा (एसपी), कांग्रेस ने वाझे के आरोपों को खारिज किया

**मुंबई।** कांग्रेस और राकांपा (एसपी) ने महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ बर्खास्त पुलिसकर्मी सचिन वाझे के आरोपों का शनिवार को खंडन किया और सवाल किया कि पुलिस के संरक्षण में रहते हुए उन्हें मीडिया से बात करने की अनुमति कैसे दी गई।

वाझे 'एंटीलिया' बम कांड और ठाणे के व्यवसायी मनसुख हिरन की हत्या के मामले में आरोपी है। वाझे वर्तमान में नवी मुंबई के तलोजा केंद्रीय कारागार में बंद है। खबरों के मुताबिक, वाझे ने देशमुख के खिलाफ रिश्वत लेने के अपने आरोप को दोहराया है। मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह ने आरोप लगाया था कि देशमुख ने गृह मंत्री के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान पुलिस अधिकारियों से शहर के बार और रेस्टोरेंट से हर माह 100 करोड़ रुपये वसूलने को कहा था। आरोपों के मद्देनजर देशमुख ने 2021 में गृह मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रवक्ता महेश तापसे ने दावा किया कि वाझे ने पहले चांदीवाल आयोग को बताया था कि देशमुख या उनके निजी सहायकों ने कभी भी पैसे की मांग नहीं की और न ही उन्होंने उन्हें मुंबई के रेस्तरां और बार से पैसे इकट्ठा करने का निर्देश दिया था।

# मॉस्को पहुंचे रूसी जासूसों के बच्चे, राष्ट्रपति पुतिन ने स्पैनिश बोलकर किया स्वागत

**मॉस्को।** जासूसी के आरोप में स्लोवेनिया की जेल में बंद दो रूसी जासूसों को एक संधि के तहत रिहा किया गया। इन जासूसों के बच्चे मास्को पहुंचे तो उनको अपनी असली पहचान के बारे में पता चला। बच्चों का रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने स्पैनिश भाषा में बुएनस नोचेस बोलकर बच्चों का स्वागत किया गया। आर्टेम और अन्ना डुल्टसेव, 2017 से स्लोवेनिया में लुडविग गिश और मारिया रोजा मेयर मुनोस के नाम से रह रहे थे। दोनों यहां एक आईटी कंपनी और ऑनलाइन आर्ट गैलरी चलाते थे। वे अर्जेंटीना के प्रवासियों के रूप में यहां रहकर मॉस्को के आदेश को स्लीपर एजेंटों से साझा करते थे। 2022 में दोनों को जासूरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया। इसके बाद उनके दोनों बच्चे एक पालक की निगरानी में रह रहे थे। बच्चों को डर था कि वे अपने माता-पिता को खो सकते हैं। इसलिए उनसे बच्चों को कम मिलने दिया जा रहा था। हाल में रूस और पश्चिम देशों के बीच कैदियों की अदला बदली की गई। इसमें 16 कैदी रूस से पश्चिम देशों की ओर और आठ कैदी पश्चिम देशों से रूस आए। इनमें आर्टेम और अन्ना डुल्टसेव भी अपने बच्चों के साथ रूस आए। मास्को पहुंचने पर बच्चों को पता चला कि उनका रूस के साथ संबंध है।



# प्रदेश की लाडली बहनों को 10 अगस्त को मिलेगा राखी का उपहार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री जबेरा में लाड़ली बहना आभार सह उपहार कार्यक्रम में हुए शामिल

- प्रदेश में केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुंदेलखण्ड क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी
- जबेरा को नगर परिषद बनाने की हुई घोषणा

एनसीआर समाचार



**दमोह।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बहनों के सशक्तिकरण के लिये सरकार संकल्पित होकर काम कर रही है। रक्षाबंधन प्रेम, स्नेह और बंधुत्व का त्यौहार है। रोजगार के अवसरों में बहनों को प्राथमिकता दी जायेगी। आगामी 10 अगस्त को सभी लाड़ली बहनों के खाते में सिंगल क्लिक से 1250 रुपए तथा रक्षाबंधन के उपहार के रूप में 250 रुपए अतिरिक्त दिये जायेंगे। यहां आज बहनों ने विशाल राखी बांधकर राखी के पहले ही मुझे रक्षाबंधन का आनंद दे दिया है। प्रदेश में पूरे सावन हम रक्षाबंधन का त्यौहार मनायेंगे। बहनों का स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए हर जिले में उत्सव आयोजित किये जायेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज दमोह जिले के जबेरा में लाड़ली बहना उत्सव सह उपहार कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबेरा को नगर परिषद बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने दमोह जिले के प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत तेंदूखेड़ा जामूनखेड़ा अजितपुर से अभाना पाटन मार्ग पर 4.5 करोड़ की लागत से उच्च स्तरीय पुल का सिंगल क्लिक के माध्यम से लोकार्पण किया। विभिन्न योजनाओं में हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये। जबेरा मंडी परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत सप्तपर्णी का पौधा रोपा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुंदेलखण्ड क्षेत्र की तस्वीर बदलने वाली है। केन-बेतवा सिंचाई परियोजना के माध्यम से दमोह जिले की व्यारमा नदी को जोड़कर सम्पूर्ण क्षेत्र को पानी से लबालब किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण क्षेत्र में आनंद की वर्षा होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि परियोजना के लिये मध्यप्रदेश-उत्तरप्रदेश को 45-45 हजार करोड़ रुपए मिलेंगे। परियोजना से सम्पूर्ण बुंदेलखण्ड के जिलों में पानी लाकर क्षेत्र के लोगों की जिंदगी बदलने का एक बड़ा अभियान चलेगा। उन्होंने कहा कि सिंचाई योजना से फसल की आमदनी दोगुनी से ज्यादा होने वाली हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों से आग्रह करते हुए कहा कि अपनी जमीन मत बेचना, आने वाले 2 माह के अंदर इस परियोजना का भूमि-पूजन किया जायेगा, आने वाला कल हमारा हैं, उससे आपकी जिंदगी बदलेगी। उन्होंने कहा कि हम बुंदेखण्ड पंजाब और हरियाणा से आगे निकल जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सागर में सितम्बर माह में इन्वेस्टर मीट होगी। प्रदेश के सभी जिलों को साधन संपन्न बनाने के प्रयास जारी है, प्रत्येक जिले में उद्योग धंधों का जाल बिछाया जायेगा, जिसमें बहनों को भी रोजगार मिलेगा।

## लाडली बहनों का पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित लाड़ली बहनों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और लाड़ली बहनों को उपहार दिये। इसके पूर्व रक्षाबंधन की थीम पर सावन उत्सव पर केन्द्रित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परिसर में किये गये साज-सज्जा युक्त झूलों के पास जाकर लाड़ली बहनों को झूला झुलाया। लाड़ली बहनों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को वृहद राखी भेंट की और राखी बांधी। बहनों ने मुख्यमंत्री को आभार पाती भेंट कर शुभकामनाएँ दी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि आज विपरीत परिस्थितियों के बाद भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव आप सबके बीच में आए हैं, हम उनका हृदय से धन्यवाद आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि आज सावन में पानी की झड़ी लगी हुई है और भगवान आपके लिए आशीर्वाद स्वरुप भरपूर बारिश कर रहे हैं। श्री पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव आप सभी को सशक्त बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं।

# एक नजर

## अरुणाचल में हथियारों के साथ म्यांमार के तीन नागरिक गिरफ्तार

**इटानगर।** अरुणाचल प्रदेश पुलिस ने शनिवार को म्यांमार के तीन नागरिकों को गिरफ्तार किया है। तीनों को राज्य के लोहित जिले के वाकरो सर्कल के काथन गांव से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आज बताया कि तीनों अवैध रूप से भारतीय क्षेत्र में घुसे थे। गिरफ्तार करने के बाद उन्हें वाकरो थाना में ले जाया गया। बीती रात्रि करीब 1 बजे काथन पुलिस चौकी की टीम ने इन लोगों को पकड़ा था। गिरफ्तार लोगों की पहचान अदे सादी लिसु (25), अखी योहा लिसु (22) और न्वाफाटा लिसु (20) के रूप में हुई है। तीनों म्यांमार के पुताओ जिले के सागो गांव के निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि लोगों ने उन्हें दो राइफल और गोलियों के साथ देखा और पकड़ लिया। बाद में उन्हें वाकरो थाना को सौंप दिया। इनके कब्जे से पुलिस ने एक स्थानीय रूप से निर्मित 5.56 मिमी लंबी बैरल बन्दूक, एक स्थानीय रूप से निर्मित 7.62 मिमी लंबी बैरल बन्दूक, 5.56 मिमी गोला बारूद के 26 जिंदा राउंड, 5.56 मिमी गोला बारूद के 22 खाली कारतूस, 7.62 मिमी के छह रीफिल्ड जिंदा राउंड और एक खाली कारतूस, एक मोबाइल फोन, चीनी मुद्रा में 10 युआन और भारतीय मुद्रा में एक हजार रुपये नकद जब्त किए। पूछताछ के दौरान उन्होंने बर्मी नागरिक होने की बात स्वीकार की। वे पासपोर्ट या हथियार का लाइसेंस जैसे कोई भी वैध दस्तावेज दिखाने में विफल रहे। उनसे पूछताछ की जा रही है।

## पंजाब के मुख्यमंत्री मान को पेरिस, विधानसभा स्पीकर को अमेरिका जाने की नहीं मिली इजाजत

**चंडीगढ़।** विदेश मंत्रालय ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को पेरिस और विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवा को अमेरिका जाने की इजाजत नहीं दी है। विदेश मंत्रालय के इस फैसले को लेकर आम आदमी पार्टी की पंजाब प्रदेश इकाई ने केंद्र सरकार की आलोचना की है। मुख्यमंत्री मान को पेरिस ओलंपिक में जाने की इजाजत केंद्र सरकार की तरफ से नहीं दी गई। मुख्यमंत्री मान 10 सदस्यीय प्रतिनिधीमंडल के साथ पेरिस ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम का हौसला बढ़ाने के लिए जाना चाहते थे। हॉकी टीम जो 4 अगस्त को ओलिंपिक में क्वार्टर फाइनल मैच खेलेगी। टीम में ज्यादातर खिलाड़ी पंजाब के हैं। मुख्यमंत्री ने पेरिस जाने के लिए विदेश मंत्रालय से राजनीतिक मंजूरी मांगी थी। मान 3 अगस्त की रात को पेरिस के लिए फ्लाइट पकड़ना चाहते थे ताकि भारतीय हॉकी टीम के मैच के लिए समय पर पहुंच सकें। मुख्यमंत्री को अगर विदेश जाने की अनुमति मिलती तो वह 9 अगस्त तक विदेश में रहते। मुख्यमंत्री मान के अलावा विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां को भी विदेश जाने की अनुमति नहीं मिली। स्पीकर को एक सम्मेलन में भाग लेना था। पायल विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के विधायक एवं स्टेट स्तरीय हॉकी खिलाड़ी रहे मनविंदर सिंह ग्यासपुरा ने इसकी निंदा की। साथ ही भाजपा सरकार को सीधे तौर पर एक प्रकार की चुनौती भी दी। ग्यासपुरा ने कहा कि वे इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। क्योंकि पेरिस ओलंपिक में पंजाब के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

## मुख्यमंत्री बालासिनोर से रैयाली जाते हुए अपना काफिला रुकवा कर मॉडल स्कूल के बच्चों से मिले

**गांधीनगर।** मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने अपनी सहजता तथा बच्चों के प्रति अपने स्नेह का एक और प्रत्यक्ष उदाहरण शनिवार को गांधीनगर जिले के बालासिनोर की यात्रा के दौरान प्रस्तुत किया। भूपेन्द्र पटेल बालासिनोर में सिटी सिविक सेंटर का लोकापण कर वहाँ से रैयोली जा रहे थे। इस दौरान जब उनके काफिले के वाहन एक स्कूल के निकट से गुजर रहे थे, तभी मुख्यमंत्री का ध्यान सड़क के किनारे खड़े रह कर इन वाहनों को देख रहे बच्चों की ओर गया। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने इन बच्चों को देख कर तुरंत ही अपना काफिला रुकवा दिया और वे कार से उतर गए। काफिले के वाहनों के अचानक रुक जाने के कारण बच्चे सोच में पड़ गए। तभी मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल बच्चों के पास पहुँच गए। उन्होंने बच्चों से मिल कर उनका अभिवादन स्वीकार किया। इतना ही नहीं; मुख्यमंत्री ने इन बच्चों के बीच बैठ कर फोटो खिंचवाई तथा वरिष्ठ समान वात्सल्य भाव से बच्चों के साथ संवाद किया। उन्होंने इन बच्चों से उनके अभ्यास, क्लास रूम, स्कूल की सुविधाओं, माता-पिता तथा परिवार के विषय में पूछा। इन बच्चों के चेहरों पर भी मुख्यमंत्री से मिलने का आनंद दिखाई दे रहा था। इस दौरान ग्रामीणजनों ने भी मुख्यमंत्री की सहजता तथा बाल प्रेम देख कर आनंदपूर्ण आश्चर्य का अनुभव किया।

## मिजोरम के मुख्यमंत्री करेंगे कूकी-जो और मैतेई समुदायों के बीच बातचीत की मध्यस्थता

**आइजोल।** मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा पिछले करीब 16 महीने से मणिपुर में जारी हिंसा के मद्देनजर कूकी-जो और मैतेई समुदायों के बीच बातचीत की मध्यस्थता करेंगे। इसके लिए वे मणिपुर की राजधानी इंफाल जाएंगे। मुख्यमंत्री के करीबी सूत्रों के अनुसार मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में लालदुहोमा को मणिपुर आने का निमंत्रण दिया था। इसके बाद मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने कहा कि वह मणिपुर जाएंगे। हालांकि, उन्होंने दोनों समुदायों के बीच मध्यस्थता के सवाल पर कोई बात नहीं की। 28 जुलाई को नई दिल्ली में नीति आयोग की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री लालदुहोमा की मुलाकात गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह से हुई थी। लालदुहोमा ने गृहमंत्री शाह को सलाह दी थी कि वे मणिपुर के कुकी-जो के प्रतिनिधि संगठन इंडीजीनस ट्राइबल लीडर्स फोरम के प्रतिनिधियों के साथ गृहमंत्री शाह सीधे बातचीत करें। उल्लेखनीय है कि मणिपुर के मुख्यमंत्री सिंह ने गुरुवार को मणिपुर विधानसभा सत्र के दौरान कहा था कि मैतेई और कूकी-जो के बीच शांति वार्ता की जमीन तैयार हो रही है। शीघ्र ही किसी ठोस नतीजे पर पहुंच जाएगा। देखना यह है कि मिजोरम के मुख्यमंत्री द्वारा दोनों ही पक्षों के बीच मध्यस्थता का कोई असर होता है या नहीं।

## 35 लाख की लूट का मास्टरमाइंड 26 लाख के साथ पकड़ाया, साथियों की तलाश

इंदौर। चाकू की नोक पर कल दिनदहाड़े हुई पैंतीस लाख की लूट में पुलिस ने मुख्य षड्यंत्रकारी को गिरफ्तार कर छब्बीस लाख रूपए बरामद भी कर लिए हैं। लूट की घटना रोड़ कंस्ट्रक्शन कारोबारी के कर्मचारियों के साथ उस समय हुई थी जब वे रूपए से भरा बैग उसके घर रखने जा रहे थे। मामला लसूडिया थाना क्षेत्र का था और पुलिस ने उसी वक्त कर्मचारियों पर ही शंका जताई थी। मामले में पुलिस लूट के षड्यंत्र में शामिल पांच अन्य आरोपियों की भी तलाश कर रही है, जिनसे लूट की बाकी राशि बरामद की जा सके। घटना के बाद ही पुलिस ने शंका के चलते कंस्ट्रक्शन कारोबारी के कर्मचारी सोनू बौरासी को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो उसने साथियों के साथ वारदात करना कुबूल किया। बताया जा रहा है कि पुलिस पूछताछ के बाद वारदात में शामिल अन्य लुटेरों के नाम सामने आए हैं जिन्हें पकड़ने के लिए क्राइम ब्रांच सहित तीन टीमें उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। पुलिस के अनुसार घटनाक्रम इस प्रकार है कि स्कीम-78 स्थित देवकली कंस्ट्रक्शन कंपनी के डायरेक्टर रणवीर सिंह ने अपने कर्मचारी सोनू बौरासी और अशोक चौहान को 35 लाख रुपए ऑफिस से देकर घर ले जाने को कहा था। दोनों रणवीर के स्कीम-114 स्थित घर पैसे देने जा रहे थे।

# 15 दिनों में साफ होंगे बारापुला, सुनहरी और कुशक नाले

## उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने किया दौरा तो गंदगी से भरे मिले नाले, अधिकारियों पर जताई नाराजगी

- बाढ़ का पानी निकालने के लिए तीनों नाले अहम, मलबा, गाद व निर्माण एवं विध्वंस कचरा मिला
- जिला मजिस्ट्रेट को तस्वीरों के साथ सफाई कार्यों की दैनिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए

**एनसीआर समाचार**



**नई दिल्ली।** बाढ़ के पानी को शहर से निकालने के लिए बने बारापुला, सुनहरी और कुशक नाले 15 दिनों में साफ होंगे। रविवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना अधिकारियों के साथ नालों का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नालों को गंदगी से भरा हुआ पाया। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए 15 दिनों में नाले साफ करने का आदेश दिया।

अधिकारियों ने बताया कि निरीक्षण के दौरान एलजी को नालों में मलबा, गाद और निर्माण एवं विध्वंस कचरा मिला। इन नालों की सफाई कई वर्षों से नहीं हुई है। यह नाले बाढ़ के पानी को शहर से निकालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनमें सफाई न होने के कारण दक्षिण पूर्व और नई दिल्ली के बड़े हिस्से जलभराव का शिकार होते हैं। यह नाले निगम और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग से संबंधित हैं।

एलजी ने संबंधित जिला मजिस्ट्रेट को तस्वीरों के साथ सफाई कार्यों की दैनिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के स्वामित्व वाले बारापुला नाले में पुलिया के नीचे 12 खाड़ियों में से केवल पांच ही चालू पाई गईं। झुग्गियों के अतिक्रमण के कारण इनमें से एक खाड़ी भी बंद थी। सुनहरी नाले में छह में से तीन खाड़ियां पूरी तरह से बंद थीं। कुशक नाले में सात खाड़ियों में से केवल चार खुली पाई गईं।

**इनमें होता है जलभराव**

नाले जाम होने से पानी बैकफ्लो होता है। इससे निजामुद्दीन, लोधी रोड, जंगपुरा, सीजीओ कॉम्प्लेक्स और आसपास के हिस्सों जलभराव हो जाता है।

**हटाया जाएगा अतिक्रमण**

एलजी ने ऐतिहासिक एएसआई संरक्षित पुराने बारापुला पुल का दौरा किया तो अतिक्रमण मिला। उन्होंने डीएम (दक्षिण पूर्व) को आईएंडएफसी, एमसीडी, पीडब्ल्यूडी और एएसआई के साथ संयुक्त कार्रवाई करके अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया। साथ ही, एक सप्ताह के भीतर पुल को उसकी मूल स्थिति में बहाल करने का निर्देश दिया।

**नालों की घेराबंदी के निर्देश**

एलजी के निर्देश के बाद रविवार से ही नालों की सफाई शुरू हो गई। पहले दिन चार जेसीबी मशीनें लगाई गईं। साथ ही, एलजी ने अधिकारियों को नालों की घेराबंदी करने का भी निर्देश दिया, ताकि नालों में कूड़ा-कचरा और मलबा न डाला जा सके। उन्होंने अधिकारियों को सीसीटीवी कैमरों के जरिये नालों की निगरानी करने और नालों में कूड़ा डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा।

**तैयार हो दीर्घकालिक उपाय**

एलजी ने अधिकारियों को जलभराव की समस्या से निपटने के लिए दीर्घकालिक उपायों वाली एक व्यापक योजना बनाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि अभी तक जैसा होता आया है वह नहीं चलेगा।

# दिल्ली में हेल्थ अवेयरनेस पर वॉकथॉन मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने दिखाई हरी झंडी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेशनल वैस्कुलर डे से पहले वैस्कुलर सोसाइटी ऑफ इंडिया (वीएसआई) द्वारा एक वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इसे सड़क, परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने हरी झंडी दिखाई। कार्यक्रम में सांसद योगेंद्र चंदोलिया, लेफ्टिनेंट जनरल साधना एस नायर, वीएसएम, डीजीएमएस (सेना) भी उपस्थित व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इसमें दिल्ली से 3,000 प्रतिभागियों और 29 शहरों के कुल 15,000 प्रतिभागियों ने भाग लिया



इस पहल पर वैस्कुलर सोसाइटी ऑफ इंडिया के सचिव डॉ. तपीश साहू ने कहा, "हमारा उद्देश्य वैस्कुलर स्वास्थ्य देखभाल ढांचे की स्थापना करके उसे आगे बढ़ाना है। पूरे देश में जबरदस्त प्रतिक्रिया बहुत उत्साहजनक है। इतने महत्वपूर्ण उद्देश्य के लिए इतने सारे लोगों को एक साथ आते देखना प्रेरणादायक है। वहीं मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि जागरूकता बढ़ाकर और निवारक उपायों को बढ़ावा देकर, कई व्यक्तियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार ला सकते हैं। सरकार ऐसे प्रयासों का पूरा समर्थन करती है जिनका उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ाना है।

# राहगीरों के लिए दिल्ली की सड़कें सुरक्षित नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की सड़कें राहगीरों के लिए सुरक्षित नहीं है। सुप्रीम कोर्ट की रोड सेफ्टी कमेटी की ओर से कराए गए ऑडिट रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली की महज 25 फीसदी फुटपाथ ही राहगीरों के लिए उपयुक्त है, जबकि 16 फीसदी फुटपाथ की चौड़ाई इंडियन रोड कांग्रेस के मानकों के अनुरूप है। यातायात के लिहाज से 150 जंक्शन (जहां दो या इससे अधिक सड़कें मिलती हैं) खतरनाक हैं। लोक निर्माण विभाग ने इसपर संज्ञान लेते हुए एक इंजीनियरिंग सेल का गठन किया है।

लोक निर्माण विभाग ने सुप्रीम कोर्ट की रोड सेफ्टी कमेटी के आधार पर बीते साल जुलाई से नवंबर 2023 के बीच आईआईटी दिल्ली के साथ मिलकर सड़कों का सुरक्षा के लिहाज से ऑडिट किया। ऑडिट के बाद रिपोर्ट में सामने आया कि दिल्ली की 150 सड़क जंक्शन यातायात के लिहाज से सुरक्षित नहीं है। रिपोर्ट में फुटपाथ की स्थिति, डिजाइन और साइनेज को लेकर भी सवाल उठाया गया है। इसके मुताबिक 46 फीसदी जोन ऐसे मिले जहां यातायात को सुरक्षित चलाने के लिए जरूरी कदम नहीं उठाए गए थे।

रिपोर्ट में सड़क सुरक्षा को लेकर जो सवाल उठाए गए हैं, उसके मुताबिक 69 फीसदी रोड साइनेज इंडियन रोड कांग्रेस के मानकों के अनुरूप नहीं हैं। 84 फीसदी फुटपाथ की चौड़ाई तय मानकों के अनुरूप नहीं है। सिर्फ 25 फीसदी फुटपाथ ही लोगों के लिए चलने के योग्य मिली है। रिपोर्ट के आधार पर सुप्रीम कोर्ट की रोड सेफ्टी कमेटी ने विभाग को सड़कों को ठीक करने का निर्देश दिया है। लोक निर्माण विभाग ने पहले चरण में 84 जंक्शन पर काम करेगी।

**खामियों को दूर किया जाएगा**

सड़कों की ऑडिट रिपोर्ट में आई खामियों को लोक निर्माण विभाग दूर करेगा। इसके लिए चार वरिष्ठ अधिकारियों की इंजीनियरिंग सेल का गठन किया है। पहले चरण में 51 जंक्शन को ठीक किया जाएगा। इसके लिए 17 इंजीनियरों को तैनात किया गया है। एक इंजीनियर तीन जंक्शनों को सुधारने का काम करेंगे। वहां सड़क सुरक्षा के लिए जरूरी साइनेज, रोड पर साइनेज लगाना और सड़कों पर जरूरी मार्किंग लगाने की जिम्मेदारी होगी।

# आप शासित नगर निगम हर मोर्चे पर हो रही हैं असफल : राजा इकबाल सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष व पूर्व महापौर श्री राजा इकबाल सिंह ने बताया कि दिल्ली के माननीय उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के नेतृत्व में दिल्ली के नागरिकों को सुविधाएँ मिल पा रही है और विकास कार्य हो रहे हैं। वही आम आदमी पार्टी शासित दिल्ली नगर निगम और दिल्ली सरकार ने सभी व्यवस्थाओं को ठप कर दिया है। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी शासित दिल्ली नगर निगम की विफलता के कारण कुछ दिनों पहले ओल्ड राजेंद्र नगर के एक कोचिंग इंस्टिट्यूट में पानी भरने के कारण तीन छात्रों की मृत्यु हो गई थी, अब दिल्ली सरकार की विफलता के कारण आशा किरण शेल्टर होम में 14 मानसिक दिव्यांगों की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी हमेशा अपनी नाकामियों का ठीकरा दूसरों के सिर पर फोड़ने का कार्य करती है। आम आदमी पार्टी के नेता और मंत्री कभी भी किसी विफलता की नैतिक ज़िम्मेदारी नहीं लेते हैं उनके पास हमेशा अपनी नाकामियों का बहाना तैयार रहता है। राजा इकबाल सिंह ने बताया कि ओल्ड राजेंद्र नगर के कोचिंग इंस्टिट्यूट में छात्रों की मृत्यु की ज़िम्मेदारी सीधे तौर पर वहाँ के विधायक दुर्गेश पाठक और निगम पार्षद की। इस घटना के बाद से ही विधायक और पार्षद जनता के सवालों से भागते नजर आ रहे हैं जो दशार्ता है कि नालों की सफाई में हुए भ्रष्टाचार में सीधे तौर पर इनका हाथ है। श्री सिंह ने बताया कि जहाँ एक और आम आदमी पार्टी शासित दिल्ली नगर निगम और दिल्ली सरकार विफल नजर आती है वहीं दूसरी ओर दिल्ली के उपराज्यपाल और हर मोर्चे पर स्थिति को संभालते नजर आते हैं। दिल्ली में जल भराव की स्थिति हो या जल संकट हो हर मोर्चे पर उपराज्यपाल महोदय सबसे आगे खड़े नजर आते हैं ताकि दिल्ली के नागरिकों को किसी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने बताया कि दिल्ली में यदि नागरिकों को सुविधाएँ मिल पा रही है तो वो सिर्फ. उपराज्यपाल की बदौलत मिल पा रही है। आम आदमी पार्टी की दिल्ली नगर निगम और दिल्ली सरकार ने तो दिल्ली में नागरिकों को मिलने वाली सभी सुविधाओं को ठप कर दिया है।

# न्यूरोथैरेपी ट्रीटमेंट से हर असाध्य रोग का उपचार संभव

**दीपक शर्मा**

**फरीदाबादः** रविवार, 4 अगस्त 2024 को न्यूरोथैरेपी उपचार केंद्र बी 313 ग्रीन फील्ड कॉलोनी फरीदाबाद ने एक मुक्त उपचार शिविर का आयोजन प्रेम वाटिका ए ब्लॉक ग्रीन फील्ड में किया। यह उपचार शिविर केंद्र की संचालिका मास्टर न्यूरोथेरेपिस्ट अंजू शर्मा के निरीक्षण में किया गया। इस शिविर में 106 कॉलोनी वासियों ने शुगर, बी.पी का टेस्ट और कंधा, कमर, घुटने दर्द के साथ अन्य भी कई बिमारियों के उपचार का लाभ लिया।

न्यूरोथैरेपी पद्धति एक दवा मुक्त उपचार पद्धति है। इस पद्धति के जनक स्वर्गीय डॉक्टर लाजपत राय मेहरा है। इस पद्धति से न जाने कितने ही लोगों का बिना किसी दवाई और इंजेक्शन के दर्द रहित उपचार हुआ है। इस उपचार में मांसपेशियों और नसों पर विशेष बल दिया जाता है और बिना किसी मशीन की सहायता के आसानी महज कुछ ही दिनों में मरीज स्वस्थ हो जाता है।

यह शिविर सुबह 6:00 बजे से सुबह के 9:00 बजे तक आयोजित किया गया था। सभी कॉलोनी वासियों ने इस शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपना स्वास्थ्य लाभ लेते हुए भविष्य में केंद्र से उपचार करने के लिए संकल्प लिया। इस शिविर में प्रमुख रूप से दीपक गुप्ता, हरीश एवं भाटिया ने आयोजन पक्ष पर अपनी क्षमता से अधिक योगदान दिया।





इस शिविर में दिल्ली के प्रशिक्षित व अनुभवी न्यूरोथेरेपिस्ट दीपक शर्मा, हिमांशु प्रजापति व सुषमा शर्मा, सलोनी, भावना एवं गायत्री ने आए हुए सभी बंधुओं का उपचार बहुत ही लगन से किया। अंजू शर्मा ने बाद में सभी को संबोधित करते हुए कहा कि, भविष्य में भी इस प्रकार के मुफ्त उपचार शिविर न्यूरोथैरेपी सेंटर द्वारा समय-समय पर आयोजित किए जाएंगे। समाज में इस थेरेपी के द्वारा स्वास्थ्य लाभ लेने की प्रवृत्ति बढ रही है और समाज इससे कई तरिके से लाभान्वित हो रहा है। भविष्य में इस केंद्र पर न्युरोथैरेपी प्रशिक्षण की सुविधा भी शुरू की जाएगी जिससे युवक और युवतियां इस इस थैरेपी को सीख कर जीवन में अपना आजीविका स्वयं चला सके।

## हेल्थ मिनिस्टर सौरभ भारद्वाज ने एलजी पर लगाया आरोप

# दिल्ली के अस्पतालों में षड्यंत्र के तहत रिक्त पदों पर नहीं हो रही भर्ती

**एनसीआर समाचार**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में 292 डॉक्टर और 234 स्पेशलिस्ट की जगह खाली है। दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने रविवार को कहा कि पिछले 1 साल में उन्होंने कई बार एलजी विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में रिक्त पदों को भरने की मांग की। कहा कि यूपीएससी के जरिए मेडिकल और पैरामेडिकल स्टाफ की भर्ती में लंबा समय लगेगा। ऐसे में डॉक्टरों को कॉन्ट्रैक्ट बेस पर रखा जाए। कई बार पत्र लिखने के बावजूद षड्यंत्र के तहत अस्पतालों में मेडिकल और पैरामेडिकल के रिक्त पदों पर भर्ती नहीं की जा रही है।



स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा डॉक्टर्स व स्पेशलिस्ट्स की कमी की वजह से मरीज को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली में आसपास के राज्यों के लोग भी बड़ी उम्मीद से इलाज करने के लिए आते हैं। लेकिन गरीब लोगों को इलाज से वंचित किया जा रहा है। दिल्ली सरकार के अस्पतालों में षड्यंत्र के तहत डॉक्टर्स, स्पेशलिस्ट्स, नर्सेस, एएनएम, ओटी टेक्नीशियन की भर्ती को रोक रखा है।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि उपराज्यपाल की तरफ से कहा गया कि दिल्ली में खाली पदों को भरने की जिम्मेदारी चुनी हुई सरकार की है। यह सुनकर मैं हैरान रह गया। यह काम सीधे तौर पर दिल्ली के उपराज्यपाल का है और उनके अधीन आने वाले विभाग का है। 19 अप्रैल 2023 को मैंने पहली बार उपराज्यपाल को पत्र लिखा। पत्र में कहा कि दिल्ली के अस्पतालों में 292 जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर्स यानी की एमबीबीएस डॉक्टर की जगह खाली है। इसके साथ ही 234 स्पेशलिस्ट्स की कमी है।

**कॉन्ट्रैक्ट बेस पर डॉक्टर को रखने के लिए लिखा पत्र**

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मैंने पत्र में उपराज्यपाल से कहा कि यूपीएससी के जरिए इन डॉक्टरों की भर्ती में बहुत समय लग जाएगा। ऐसे में कॉन्ट्रैक्ट पर डॉक्टर को हायर कीजिए। 2 माह बाद 6 जून को मैंने दोबारा उपराज्यपाल को डॉक्टरों की कमी को लेकर पत्र लिखा और एक साल के लिए डॉक्टर को कॉन्ट्रैक्ट पर हायर करने की अपील की। इसके बाद मैंने एक-एक अस्पताल के हेड को बुलाकर मैंने मीटिंग की। साथ ही काम की पूरी डिटेल्स निकाली। पता चला कि स्टाफ के अभाव में ऑपरेशन नहीं हो पा रहे हैं। करोड़ों रुपये की मशीनें खड़ी पड़ी हैं। अस्पतालों की पूरी डिटेल्स के साथ मैं 15 पेज की चिट्ठी उपराज्यपाल को लिखी।

**किस पोस्ट के लिए कितने प्रतिशत पोस्ट खाली**

स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि एक-एक अस्पतालों के साथ बैठक करने के बाद पूरी डिटेल रिपोर्ट तैयार की गई। इसके बाद पता चला कि डॉक्टर की 30 प्रतिशत पोस्ट खाली है। डेंटल सर्जन की 61 प्रतिशत पोस्ट खाली है। नर्स और फार्मासिस्ट की 20 व 33 प्रतिशत पोस्ट खाली है। ओटी टेक्नीशियन लैब टेक्नीशियन, सीएंडएसडी टेक्नीशियन, ईसीजी टेक्निशियन, पोस्टमार्टम टेक्नीशियन की 1600 पोस्ट खाली हैं, लेकिन डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ हायर नहीं किए गए।

**नए अस्पतालों के लिए कहां से आएंगे डॉक्टर**

स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि प्रिंसिपल हेल्थ सेक्रेट्री को 26 जून को दोबारा पत्र लिखा, जिसमें मैंने लिखा कि दिल्ली सरकार के कई हॉस्पिटल बना रहे हैं जिसमें 14000 नए बेड होंगे। लेकिन अस्पतालों को चलाने के लिए जो स्टाफ चाहिए वह नहीं है। लेकिन हेल्थ सेक्रेटरी की तरफ से कोई जवाब नहीं आया। इसके बाद 26 जुलाई को मैंने दोबारा उपराज्यपाल को पत्र लिखा और रिक्त पदों पर कॉन्ट्रैक्ट बेस पर ही भारती करने की मांग की जिससे कि अस्पताल चल सकें। अभी हाल में हाईकोर्ट ने एक कमेटी बनाई और उसे कमेटी के भी जांच में यही सामने आया कि डॉक्टर स्पेशलिस्ट और पैरामेडिकल स्टाफ की बेहद कमी है।

## एक नजर

### लड़कियों के आधार कार्ड में हेरफेर करने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कमला मार्केट पुलिस ने कोठे पर रखी गई नाबालिगों के आधार कार्ड में हेरफेर करने वाले शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 34 वर्षीय लाला राम के तौर पर हुई है। कोठा संचालिका ने पुलिस से बचाने के लिए किशोरियों का नकली आधार कार्ड बनवाया था। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने रविवार को बताया कि कमला मार्केट पुलिस ने नियमित जांच के दौरान कोठा संख्या 59 का दौरा किया था। पुलिस को दो किशोरियां मिलीं थी, लेकिन उन्हें वयस्क बताया जा रहा था। इसके लिए उनके आधार कार्ड भी दिखाए गए थे। पूछताछ में किशोरियों ने अपनी उम्र 17 वर्ष बताई तो पुलिस ने उन्हें बाल संरक्षण गृह में भर्ती कराया। पूछताछ में मालूम हुआ कि किरन नाम की महिला ने उन्हें यहां बेचा था। पुलिस ने किरन को दबोचा। पूछताछ में किरन ने बताया कि मलका गंज निवासी लाला राम से आधार कार्ड में हेराफेरी कराई थी। दरअसल, लाला राम से स्वामी श्रद्धानंद मार्ग स्थित कोठों में रहने वाली महिलाएं बिजली एवं मोबाइल बिल जमा करवाती थीं। इसी दौरान वह किरन के संपर्क में आया था। पुलिस ने 19 जुलाई को छापा मारकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से छह आधार कार्ड की फोटो कॉपी बरामद हुई है।

### रोडरेज में बीचबचाव करने पर चाकू से हमला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जाफराबाद इलाके में गुरुवार को रोडरेज के मामले में बीच बचाव करने पर एक व्यक्ति पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित को ई-रिक्शा चालक से गाली-गलौच कर रहे बाइक सवार युवक का विरोध करना भारी पड़ गया। आरोपी ने पहले पीड़ित को जमकर पीटा और फिर चाकू से हमला कर मौके से भागने लगा। हालांकि, भीड़ ने आरोपी को दबोच कर पुलिस को घटना की जानकारी दी। लोगों ने घायल अख्तर बेग को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित के बयान पर मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी की पहचान साहिबाबाद निवासी मुस्तफा के रूप में हुई है। इसके पास से वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद किया गया। अख्तर बेग ने बताया कि वह परिवार के साथ जाफराबाद में रहते हैं। वह एक निजी कंपनी में काम करते हैं। एक अगस्त की शाम वह इलाके में मौजूद एक दुकान से सामान लेकर ई-रिक्शा से घर लौट रहे थे। इस बीच पीछे से एक बाइक सवार आया और ई-रिक्शा चालक से गाली-गलौच करने लगा। पीड़ित ने बीच बचाव की कोशिश की। इस पर बाइक सवार भड़क गया और बाइक को ई-रिक्शा के आगे लगा दिया। इसके बाद आरोपी ने उन्हें रिक्शे से उतार कर पीटा। मारपीट के दौरान आरोपी ने उनके ऊपर चाकू से हमला कर दिया।

### ई-रिक्शा बैटरी में विस्फोट से दो झुलसे, एक गंभीर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पहाड़गंज इलाके में शनिवार रात को ई-रिक्शा बैटरी में विस्फोट से गोदाम में आग लग गई। इस हादसे में दो युवक झुलस गए, जिसमें एक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार मुल्तानी ढांडा स्थित मकान के ग्राउंड फ्लोर पर कूरियर कंपनी ने अपना गोदाम बनाया हुआ है। इसी गोदाम में ई-रिक्शा की बैटरी को चार्ज में लगाया गया था। बताया जाता है कि रात को बैटरी में चार्जिंग के समय तेज विस्फोट हुआ और इमारत में आग लग गई। इस दौरान वहां मौजूद कुलदीप और मोनू विस्फोट की वजह से झुलस गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को लेडी हार्डिंग अस्पताल में भर्ती कराया, जहां कुलदीप की हालत गंभीर होने की वजह से आरएमएल अस्पताल भेज दिया गया। डॉक्टर के अनुसार, कुलदीप 80 और मोनू 30 फीसदी झुलसा है। दोनों मूलरूप से झारखंड के रहने वाले हैं। वहीं, आग लगने की सूचना मिलने पर दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने आधे घंटे में आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एसआई विक्रम को मामले की जांच सौंपी गई है।

### इंस्पेक्टर से लूटपाट करने वाला बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोतवाली पुलिस ने यूपी पुलिस के इंस्पेक्टर से गला दबाकर लूटपाट करने के मामले में फरार बदमाश को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस अब तक इस मामले में दो बदमाशों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। अभी एक आरोपी की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार पीड़ित मुजफ्फरनगर में तैनात हैं। वह अपनी आंख का इलाज कराने के लिए 14 मार्च को दिल्ली आए थे। लाल किला से पैदल वह दरियागंज स्थित नेत्र चिकित्सालय जा रहे थे, तभी बदमाशों ने गला दबाकर 12 हजार रुपये और कागजात आदि लूट लिए। डीसीपी मनोज कुमार मीना ने बताया कि वारदात में शामिल खेमपाल एवं सूरज को 20 मार्च को गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन सरगना मुकेश गायब था। इस बीच लाल किला चौकी प्रभारी सत्येंद्र सिंह को सूचना मिली कि मुकेश अंगूरी बाग इलाके में वारदात को अंजाम देने के लिए आया है। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

### महिला पर गोली चलाने वाले नाबालिग को पकड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आनंद विहार पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक मामले में शनिवार को एक नाबालिग को पकड़ा है। आरोपी नाबालिग ने बाहरी दिल्ली के अलीपुर इलाके में एक महिला पर गोली चलाई थी। इसके बाद से वह फरार था। गनीमत रही कि महिला की जान बच गई। पुलिस ने इसके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल तमंचा बरामद कर लिया है। जांच में इसके खिलाफ हत्या के प्रयास के अलावा आनंद विहार थाने में चोरी के चार ई-एफआईआर दर्ज मिले हैं। शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बरेली का रहने वाला है। हालांकि, दिल्ली में चांदनी चौक गुरुद्वारा के आसपास रहता था और इसका कोई निश्चित ठिकाना नहीं था। ये भीड़ भाड़ वाले इलाकों में लोगों की जेब काटने, कारों की बैटरी चोरी करने के साथ ही तमंचा दिखाकर लूट को अंजाम देता था। 27 जुलाई को इसने बाहरी उत्तरी दिल्ली के अलीपुर इलाके में पुरानी रंजिश में एक महिला पर गोली चला दी थी।

### त्रिलोकपुरी में पानी लेने गए युवक को बदमाशों ने मारा चाकू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में चाकूबाजी की घटनाएं नहीं थम रही है। पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार थाना इलाके के त्रिलोकपुरी में दोस्त के साथ पानी लेने जा रहे 17 साल के लड़के पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल लड़के को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायल लड़के की पहचान ध्रुव उर्फ लड्डू के तौर पर हुई है। वह परिवार के साथ त्रिलोकपुरी के 28 ब्लॉक का रहने वाला है। घायल ध्रुव की मां गीता ने बताया कि ध्रुव प्राइवेट जॉब करता है। शनिवार देर शाम को ड्यूटी से लौटा था। उन्होंने उसे पानी लाने के लिए भेजा था। वह अपने दो दोस्तों के साथ बाइक से पानी लाने जा रहा था। 32 ब्लॉक के पास से कुछ लड़कों ने ध्रुव और उसके दोस्तों को घेर लिया और ध्रुव को चाकू मार कर घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल हालत में ध्रुव को कल्याणपुरी के लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में ले जाया गया। जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने उसे दिलशाद गार्डन के जीटीबी अस्पताल में रेफर कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि 32 ब्लॉक का रहने वाला नाजिम नाबालिग लड़कों का गैंग चलाता है।

# उत्तर प्रदेश: हादसे के शिकार एक्सीडेंट में आमने-सामने से एक्सीडेंट के बाद दोनों की हो गई मृत्यु

मोहम्मद राशिद



**उत्तर प्रदेश:** मुरादाबाद गजरौला संवाददाता बायको की आमने-सामने की पेमेंट में मुरादाबाद निवासी धोखा वालों की मौत हो गई जानकारी पर परिवार में कोहराम मच गया पुलिस ने सभा को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मुरादाबाद के नागपुरी थाना क्षेत्र के बंगला गांव निवासी पंकज 30 बुद्ध देवकीनंदन गुरुवार दिन रात बाइक से बृजघाट का ऑनलाइन जा रहा था जबकि बिलारी थाना क्षेत्र के जलगांव निवासी सॉन्ग 27 पुत्र सुरेंद्र बाइक से कमर लेकर वापस दौड़ रहा था।

इसी दौरान नेशनल हाईवे पर गजरौला में दोनों भाई को भी आमने-सामने से टक्कर हो गई हादसे में दोनों कॉमेडी गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुंचे पुलिस ने रागियों की मदद से गैर कांवरिया को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने दोनों की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हर सेंटर रेफर कर दिया जिसके बाद दोनों को मुरादाबाद के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया उपचार के दौरान दोनों कानूनियों की मौत हो गई जानकारी पर उनके परिजनों में कोहराम मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभा को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया चोपड़ा चौकी इंचार्ज कुमार के मोतीपुर मेट्रो के बादशाहों को परिजनों को सौंप दिया बताया की तैयारी मिलने पर जांच कर आगे कार्रवाई की जाएगी वहीं हादसे की वजह दोनों भाई को भी तेज रफ्तार को बताया जा रहा है।

मुरादाबाद अमरोहा के गजरौला में बैकों की टक्कर में जान गंवाने वाला नागफनी के बंगला गांव निवासी पंकज दिवाकर 30 अपने माता-पिता की इकलौती संतान था उसके पिता देवकीनंदन कपड़े की ढुलाई और प्रेस का काम करते हैं जबकि पंकज दवा कंपनी में नौकरी करता था परिवार में उसकी पत्नी पलक आठ साल की एक बेटी डिंपल और 6 साल का बेटा शाम में सभी का रोल होकर बड़ा रहता है रे भाई सामने बताया कि पंकज के सब का अंतिम संस्कार किया गया बताते चलें कि ना अपनी क्षेत्र के ही दौलत बाग निवासी दो दोस्तों की सावन के पहले सोमवार के दिन अमरोहा के राजपुर थाना क्षेत्र में यहां से मौत हो गई थी।

## झमाझम बारिश से किसानों के खिले चेहरे, खेतों में लौटी रौनक



आनंद कुमार

**उत्तर प्रदेश:** सोनभद्र जिले सहित आसपास के क्षेत्र में 24 घंटे से हो रही झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे पर खुशहाली झलक रही है। काफी दिनों से इंतजार के बाद बारिश होने से किसानों मे धान सहित अन्य खरीफ फसलों के खेती होने की नई उम्मीद जगी है। किसान अपने-अपने खेतों के मेढ़ सही करने में जुट गए हैं।

जिन खेतों में खेती योग्य पानी जमा हो चुकी है, पहले से किसान अपने खेतों में धान का बीज डाल चुके हैं, वहां पर धान की बिछड़े उखाड़ने व रोपाई का काम शुरू कर दिया गया है। खेतों की जुताई ट्रैक्टर द्वारा जोर-शोर से शुरू हो गई है। किसानों का कहना है कि अभी जोरदार बारिश नहीं हुई है। जिस प्रकार शुक्रवार से बारिश हो रही है इसी प्रकार एक सप्ताह तक लगातार बारिश हुई तो अच्छी खेती हो सकेगी।

किसानों के इस बारिश से किसानो की उम्मीद बढ़ गई है। बारिश के कारण फसलों की अच्छी पैदावार की उम्मीद है और किसानों ने खेतों में फसलों की अच्छी पैदावार की उम्मीद जताई है। इस बारिश ने खेतों को भी एक नया जीवनदान दिया है।

## उत्तर प्रदेश: यूथ कांग्रेस के लम्भुआ विधानसभा अध्यक्ष संतोष वर्मा की जेल से हुई रिहाई

एनसीआर समाचार



**उत्तर प्रदेश:** पुलिस मुख्यालय के सामने अनुराग ठाकुर का पुतला फूंकने पर नगर कोतवाली पुलिस द्वारा युवा कांग्रेस के लम्भुआ विधानसभा अध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा और उपाध्यक्ष आशीष पाण्डेय को जेल भेजने पर कांग्रेस नेताओं ने कड़ी आपत्ति जाहिर की थी नगर पालिका के पूर्व प्रत्याशी वरुण मिश्र ने कल बयान जारी कर कहा कि जिले के मुखिया पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा भाजपा नेताओं के इशारे पर जनता के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वर्षों से 1 ही कुर्सी पर अपनी सेटिंग गेटिंग से जमे सोमेन वर्मा ने बीजेपी नेताओं के लिए अलग कानून बना रखा है और कांग्रेस अथवा अन्य पार्टियों के कार्यकर्ताओं के लिए अलग कानून बना रखा है कुछ दिन पहले नेता विपक्ष का पुतला फूंका गया था तो कप्तान साहब कुंभकर्णी निद्रा में सो रहे थे और आज बीजेपी नेता अनुराग ठाकुर का पुतला फूंकते ही वो जाग उठे,जिले के कप्तान को कांग्रेसियों का मशाल जुलूस अराजक लगता है लेकिन बीजेपी के लोग जब मशाल जुलूस निकालते है तो पुलिस के कप्तान साहब को दिखाई ही नहीं देता उन्होंने कहा कि ये दोहरा रवैया नहीं चलेगा किसी भी घटना का अनावरण न कर पाने वाली पुलिस अब आवाज उठाने वालों को जेल भेजने के लिए तैयार रहती है उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता अब चुप नहीं रहने वाले और जेल भरो आंदोलन की तैयारी के बाद पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी को शायद कुछ सद्बु-द्धि आ गई हो सूचना प्रदेश नेतृत्व को दे दी गई थी ।

जिले के कप्तान की कारगुजारियों की शिकायत राहुल गाँधी जी से भी की जाएगी और संसद मैं भी इस पर सवाल उठेगा और जब सवाल उठेगा तो बवाल भी मचेगा जब ढउ्अ के लोग सोशल मीडिया पर एक्टिव हुए तो आज समय रहते इस मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने रिहा करने का आदेश दिया संतोष कुमार वर्मा निवासी ग्राम जटुवापुर (सुल्तानपुर) और आशीष पाण्डेय को देर शाम रिहा कर दिया गया इस बात की भनक जब ग्रामीणों को लगी तो ग्रामीणों में खुशी का माहौल जगा वही वरुण मिश्रा ने अपने निजी वाहन से उनके पैतृक निवास लम्भुआ विकासखंड के अंतर्गत जाटूपुर जिले की कार्यकारिणी के साथ जिले से रवाना हुए ।

लम्भुआ चौकिया मोड़ पर वीर अब्दुल हमीद पार्क पर शाहिद को माल्यार्पण करते हुए विचित्र मूर्ति दिखाई दी जो सीधे-सीधे शहीद को चिढ़ा रही है प्रणाम की मुद्रा में देखकर वरुण मिश्रा ने जनता को यह आश्वासन दिलाया कि मैं इस प्रकरण को लेकर जिलाधिकारी से तत्काल बात करूंगा वहीं क्षेत्रीय लोगों द्वारा सुल्तानपुर तिकोनिया पार्क जैसा झंडा लगवाने के लिए भी आग्रह किया जनता की आवाज पहुंचने के लिए उन्होंने पूरा समर्थन किया और विश्वास दिलाते हुए इस बात के लिए भी सांसद और जिलाधिकारी से बात करने भी बात कही वहीं लोगों ने जोरदार स्वागत किया और तमाम लोगों ने माल्यार्पण भी किया सत्यम वर्मा मनोज वर्मा शोभनाथ यादव चंदन यादव, भीम यादव, प्रिंस यादव, सुरेश वर्मा, दिनेश यादव संजय यादव मौजूद रहे साधु उपाध्याय और अधिवक्ता सत्यपाल यादव ने भी पूरे जोश के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## बदायूं में ट्रैक्टर ट्राली पलटने से एक कांवड़िये की मौत,तीन घायल

एनसीआर समाचार

**बदायूं।** जिले के मुजरिया थाना क्षेत्र के ज्योरा सेंटर के पास बुधवार देर रात कांवड़ियों से भरा ट्रैक्टर ट्राली पलटने से एक कांवड़िये की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीन कांवड़ियें गंभीर रूप से घायल हो गए। घायला कांवड़ियों को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है।पुलिस ने हादसे में जान गंवाने वाले कांवड़िये के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

दरअसल सावन के पर्व को लेकर बिसौली कोतवाली के बिसौली कस्बा स्थित परवेज नगर मोहल्ले से एक ट्रैक्टर ट्राली में डीजे लगाकर कुछ कांवड़ियें कछला गंगा घाट पर जल लेने आए थे। इनमें परवेज नगर के अमित पुत्र रामप्रसाद, पप्पू पुत्र रामप्रसाद, अंशुल पुत्र महेश विशाल पुत्र मुन्नालाल निवासी अहमदपुर चंदौसी शामिल थे। सभी लोग कछला गंगा घाट से स्नान करने के बाद जल लेकर ट्रैक्टर ट्राली से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान बिल्सी कछला रोड स्थित ज्योरा सेंटर पर डीजे लगी कांवड़ियों से भरी ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई।

इस हादसे में ट्रैक्टर सवार अमित पुत्र रामप्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पप्पू पुत्र रामप्रसाद, अंशुल पुत्र महेश, विशाल पुत्र मुन्नालाल गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां तीनों कांवड़ियों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। उधर ट्रैक्टर ट्राली पलटने से हुई कांवड़िये अमित की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया है।

## वाराणसी में ज्ञानवापी के बाहर नमाजियों ने किया हंगामा

### नमाज पढ़ने से किया इंकार, गेट का चौखट हटाने की मांग, मुफ्ती बोले- ये मनमानी

एनसीआर समाचार



**वाराणसी।** वाराणसी में शुकवार को सावन की शिवरात्रि और जुमे की नमाज को लेकर ज्ञानवापी के बाहर 500 से ज्यादा नमाजियों ने सड़क पर इकठ्ठा होकर हंगामा शुरू कर दिया। नमाजियों ने ज्ञानवापी में नमाज पढ़ने से इंकार कर दिया है। उन्होंने गेट के चौखट को हटाने की मांग की है। काशी विश्वनाथ मंदिर के बाहर अस्थायी गेट बनाने के मामले को लेकर मुस्लिमों ने जुमे पर ज्यादा से ज्यादा नमाजियों के आने की अपील कर दी है।

सूचना पर अधिकारी मौके पर पहुंचे तो मुस्लिम पक्ष से नोंकझोक भी हो गई। अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी ने ऐतराज के बाद गेट लगाने का काम रुकवा दिया। कमेटी के लोगों ने कहा कि बिना सहमति के कोई भी नया काम नहीं हो सकता है, मस्जिद में मुस्लिमों का प्रवेश रोकने के लिए यह प्रशासन का षड़यंत्र है।

नमाजियों का कहना है कि जब तक चौखट हटाई नहीं जाती, तब तक वह नमाज नहीं पढेंगे। इस दौरान नमाजियों से पुलिस की थोड़ी नोंक झोंक भी हुई। कहना है कि प्रशासन ने अस्थायी गेट को तो हटा दिया है, लेकिन अभी तक उसकी चौखट नहीं हटाई गई है। इससे पहले गुरुवार की शाम नमाजियों ने काशी विश्वनाथ गेट नं० 4 के बाहर अस्थायी गेट बनाने से नाराज होकर जबरदस्त तरीके से प्रदर्शन किया था। जिसके बाद प्रशासन ने बेकफूट पर आकर गेट बनाने को फैसले को वापस ले लिया था। बावजूद इसके गुरुवार को भी नमाजियों का गुस्सा शांत नहीं हुआ है। शहर मुफ़्ती डॉ. अब्दुल बातिन नोमानी ने कहा कि यह प्रशासन की मनमानी है।

शहर मुफ़्ती डॉ. अब्दुल बातिन नोमानी ने कहा कि कल भी हमने गेट बनाने का विरोध किया था, आज भी कर रहे हैं। विरोध के बाद गेट तो नहीं लगने दिया गया, लेकिन जितना काम हो चुका है, उसे भी हटवाया जाय। अस्थायी गेट की बुनियादी चौखट भी हटाई जाय।

वही एडीएम सिटी ने मुस्लिम समाज के लोगों को गुरुवार को आश्वासन दिया कि आपकी सारी मांगें पूरी होंगी। रात 1 बजे तक सभी गेट हटाये जाएंगे। बावजूद इसके मुस्लिम इंतजार करते रहे, अब एडीएम सिटी खुद ही कह रहे हैं कि गेट तो नहीं लग पाएगा, लेकिन जो बन गया है, वो नहीं हट पाएगा।

## सवा लाख किसानों को 71 करोड़ का 'योगी मरहम'

### योगी सरकार बाढ़ प्रभावित इलाकों को जारी कर चुकी है अब तक 150 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि

- अब तक 71 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे के लिये की गई वितरित

एनसीआर समाचार

**लखनऊ।** अन्नदाता किसानों की आय में वृद्धि के साथ ही किसी आपदा में उन्हे होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए भी योगी सरकार प्रतिबद्ध है। प्रदेश में बाढ़ की वजह से फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए योगी सरकार ने अब तक 150 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि जारी की गई है। यह धनराशि क्षतिग्रस्त फसलों को मुआवजा देने के लिए जिलों की डिमांड पर जारी की गई है। वहीं अब तक सवा लाख से अधिक किसानों को उनकी क्षतिग्रस्त फसलों के लिए 71 करोड़ रुपए से अधिक का मुआवजा दिया जा चुका है। इसमें सबसे अधिक लखीमपुर खीरी के 70 हजार से अधिक किसानों को 47 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है।

सबसे अधिक लखीमपुर खीरी में दिया गया 47 करोड़ रुपए का मुआवजा

राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के बाढ़ग्रस्त इलाकों में लगातार क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे किया जा रहा है, ताकि किसानों को समय से मुआवजा दिया जा सके। उन्होंने बताया कि नेपाल और पहाड़ी क्षेत्रों से छोड़े गये पानी से प्रदेश के 18 जिलों की 82126.50 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई। वहीं सर्वे के दौरान वास्तविक क्षतिग्रस्त फसल 29,243.74 हेक्टेयर पायी गयी। बता दें कि सरकार की ओर से बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और बाढ़ से क्षतिग्रस्त 33 प्रतिशत से अधिक फसल के नुकसान पर ही मुआवजा दिया जाता है।

राहत आयुक्त ने बताया कि बाढ़ से 1,57,444 किसानों की फसल प्रभावित हुई जबकि लेखपाल द्वारा अब तक 1,56,952 किसानों को सहायता धनराशि देने के लिए पोर्टल पर फीड किया जा चुका है। इसके सापेक्ष अब तक 1,25,521 किसानों को 71.01 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चका है। वहीं बचे हुए किसानों की फीडिंग का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। सबसे अधिक लखीमपुर के 88546 किसानों की फसल बाढ़ से प्रभावित हुई है। इसके सापेक्ष भुगतान के लिए अब तक 88544 किसानों की फीडिंग पोर्टल पर की जा चुकी है।

वहीं 70,691 किसानों को 47 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है।

## मैनपुरी में पुलिस मुठभेड़ में एटा का शातिर गैंगस्टर पुलिस की गोली लगने से घायल

एनसीआर समाचार

**मैनपुरी।** जनपद के बिछ्वां थाना पुलिस और स्वाट टीम की चेकिंग के दौरान ऑटो सवार शातिर चोर गिरोह के बदमाशों ने फायरिंग कर दी। पुलिस ने बचाव करते हुए मुठभेड़ में एक गैंगस्टर बदमाश के पैर में गोली जा लगी और वह घायल हो गया। घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराते हुए पुलिस कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि बुधवार की देर रात बिछ्वां थाना प्रभारी अवनीश त्यागी और स्वॉट टीम वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान नगला पाल के पास एक ऑटो में युवक आते दिखाई दिए। उन्हें रूकने का इशारा किया गया तो उन्होंने ऑटो मोड़कर फायरिंग करते हुए भागना शुरू कर दिया। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर बदमाशों से मुठभेड़ की। इस दौरान एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया।

पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में पकड़ा गया बदमाश एटा के अलीगंज थाना इलाके में रहने वाला शातिर गैंगस्टर अपराधी इरफान बंजारा निकला। पैर में गोली लगने से घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश पर मैनपुरी, एटा, कासगंज जनपदों में गैंगस्टर, गोवध, चोरी आदि के मुकदमे दर्ज हैं। पूछताछ में उसके कब्जे से अपने गिरोह के साथ भवीचंदपुर गांव में एक घर को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था।

## एक नजर

### प्रतिष्ठा का जिक्र कर योगी अपना गुस्सा उतार रहे हैं: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तंज कसते हुये कहा कि प्रतिष्ठा का जिक्र कर वह अपना गुस्सा उतार रहे हैं। यादव ने मुख्यमंत्री का नाम लिये बगैर एक्स पर पोस्ट किया दिल्ली का गुस्सा लखनऊ में क्यों उतार रहे हैं। सवाल ये है कि इनकी प्रतिष्ठा को ठेस किसने पहुँचाई। कह रहे हैं सामनेवालों से पर बता रहे हैं पीछेवालों को। कोई है पीछे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को विधानसभा में व्यक्तव्य दिया था कि वह यहां नौकरी करने नहीं बल्कि जनसेवा के मकसद से आये हैं। उन्हे प्रतिष्ठा की चाहत नहीं है। अगर प्रतिष्ठा उन्हे चाहिये होती तो मठ में उन्हे पर्याप्त प्रतिष्ठा मिल जाती। उधर, लोकसभा चुनाव के बाद उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बराबर बयान देकर अपनी ही सरकार को नसीहत दे रहे हैं कि संगठन सर्वोपरि है और संगठन से ही सरकार बनती है। मौर्य का अपनी ही सरकार को घेरना और मंत्रिमंडल की बैठक में शामिल न होना विपक्षी दलों को सत्ता पक्ष पर निशाना साधने का मौका दे रहा है।

### दहेज हत्या मामले में पति को दस साल और सास व ससुर को सात-सात साल की सजा

**बलिया।** बलिया की एक स्थानीय अदालत ने दहेज हत्या के एक मामले में बृहस्पतिवार को मृतका के पति, सास और ससुर को दोषी करार देते हुए उन्हें क्रमशः दस साल औरसात झ सात साल के कारावास की सजा सुनाई। पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने शुक्रवार को बताया कि अपर जिला जज रवि किरण सिंह की अदालत ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद पति धर्मेन्द्र वर्मा, ससुर बेचन प्रसाद वर्मा और सास मंजू देवी को दोषी करार देते हुए पति को दस साल और सास व ससुर को सात - सात साल के कारावास और प्रत्येक को तीन झ तीन हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। उन्होंने बताया कि बिहार राज्य के बक्सर जिले के काली नगर सोहनी के रहने वाले कृष्ण सिंह ने अपनी पुत्री शशि कला की शादी गत फरवरी 2012 में फेफना थाना क्षेत्र के कोपवा बहादुरपुर गांव के धर्मेन्द्र वर्मा के साथ की थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दहेज की मांग को लेकर शशि कला के ऊपर 13 /14 सितंबर 2018 को मिट्टी का तेल डालकर उसे जलाकर मार दिया गया। परिजनों को घटना की पांच दिन बाद जानकारी मिली। उन्होंने बताया कि मृतका के पिता कृष्ण सिंह की तहरीर पर थाना फेफना में पति धर्मेन्द्र वर्मा, ससुर बेचन प्रसाद वर्मा और सास मंजू देवी के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने विवेचना के बाद तीनों आरोपियों के विरुद्ध अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था।

### मुख्यमंत्री जी के नाम जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अलीगढ़।** स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों ने सरकार से लोकतंत्र सेनानियों के समान ही सुविधाएं देने एवं अलीगढ़ प्रदर्शनी में में शहरयार पार्क में बने स्वतंत्रता सेनानियों की याद में बने शिलालेखों को संशोधित कराने की मांग की है। अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन का प्रतिनिधि मण्डल गुरूवार को कलैक्ट्रेट में प्रदेश अध्यक्ष अमरपाल सिंह के नेतृत्व में जिलाधिकारी विशाख जी. से मिला और उन्हेंमुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मांग की गई है कि स्वतंत्रता सेनानी परिजनों को शासन की ओर से परिचय पत्र उपलब्ध कराए जाएं और साथ ही उन्हें राष्ट्रीय परिवार भी घोषित किया जाए। जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और हरसंभव निदान कराए जाने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मण्डल में जिला महामंत्री सुरेश चन्द्र शर्मा, रमेश चन्द्र चौहान, आजादी का अमृत महोत्सव के जिला समन्वयक सुरेन्द्र शर्मा, बसंत बंसाल, कामेश गौतम, संगठन सहयोगी राजेन्द्र वार्ष्णेय चीफ एवं स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन उपस्थित रहे।

### घर के आंगन में बर्तन मांज रही महिला पर बाघ ने किया हमला, मौत

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में जिम कार्बेट बाघ अभयारण्य के निकट कालागढ़ इलाके में घर के आंगन में बर्तन मांज रही एक महिला पर बाघ ने हमला कर दिया जिसमें उसकी मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड सीमा पर स्थित कालागढ़ क्षेत्र में वर्कचार्ज कालोनी निवासी नितिन की 22 वर्षीय पत्नी टीना बुधवार रात घर के आंगन में बर्तन धो रही थी, तभी पीछे से दीवार फांदकर आए बाघ ने उस पर हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि चीख-पुकार सुनकर आये परिजन के शोर मचाने पर बाघ जंगल की ओर भाग गया। गंभीर रूप से घायल टीना को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाघ अभयारण्य के उपनिदेशक डी. नायक के अनुसार गश्ती दल तैनात कर निगरानी बढ़ा दी गयी है।

### दीपांशु सिंह बने सहायक भविष्य निधि आयुक्त

**अलीगढ़।** सांगवान सिटी निवासी दीपांशु सिंह का सहायक भविष्य निधि आयुक्त के पद पर चयन हो गया है। यह पशुपालन विभाग में तैनात संयुक्त निदेशक (रोग नियंत्रण) डा. नरेशपाल सिंह के बेटे हैं। स्वजन बताते हैं कि दीपांशु ने यह सफलता बिना कोचिंग के स्वयं की मेहनत से ही हासिल की है। दीपांशु सिंह ने अपनी शुरूआत पढ़ाई फरुर्खाबाद के कान्वेंट स्कूल में की थी।

### फिरोजाबाद में सरहज से पत्नी बनी महिला का हत्यारोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना टूण्डला पुलिस टीम ने बुधवार की देर रात सरहज से पत्नी बनी महिला की हत्या व उसके पति व बच्चे पर जानलेवा हमला करने एक आरोपी को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया। पैर में गोली लगने से घायल हत्यारोपी को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर सर्वेश कुमार मिश्रा ने बताया कि थाना टूंडला क्षेत्र के गांव कुतकपुर जारखी निवासी भानु प्रताप जो पत्नी रेनू व पुत्र यश प्रताप सिंह के साथ दिल्ली में रहता था और अभी लगभग 10 दिन पूर्व ही गांव आया था। मंगलवार की रात्रि में भानुप्रताप, उसकी पत्नी बच्चे पर उनके भाई केशव, अखिलेश ने एक अन्य व्यक्ति अविनाश उर्फ फना पुत्र दीवान सिंह ने हमला कर दिया था। हमलावर गांव में ही रहते थे। इस घटना में रेनू की मृत्यु हो गई थी, जबकि उसका पति भानुप्रताप व पुत्र यश प्रताप घायल हो गए थे। जिन्हें अस्पताल उपचार हेतु भर्ती कराया गया था। पुलिस के अनुसार रेनू की हत्या के पीछे कारण भानुप्रताप द्वारा अपने भाई केशव के साले की पत्नी रेनू से प्रेम विवाह के बाद कोर्ट मैरिज कर उसे अपनी पत्नी बनाया जाना था। इस घटना में घायल भानुप्रताप की तहरीर पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर हत्यारोपियों की तलाश शुरू कर दी गई। एएसपी ने बताया कि थाना टूंडला पुलिस अभियुक्तों की तलाश में बुधवार की देर रात सूचना पर हिरन गांव ओवरब्रिज के पास चेकिंग कर रही थी तभी पुलिस टीम को एक मोटरसाइकिल पर 2 युवक आते हुए दिखाई दिए। पुलिस टीमों द्वारा मोटरसाइकिल सवारों को रुकने का इशारा किया गया। पुलिस टीम को देखकर युवकों द्वारा मोटरसाइकिल घुमाकर भागने का प्रयास किया गया। मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे अभियुक्त ने खड़े होकर पुलिस टीम पर फायर किया। इसी दौरान मोटरसाइकिल चला रहा दूसरा अभियुक्त मोटरसाइकिल लेकर अंधेरे का लाभ उठाते हुए भाग गया। पुलिस टीम द्वारा खुद को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ की गयी फायरिंग में एक अभियुक्त घायल हो गया। घायल की पहचान केशवदेव उर्फ टिंकू पुत्र मुन्नीलाल निवासी कुतुकपुर जारखी थाना टूण्डला के रुप में हुयी है। दूसरा अभियुक्त गिरफ्तार केशवदेव उर्फ टिंकू का भाई अखिलेश मौके से फरार हो गया।

# मध्य प्रदेश: एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए ब्रह्माकुमारी संस्था ने दिया गांव गांव जाकर संदेश

**अजय सिंह तोमर**

**मध्य प्रदेश:** केंद्र सरकार के आवाहन पर ब्रह्माकुमारी संस्था गांधीनगर पोरसा के द्वारा पर्यावरण को शुद्ध एवं वायुमंडल को शुद्ध बनाए रखने के लिए एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए गांव गांव जाकर संदेश दिया गया प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पोरसा के द्वारा आज ग्राम रहोंधा,कुशवाह का पुरा, ठाकुर का पुरा बघेलपुरा,में प्रकृति के बीच प्रकृति के लिए सभी ब्रह्माकुमारी सदस्यों ने और अन्य ग्राम वासियों ने राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास किया प्रकृति के लिए शुभ भावना शुभकामना रखकर सभी ने योग किया है ईश्वर से प्रार्थना की है की प्रकृति के द्वारा जितनी भी आपदाएं आ रही हैं



उनको शांति मिले प्रकृति शांत रहे हरी भरी रहे पांचो तत्व, जल,वायु अग्नि ,आकाश, पृथ्वी सुखी और सुरक्षित और स्वस्थ रहें बी.के रेखा बहन ने बताया है कि अपने जीवन में जिस प्रकार से हम स्वच्छता को महत्व देते हैं खुद को भी हम स्वच्छ रखने का पूरा प्रयास करते हैं ताकि हम अनगिनत बीमारियों का सामना न कर पाए और हम अपने घर को अपने क्षेत्र को भी पूरा प्रयास करते हैं की साफ सुथरा रखें फिर भी कहीं ना कहीं जहां हम अलबेले हो जाते हैं तो हम स्वच्छता की प्रति ध्यान नहीं दे पाते तो जीवन में मुश्किलें आ जाती है बीमारियां आ जाती हैं मेरा सभी भाई बहनों से ग्राम वासियों से जहां-जहां से सभी आए हैं उनसे निवेदन है।

कि जिस प्रकार से हम स्वच्छ घर, स्वच्छ तन स्वच्छ मन के लिए लोगों को कहते आ रहे हैं इस प्रकार से हम प्रकृति के लिए स्वच्छता का महत्व बताएं कि अपने आसपास की प्रकृति के पांचो तत्वों के लिए हम स्वच्छता का योगदान अवश्य ही दें सभी ग्राम वासियों के साथ मिलकर परमपिता परमात्मा की ध्वज के साथ ग्राम में अनेके स्थान पर जा जाकर रैली के साथ परमपिता परमात्मा का संदेश दिया यह भी कहां है कि स्वयं को आत्मा समझकर परमात्मा को याद करें ताकि सदा हमारे ऊपर भगवान का आशीर्वाद बना रहे और हम सुरक्षित रह सके जल को स्वच्छ रखने का प्रयास करें नदी झील समुद्र में जो भी हम सामग्री डालते हैं वह ना डालें अपने हरे-भरे खेतों में कीटनाशक दवाइयां का उपयोग न करें।

ताकि हमारे खेतों की सब्जियां फल फूल हमें स्वच्छ और स्वस्थ जीवन प्रदान कर सके अग्नि आकाश पृथ्वी तीनों के लिए ही हम शुभकामनाओं का योगदान दे ताकि प्रकृति हमारे सहयोगी बन सके और हम स्वयं भी और हमारी प्रकृति भी स्वच्छ और स्वस्थ रह सके और साथ में यह भी बताया है की कोई भी कार्य करने से पहले संगठन में चले संगठन में कार्य करें संगठन को लेकर अगर कोई भी कार्य किया जाए अपने क्षेत्र को जागरूक करने के लिए या अपने देश को जागरूक करने के लिए हम लोगों तक अपना संदेश पहुंचाये चाहे वह सरकार के द्वारा अनेक प्रकार के अभियान की बात हो जो चलाए जा रहे हैं बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, जल बचाओ, बिजली बचाओ,नारी को सशक्त बनाओ, स्वच्छता को अपनाओ, अनेक प्रकार के अभियानों को हम देख पा रहे हैं और सुन पा रहे हैं कि देश में अनेक जगह शहरों में यह अभियान चलाए जा रहे हैं।

इन अभियानों से हमें लोगों को सीखना है जागरूक करना है लोगों तक अपनी बात पहुंचानी है ताकि हमारे भारत देश का हर नागरिक स्वच्छ और स्वस्थ जीवन जी सके मुख्य रूप से उपस्थित रहे अरुण तोमर, चिंटू तोमर, रामरतन राठौर, बी के सुभाष, धन सिंह बघेल, बाबूराम बघेल शिक्षक बघेल कमलेश बघेल पूर्व सरपंच, बिजेंद्र बघेल, कल्पना बघेल, कैलाशी दादी, गुड्डी देवी, सुमन, सोनकली, दादी,विटोली।

## राजस्थान: भोले के जयकारो के साथ शिव मंदिर मे किया जलाभिषेक



**प्रदीप शर्मा**

राजस्थानः अलवर जिले के गढ़ीसवाईराम कस्बे में हरिद्वार व गंगोत्री से गंगाजल भर कर लाए कांवडि?ों ने सावन कि शिवरात्री पर विधी विधान से पूजा अर्चना कर भोले के जयकारो के साथ शिव परीवार का जलाभिषेक किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिव भक्त नरोत्तम शर्मा ने बताया कि कस्बे के खारा कुआं के पास स्थित शिव मंदिर पर तीन भक्तो ने जलाभिषेक किया।

आचार्य अर्जुन शास्त्री ने विधी विधान से पूजा अर्चना करवा कर जलाभिषेक करवाया। नरोत्तम शर्मा बाईक से कावंड लेकर आये तथा सोनू प्रजापत व बंटी प्रजापत पैदल कांवड लाए जो कि लगभग तेरह दिन मे आकर पहुचे। बस स्टैण्ड स्थित शिव मंदिर पर मुकेश राठौड़ ने तथा भोली लखेरा व संजय गुर्जर ने मुख्य बाजार के शिव मंदिर पर जलाभिषेक किया। तथा कस्बे के

## जम्मू कश्मीर: बीएसएफ के दो बड़े अधिकारियों पर गिरी गाज

**राजेश कुमार**

**जम्मू कश्मीरः** जम्मू कश्मीर से एक खबर बड़ी सामने आ रही है आपको बताते चलें की मिनिस्ट्री ऑफ होम द्वारा जम्मू कश्मीर के बीएसएफ डिजी और स्पेशल डीजी के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया गया है आपने पहली बार इस तरह की कार्रवाई जम्मू कश्मीर में बीएसएफ के दो इन अधिकारियों पर उसे समय देखने को मिली।

जब जम्मू कश्मीर में आतंकवादी की घुसपैठ रोकने में नाकाम रहे को लेकर भारत सरकार सबसे बड़ा एक्शन है जिसके चलते इन दोनों जो अधिकारी हैं उनके ऊपर गाज गिरी है जो बताया जा रहा है पिछले काई सालों में ऐसा पहली बार हुआ है बड़े दो अधिकारियों को हटाया गया है किस तरीके से।



जिस तरह से जम्मू कश्मीर के अलग-अलग इलाकों में अटैक देखने को मिल रहे थे लेकिन एसे में जम्मू कश्मीर में बीएसएफ के दो बड़े अधिकारियों पर गाज गिरी है बीएसएफ के डीजी नितिन अग्रवाल और बीएसएफ के स्पेशल डीजी बावरी खुरानिया को हटा दिया गया है और जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों की घुसपैठ रोकने में नाकाम रहने को लेकर भारत सरकार का सबसे बड़ा जो एक फैसला है जो लिया गया है।

प्रदेश जम्मू कश्मीर में पिछले 1 साल से लगातार आतंकवादी की घुसपैठ जो हो रही है मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 1 महीने से इन दोनों अधिकारियों ने जम्मू कश्मीर के इंटरनेशनल बॉर्डर पाकिस्तान से जो सेट थे उसके बाद कहीं ना कहीं पंजाब सेक्टर मैं हो रही आतंकवादी घुसपैठ को कहीं ना कहीं सही ढंग से कंट्रोल नहीं किया जा रहा था।

जिसके चलते बड़ा एक्शन जो लिया गया है उसके पीछे की वजह जो है यह भी बताई जा रही है फिलहाल पिछले कई सालों में ऐसा ऐसी कार्रवाई जो है पहली बार हुई है जो दो बीएसएफ के दो अधिकारी हैं और जो बीएसएफ के डीजी बता जा रहे हैं और दूसरे बीएसएफ के स्पेशल डीजी इनको जो है इनकी पोस्टों से हटाया गया है।

फिलहाल यह दोनों पोस्टिंग खाली है जल्द से जल्द इन दोनों की जगह पर नहीं पोस्टिंग कर दी जाएगी और जम्मू कश्मीर में ने अधिकारी की जहां पर नियुक्ति होगी।

## उत्तर प्रदेश: अघोषित बिजली विभाग कटौती से परेशान ग्रामीण किसान व अन्य लोगों ने बिसंडा मार्ग किया जाम

**मदन गुप्ता**

**उत्तर प्रदेशः** आज दिन शनिवार को समाजसेवी सुमित शुक्ला सहित सहेवा के ग्रामीणों ने अघोषित बिजली कटौती व लो बोल्टेज की समस्या से परेशान होकर बांदा बिसंडा मार्ग जाम कर दिया आपको बताते चलें कि लगभग डेढ़ महीने से बिजली की समस्या बनी हुई है और लगभग पच्चीस दिनों से गांव को सिर्फ तीन या चार घंटे की ही बिजली सप्लाई की जा रही है तथा वो भी पांच पांच मिनट की आवाजाही के साथ रात्रि में गांव के बाहर से बिजली काट दी जाती है जिससे ग्रामीण परेशान हों चुके हैं तथा उनकी कही सुनवाई नहीं हो रही है।

धान की बेड़ सूखने की कगार पर है बिजली ना होने की वजह से बच्चे व बुजुर्गो की हालत खराब है ज्यादातर लोग बीमार पड़े हुए हैं



इन सभी समस्याओं से परेशान होकर किसानों ने समाजसेवी सुमित शुक्ला के नेतृत्व में बांदा बिसंडा मार्ग जाम कर दिया तथा दो घंटे के जाम के बाद खुरहंड चौकी प्रभारी एसडीएम अतर्रा और एसडीओ हथौड़ा फीडर ने पूर्ण आश्वासन दिया एसडीओ साहब ने कहा कि इस समय लोड अधिक होने की वजह से हम ज्यादा तो नहीं किंतु 10 घंटे की व तीन फेस बिजली उपलब्ध करायेंगे तथा लाइनमैन व जेई के ऊपर कार्यवाही होगी तथा पूरी कोशिश होगी कि किसानों को ज्यादा समस्या ना होने पाए।

समाजसेवी सुमित शुक्ला ने बताया कि दिन बुधवार को मैं ग्रामीण भाईयों के साथ मिलकर जिलाधिकारी कार्यालय में भी जाकर समस्या से अवगत कराया था तथा उनसे निवेदन किया था कि किसानों की हालत खराब है बच्चे बुजुर्ग बीमार हो रहे हैं धान की बेड़ बर्बाद हो रही है पांच पांच मिनट की आवाजाही के साथ सिर्फ चौबिस घंटे में तीन या चार ही लाइट मिलती है वहां पर भी हमें आश्वासन मिला था किन्तु समाधान नहीं हुआ आज भी हमें आश्वासन मिला है और इस विश्वास के साथ अपना प्रदर्शन स्थगित कर दिया है कि अधिकारी गण कार्यालय जाकर किसानों की समस्या को भूलें ना।

अगर पुनः समस्या खड़ी होती है तो हम सभी ग्रामवासी किसान युवा एक साथ पावरहाउस के बाहर आकर आमरण अनशन शुरू कर देंगे जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। इस दौरान समाजसेवी सुमित शुक्ला अरूण द्विवेदी ग्राम प्रधान अशोक कुशवाहा इंद्रजीत यादव पूर्व प्रधान प्रतिनिधि छोट्टू मिश्रा बाबू मिश्र गोलू शुक्ला सुरेन्द्र राजू त्रिवेदी सहित लगभग पांच सौ लोग उपस्थित रहे।

## मध्य प्रदेश: मंडला जिले भर में बढ़ रहे डायरिया और मलेरिया के प्रकोप




**जैनेन्द्र कुमार**

मध्य प्रदेशः मंडला जिले भर में बढ़ते डायरिया और मलेरिया के प्रकोप को देखते हुए जिला प्रशासन व्दारा गाँव गाँव सावधानी और सुरक्षा के उपाय हेतु स्थानीय प्रशासन एवं ग्राम पंचायतों को अलर्ट किया गया है हाल में मंडला विकास खंड में ठरका घुघरी अंतर्गत देवहरा बम्हनी सुरेहली बिछिया अंतर्गत माधोपुर में जमकर उल्टी दस्त के पीड़ितों को इलाज हेतु शासकीय अमला प्रयासरत है उल्टी दस्त के प्रकोप से अब तक जिले भर में बैगा परिवार सहित 7 मौतें हो चुकी हैं।

इसी तारतम्य में नैनपुर जनपद पंचायत सीईओ विनोद मरावी के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत नैनपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुगदरा के पोषक ग्राम भटिया टोला में डायरिया उन्मूलन, मलेरिया से बचाव स्वच्छता संबधित दवाई स्प्रे दीवार लेखन, जनजागरूकता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखण्ड नैनपुर के सहयोग से पानी का टेस्ट एवं जलस्त्रोतों में दवाइयां जैसी गतिविधियां की गई।

## हरिद्वार कावड़ मेला शकुशल हुआ संपन्न



**हरीश/उत्तराखंडः** हरिद्वार 2 अगस्त कावड़ मेला श्रेया कुशल संपन्न होने पर जिलाधिकारी धीरज सिंह ग बरयाल ने दक्ष मंदिर में जल अभिषेक कर तथा मां गंगा का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा और कावड़ मेला संपन्न होने की घोषणा की तथा उसके बाद एस एसपी प्रेमचंद मैं कनखल में स्थित मंदिर में भगवान शिव पर जल अभिषेक करआशीर्वाद प्राप्त किया।

उन्होंने कहा शुक्रवार श्रावण शिवरात्रि पर जल अभिषेक के बाद ही कावड़ मेला संपन्न हो चुका है तथा उन्होंने सभी शिव भक्तों को मंगल कामनाएं दी शनिवार इस दौरान जिलाधिकारी धीरज सिंह ने कहा की मां गंगा और भगवान शिव की कृपा से कावड़ मेला से कुशल संपन्न हुआ उन्होंने बताया कि इस वर्ष कावड़ मेले में 4:15 करोड़ से भी अधिक श्रद्धालु आए कावड़ मेल को से कुशल संपन्न करने के लिए पुलिस तथा प्रशासन ने बेहतर सामान्य के साथ कार्य किया स्थानीय लोगों का भी इसमें सहयोग रहा।

## उत्तर प्रदेश: संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनी फरियाद, संबंधितों को निस्तारण हेतु दिए दिशा निर्देश

**आनंद कुमार**

**उत्तर प्रदेशः** सोनभद्र जिले के दुद्धी तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी सोनभद्र बद्रीनाथ सिंह ने कहा कि मामलों के निस्तारण में लापरवाही कत्तई बर्दाश्त नही की जाएगी। लापरवाही बरतने वाले सात अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस भी दे दिया है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिले के जिला कृषि अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, सहायक निदेशक मस्य, अधिशासी अभियंता आर ई डी, उपायुक्त स्वरोजगार, जिला उद्यान अधिकारी, अधिशासी अभियंता



जल निगम को स्पष्टिकरण का नोटिस जारी कर दिया गया है। लापरवाही मिलने पर वेतन कटौती की जाएगी।

सम्बंधित अधिकारियों को कार्यवाही हेतु हेतु प्रेषित किया जाएगा। जिलाधिकारी बद्रीनाथ ने कहा कि किसी भी प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर जाकर, संबंधित पक्षों को सुनने के बाद ही करें। पक्षपात की शिकायत एवं पुष्टि होने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लंबित प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध तरीके से गुणवत्ता परक निस्तारण के निर्देश दिये। इस दौरान प्रकरणों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करने के निर्देश दिए गये। वादकारियों की संख्या कम होने पर जिलाधिकारी अन्य कार्यों के लिए समय के पूर्व ही निकलकर चले गए। जिलाधिकारी के जाते ही अन्य अधिकारियों का काफिला निकलता चला गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर एसपी डॉ यशवीर सिंह, एसडीएम दुद्धी सुरेश राय, न्यायिक एसडीएम अश्वनी सिंह, सीओ पिपरी अमित कुमार, डीएफओ भानेन्द्र सिंह, डीपीआरओ नमिता शरण, बीडीओ म्योरपुर हेमंत सिंह, दुद्धी रामविशाल चौरसिया सहित अन्य अधिकारी/कमार्चारीगण मौजूद रहे।

## एक नजर

### उत्तर प्रदेश: पॉटरी की छत गिरने से हुई महिला मजदूर की मौत



**जयप्रकाश शर्मा/उत्तर प्रदेशः** नगर जीटी रोड सेंटर एरिया स्थित एक पॉटरी में बारिश के चलते पॉटरी परिसर स्थित एक कमरे की छत गिरने के कारण पॉटरी में कार्य कर रही एक महिला मजदूर भारती उम्र करीब 40 वर्ष पति सुनील निवासी फूटा दरवाजा की दर्दनाक मौत हो गई । मौके पर पहुंचे अन्य मजदूरों ने महिला को मलवे से बाहर निकाल और पुलिस को सूचना दी ।लेकिन तब तक महिला की मृत्यु हो चुकी थी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

### मीरजापुर के सभी तहसीलों में आयोजित किया गया सम्पूर्ण समाधान दिवस




**सूरज मौर्या/उत्तर प्रदेशः** जनपद मीरजापुर में शासन के मनसांनुरूप जनपद मीरजापुर के समस्त तहसीलों में किया गया सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिसमें अधिक से अधिक जनसमस्याओं के निस्तारण हेतु शासन के निदेर्शानुसार जनपद मीरजापुर के सभी तहसीलों में आयोजित किया गया सम्पूर्ण समाधान दिवस ।

तहसील मड़िहान में जनसमस्याएं सुनतीं हुई जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अभिनन्दन व मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, एसडीएम मड़िहान उददयन्त त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी गण ।

### गुजरात: 31 नगर पालिकाओं में सिटी सिविक सेंटर का हुआ शुभारंभ




**सादिक पठान/गुजरातः** राज्य के मुख्यमंत्री भूपेन्द्रभाई पटेल ने 44.5 करोड़ रुपये की लागत से 31 नगर पालिकाओं में सिटी सिविक सेंटर का शुभारंभ किया। जिसके तहत आज सोनगढ़ देवजीपुरा में लोगों को सुविधाएं प्रदान करने वाले जन सेवा केंद्र का उद्घाटन निजर विधायक जयरामभाई गमीत और सोनगढ़ भाजपा अध्यक्ष हेतलभाई मेहता राजू भाई भावसार द्वारा किया गया।

इस समारोह में मुख्य अधिकारी धर्मेश गोहिल प्रदीपभाई जोशी सहित सोनगढ़ नगर पालिका के प्रशासक मामलतदार और नगर पालिका के पूर्व सदस्य उपस्थित थे. एवं सर्वसुविधायुक्त जन सेवा केन्द्र का निरीक्षण किया गया।

### बिहार: पचरौता तैनात सीमा पर गुरुवार के दिन शाम को लाखों रुपए के गांजा के साथ एक धर दबोचे गया तस्कर



**मंसुर आलम/बिहारः** 44 वीं बटालियन के इंस्पेक्टर संजीव वर्मा ने बताया कि पिलर संख्या 428/3 के पास एस एस बी के जवानों द्वारा गुरुवार को गश्ती की जा रही थी तभी देखा गया कि एक व्यक्ति नेपाल से भारत के तरफ आ रहा था संदेह के आधार पर व्यक्ति को रोक कर तलाशी ली गई तलाशी के दौरान 10 किलो गांजा बरामद कि गई। त्वरित कार्रवाई करते हुए तस्कर को धर दबोचे गया जब्त गांजा और तस्कर को भंगहा थाना को सुपुर्द कर दिया गया भंगहा थानाध्यक्ष राहुल प्रसाद मांझी ने बताया कि तस्कर कि पहचान नेपाल के विजय बस्ती निवासी चित्रा बहादुर श्रेष्ठ के रूप में कि गई है जिसे प्राथमिकी दर्ज कर अग्रसर कार्रवाई किया जा रहा है।

### हरियाणा: 10 दिन से धरने पर बैठे नगर निगम पंचकुला के कर्मचारी




**अनिल गहलोत**

**हरियाणाः** 10 दिन से धरने पर बैठे नगर निगम पंचकुला के कर्मचारियों से आकर मिले मुकेश सिरसवाल प्रदेश महासचिव हरियाणा युवा कांग्रेस ने पंचकूला नगर निगम कर्मचारियों के पिछले 10 दिन से चल रहे धरने पर जाकर उनका समर्थन किया। व विश्वास दिया कि आपकी इस लड़ाई में हम आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे और भाजपा की इस गूंगी बहरी सरकार से कांग्रेस पार्टी आपके अधिकार दिलवाने की लड़ाई लड़ेंगी।

नहीं तो आने वाले चुनाव में गरीब जनता भाजपा को सबक सिखाने का काम करेगी। साथ में चंडीगढ़ कांग्रेस प्रदेश सचिव लेखपाल, जिला पंचकूला युवा कांग्रेस के प्रवक्ता शुभम वर्मा, नरेंद्र द्राविड़ आदि युवा साथीयों ने साथ में जाकर समर्थन किया।

# राजस्थान की धार्मिक नगरी अजमेर शरीफ दरगाह में उर्स के मौके पर चढ़ती है प्रधानमंत्री की चादर

आनंद कुमार



**राजस्थानः** राजस्थान के अजमेर स्थित ख्वाजा गरीब नवाज के दरगाह में सलाना उर्स मौके पर लगातार कई वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चादर भेजने के साथ ही मानवता का संदेश भी भेजते हैं, जो सांप्रदायिक सौहार्द और कौमी एकता की मिसाल है। इस दरगाह की उत्पत्ति 13वीं सदी में हुई थी। इसका निर्माण मुगल सम्राट हुमायूं ने करवाया था। अजमेर शरीफ दरगाह मुसलमानों के लिए ही नहीं बल्कि अन्य धर्म के लोगों के लिए अत्यधिक आध्यात्मिक महत्व रखती है। इस दरगाह में सभी धर्म के लोगों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। जो विभिन्न समुदायों के बीच सद्भाव और एकता को बढ़ावा देती है।

यह दरगाह राजस्थान के मध्य मैं स्थित अजमेर शरीफ दरगाह सदियों की भक्ति, आस्था और रहस्य का प्रतीक है। इस दरगाह में सभी धर्मो के पालन करने वाले लोग अपने भक्ति का मिसाल पेश करने आज भी आते हैं। सूफीवाद में एक ईश्वर की उपासना तो है लेकिन सूफी को किसी एक धर्म से जोड़कर देखना नहीं है। यही वजह है कि 800 साल से ख्वाजा गरीब नवाज के दर पर सभी धर्म के लोग बराबर अपनी आस्था रखते आ रहे हैं।

इस पवित्र दरबार में राजा मानसिंह का लगाया चांदी का कटहरा है, वही ब्रिटिश महारानी मेरी क्वीन ने आस्था के रूप में दर्शन से पूर्व शुद्धि के लिए पानी का टंकी बनवाया है। गरीब नवाज के दर पर मो. बिन तुगलक, अलाउद्दीन खिलजी और मुगल अकबर से लेकर बड़े-बड़े राजा - महाराजा उनके दरबार में अपना सर झुकाए हैं। देश की स्वतंत्रता के बाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरू, रवींद्र नाथ टैगोर, सरोजिनी नायडू, पं.मदन मोहन मालवीय ,जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेई और इंदिरा गांधी जैसे बड़े हस्तियों ने ख्वाजा के दरबार में अपनी हाजिरी लगा चुके हैं।

## संसद में बोले चंद्रशेखर बोले में खुद जाम में फँस जाता हूँ बनवाये ओवर ब्रिज




आसपा प्रमुख व नगीना सांसद चंद्रशेखर ने लोकसभा में रेल संबंधी देशभर की विभिन्न समस्याओं को उठाते हुए ट्रेनों में स्लीपर कोच बढ़ाए जाने की मांग उठाई। उन्होंने नगीना रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म की लंबाई 300 मीटर तक बढ़ाए जाने का मुद्दा भी मजबूती से उठाया। साथ ही कहा कि फाटक पर ओवरब्रिज बनवाएं, मैं खुद वहां जाम में फंस जाता हूं। देश की संसद में रेल बजट पर हुई चर्चा में हिस्सा लेते हुए नगीना सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि रेलवे की आरआरटीएस की योजना फिलहाल मेरठ तक चल रही है।

इसे सहारनपुर, उनके लोकसभा क्षेत्र नगीना/ धामपुर तक किया जाए ताकि रोजगार के लिए प्रतिदिन उनकी लोकसभा क्षेत्र के व्यापारियों को दिल्ली जाने में आसानी हो सके। उन्होंने नजीबाबाद से मुंबई तक एक ट्रेन चलवाए जाने की मांग भी की है। उन्होंने कहा कि नगीना में बड़े स्तर पर हैंडीक्राफ्ट का कार्य होता है। हैंडीक्राफ्ट कारोबारियों को व्यापार की दृष्टि से मुंबई जाना पड़ता है। सांसद ने नगीना-स्योहारा-किरतपुर में प्रस्तावित ओवर ब्रिज का बजट शीघ्र पास कराए जाने की मांग की ताकि लोगों को जाम की समस्या से निजात मिल सके।

उन्होंने कहा कि नगीना में कोतवाली मार्ग स्थित रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम में उन्हें भी कई बार मुसीबत झेलनी पड़ी है। उन्होंने नगीना के कालाखेड़ी व नजीबाबाद के जलालाबाद रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरपास बनवाए जाने व नजीबाबाद से दिल्ली के लिए सुबह के समय नई ट्रेन चलवाए जाने की भी मांग की।

## राजस्थानः मुरलिया के रसोइये की गोगुंदा के पास हुई हत्या

गजेंद्र सिंह



**राजस्थानः** उदयपुर से गोगुंदा फोरलेन सड़क मार्ग पर ईसवाल गांव के पास बाइक सवार युवकों पर अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में चालक सहित दो जनें घायल हो गए थे। इनमें से भदेसर थाना क्षेत्र के मुरलिया निवासी एक युवक की उदयपुर के एमबी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। इस मामले में गोगुंदा पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक चित्तौड़गढ़ जिले में भदेसर उपखंड क्षेत्र के मुरलिया गांव का रहने वाला होकर रसोई बनाने का काम करता था।

जानकारी के अनुसार मुरलिया निवासी हरलाल जाट व रतनदास तथा एक अन्य साथी तीनों ही सिरोही के आस-पास रसोईया का काम करते हैं। बुधवार देर रात तीनों ही बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे। मार्ग में गुरुवार तडके 4 बजे के आस पास उदयपुर से करीब 20 किलोमीटर पहले ईसवाल गांव के पास अज्ञात हमलावारों ने चलती बाइक पर धारदार हथियार से हमला किया। इससे चालक हरलाल जाट तथा बाइक के पीछे बैठे रतनदास पुत्र रामेश्वरदास निवासी मुरलिया को गंभीर चोट लगी। हमले के बावजूद तीनों बाइक पर चलते रहे। रतनदास के गंभीर चोट होने के कारण पांव की हड्डी तक कट गई थी।

आधा घंटा सफर के बाद वह इसी सड़क मार्ग पर पड़ने वाले एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचे। यहां पर गुरुवार तड़के पुलिस केस होने के कारण निजी चिकित्सालय से रतन दास को एमबी अस्पताल में उपचार के लिए रैफर कर दिया। यहां पर अत्यधिक रक्तस्राव के कारण गुरुवार तड़के रतनदास ने दम तोड़ दिया।

घटना की सूचना शुक्रवार सुबह पीपलवास निवासी तथा जिला परिषद सदस्य कैलाशचंद्र जाट को मिली। इस संबंध में जाट ने क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर तथा चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभानसिंह आक्या को दी। विधायक जीनगर व आक्या ने पुलिस महानिरीक्षक तथा उदयपुर एसपी को घटना की जानकारी दी।

विरोध किया तो फिर दर्ज किया मामला जिला परिषद सदस्य कैलाश जाट ने बताया कि पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर गोगुंदा पुलिस उदयपुर अस्पताल पहुंची। पहले तो पुलिस अपने क्षेत्र का मामला नहीं होने का बहाना बनाती रही। लेकिन बाद में ग्रामीणों के विरोध के चलते तथा घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद हत्या का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। शव को लेकर गुरुवार शाम परिजन मुरलिया पहुंचे तथा अंतिम संस्कार किया।

हत्या का उद्देश्य लूट या और कुछ जिला परिषद सदस्य कैलाश जाट ने बताया कि गोगुंदा पुलिस इस बारे में जांच कर रही है कि हमलावर में रसोइयों से लूट का प्रयास से हमला किया या फिर इसी रात्रि में हाईवे से जुड़े पास ही के गांव में हुई चोरी के मामले में ग्रामीण तीन बाइक सवारों की तलाश कर रहे थे। पूरा मामला पुलिस के लिए जांच का विषय है। क्षेत्र के लोग भी जांच कर हमला करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग कर रहे हैं।

## उत्तर प्रदेशः मीरजापुर पुलिस बल के द्वारा अपराधिक गतिविधियों से अर्जित की हुई संपत्ति

सूरज मौर्य



उत्तर प्रदेशः जनपद मीरजापुर में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कुख्यात माफियाओं के विरुद्ध सख़्त कार्यवाही की नीति के अनुपालन में जिला मजिस्ट्रेट मीरजापुर के आदेश के क्रम में आज दिनांकः02. अगस्त 2024 को मीरजापुर पुलिस/प्रशासन द्वारा कुख्यात आपराधिक माफिया (गैंग लीडर) चुन्नू यादव उर्फ शिवशंकर यादव पुत्र स्व० सीताराम यादव निवासी दुगार्बाजार थाना को० कटरा जनपद मीरजापुर द्वारा आपराधिक माफिया, अवैध व समाज विरोधी क्रियाकलाप से अर्जित धन से अपनी माता के नाम पर ग्राम डोमरौली के अराजी नं0-138/987 में रकबा 16932 वर्ग फुट जमीन/अचल सम्पत्ति (कीमत करीब र 4.5 करोड़) की रजिस्ट्री करायी गई थी।

जिसे अन्तर्गत धारा 14 (1) अधिनियम गिरोहबन्द एवं असामाजिक क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत कुर्क की गयी। आपराधिक इतिहास (कुख्यात माफिया चुन्नू यादव उपरोक्त। एक मु0अ0सं0-693/2002 धारा 307 भादवि थाना को० कटरा जनपद मीरजापुर। दो मु0अ0सं0-729/2003 धारा 3 (1) गैंगेस्टर एक्ट थाना को० कटरा जनपद मीरजापुर। तीन मु0अ0सं0-1047/2005 धारा 307,504,506 भादवि व 5 - एक्सप्लोसिव एक्ट थाना को० कटरा जनपद मीरजापुर। चार. मु०अ०सं०-429/2011धार,147,384,452,354,323, 504,506- भादवि व 7 सीएलए एक्ट थाना को० कटरा जनपद मीरजापुर। पांच मु0अ0सं0-581/2011 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट थाना को० कटरा जनपद मीरजापुर । छः मु0अ0सं0-704/2012 धारा 307,504,506 भादवि - थाना को० कटरा जनपद मीरजापुर। सात मु0अ0सं0- - 830/2014 धारा गुण्डा अधिनियम थाना को० कटरा जनपद मीरजापुर। आठ मु0अ0सं0-1240/2016 - धारा 10 उ०प्र०गुण्डा अधिनियम थाना कोतवाली कटरा - जनपद मीरजापुर।

नौ, मु0अ0सं0112/2022 धारा 147, 148, 149,302,323 - 427,308,34। भादवि थाना को० कटरा जनपद - मीरजापुर। दस, मु0अ0सं0-210/2022 धारा तीन, (1)- गैंगेस्टर एक्ट थाना कोतवाली कटरा जनपद मीरजापुर । - ग्यारह एचएस नं0-52ए थाना को0 कटरा जनपद मीरजापुर।

## उत्तर प्रदेशः बैक साइड अवैध तरीके से कब्जाने की वजहों से हो रहे लोग परेशान



हरिओम पोरवाल

**उत्तर प्रदेशः** श्रम कुंज सोसायटी सेक्टर 93 एस के टू आप सभी को कहते हैं कि यह एक ऐसी स्थिति है जो कि वह कैसे हल कीं जाये और यहाँ के लोगों को लेकर आया है कि आपस मे झगड़ते रहते है कि जगह नहीं होती कि जाम से बचने के लिये रस्ता नही होता है और इस तरह से परेशानी का सामना करना पड़ता है प्रसा शन आना बन्द करदिया है और फिर से ज्यादा सम स्या आने लगी है यहाँ पर आगे भी और बैक साइड अवैध तरीके से कब्जाने की वजहों से परेशान हो रहे हैं इनको इन्साफ नही मिल रहा है।

कानूनी रूप से अवैध है लेकिन उनकी बात को लेकर कोई व्यक्ति कुछ नहीं कहता है कि रहनेवाले तो उसका एक इंसाफ चाहते हैं सरकार द्वारा संचालित सोसाइटी में एन जी ओ भी काम करती है बो भी कुछ नहीं कर रही आखिर कब तलक इसका समाधान हो सकता है इसी कारण से इन्तजार करते हैं कि किसी भी तरह से कब्जाने की वजहों को लेकर कोई एक्शन हो कब तक इन्साफ नही मिलेगा और इस प्रकार से कोई एक्शन हो दोस्तो इस तरह से पूरा तरीके से कब्जाने की वजहों से चारों तरफ से घिरा हुआ है कही पर जरा सी भी जगह नहीं है।

## मध्यप्रदेशः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पहुंचे नरसिंहपुर



अरुण श्रीवास्तव

**मध्यप्रदेशः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आज नरसिंहपुर के शासकीय महिला महाविद्यालय हैलीपेड पहुंचने पर आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल जबेरा जिला दमोह से हैलीकाप्टर द्वारा नरसिंहपुर पहुंचे थे।

शासकीय महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर हैलीपेड पर प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, होशंगाबाद लोकसभा सांसद चौधरी दर्शन सिंह,पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल सहित अन्य विशिष्ट जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आत्मीय स्वागत किया। हेलीपेड से कार्यक्रम स्थल जाते वक्त यहां मौजूद लाड़ली बहनों ने उन्हें राखी बांधी। महिला महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव का करतल ध्वनि से स्वागत किया गया।

## उत्तर प्रदेशः थाना विन्ध्याचल पुलिस द्वारा जल निगम पम्प से पाइप चोरी की घटना को अंजाम देने वाले 02 शातिर चोर हुए गिरफ्तार

सूरज मौर्या



**उत्तर प्रदेशः** जनपद मीरजापुर थाना विन्ध्याचल, जनपद मीरजापुर वादी नन्द कुमार(पम्प आपरेटर जल निगम विजयपुर) पुत्र रामविधि निवासी जलालपुर थाना जमालपुर जनपद मीरजापुर द्वारा अज्ञात चोरों के विरुद्ध जल निगम की टंकी का सामान पाइप(कास्ट आयरन) व अन्य सामान चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना विन्ध्याचल मु0अ0सं0-142/2024 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अभिनन्दन द्वारा उक्त चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना प्रभारी विन्ध्याचल को घटना से सम्बन्धित अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी व चोरी हुए सामानों की बरामदगी करने के निर्देश दिये गये ।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना विन्ध्याचल पुलिस द्वारा विन्ध्याचल पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांकः03.08.2024 को प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर विन्ध्याचल अन्तर्गत मलंगशाह बाबा तिराहे के पास से मोटरसाइकिल सवार दो शातिर चोरों 1.संजय कुमार पुत्र मंगला प्रसाद निवासी नटकीतारापुर भारतगंज थाना माण्डा जनपद प्रयागराज व 2.घनश्याम पुत्र उमाशंकर पासी निवासी हरिपुर विजयपुर थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया ।

मौके से 02 अदद चोरी की मोटरसाइकिल तथा दोनो मोटरसाइकिलों पर 04 प्लास्टिक की बोरियों में बांधकर लदा हुआ मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित चोरी की कास्ट आयरन पाइप का टुकड़ा बरामद किया गया । थाना विन्ध्याचल पर पंजीकृत मु0अ0सं0-142/2024 धारा 303(2),317(2),317(4), 317(5) बीएनएस में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को मा0न्यायालय/जेल भेजा जा रहा है ।

## एक नजर

### राजस्थानः शक्ति सिंह राठौड़ एसडीएम ने गांव के नागरिकों के साथ किया वृक्षारोपण



**रविन्द्र सिंह/राजस्थानः** सेवाड़ा के प्राचीन पातालेश्वर महादेव मंदिर जो 18 शताब्दी पुराना उसी के नाम से गांव में पातालेश्वर गौशाला समस्त गांव वालों के संयोग से चल रही है उसमें गोवंश 15 सो हे इसको देखते हुए जिला अधिकारी शक्ति सिंह राठौड़ एसडीएम साहब तहसीलदार साहब एसपी साहब थाना अधिकारी पूरा प्रशासन गौशाला में पधारकर गांव के नागरिकों के साथ वृक्षारोपण किया तथा उद्बोधन दिया की पर्यावरण को बचाना है। दिनों दिन पर्यावरण खतरे में पेड़ पौधे कम होते जा रहे हैं उसको बचाने की हम सब की जिम्मेदारी है उसी के साथ पूरे भारत को हरा भरा करना है प्रशासन तथा गांव वालों ने मिलकर शपथ ली हर एक नागरिक को एक वृक्ष लगाकर उसे बड़ा करना है तथा मानव जाति और विश्व का कल्याण हो गांव वालों ने प्रशासन का आभार व्यक्त किया गौशाला संचालक प्रभु सिंह उमट और गांव के ठाकुर साहब हिम्मत सिंह के देखरेख में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### राजस्थानः 10वी विशाल पैदल पद यात्रा आकोदा मीना के बंजारा बाबा के स्थान से हुई रवाना



**प्रदीप शर्मा/राजस्थानः** रैणी उपखण्ड क्षेत्र के भूडा पंचायत के आकोदा मीना के बंजारा बाबा के स्थान से शनिवार को पुजा अर्चना करने के बाद सुबह 05 बजे मेहंदीपुर बालाजी के लिए पद यात्रा रवाना हुई। जिसमें ग्राम के महिला,पुरूष व बच्चों के द्वारा बंजारा बाबा के चारों तरफ परिक्रमा करके मेहंदीपुर बालाजी के लिए पैदल पद यात्रा के लिए हुए ।यह यात्रा 10वी पैदल यात्रा है।

रास्ते में सभी भक्तजन पैदल भजन कीर्तन करते हुए चल रहे थे।आकोदा मीना से हर वर्ष बालाजी के लिए यात्रा जाती है रास्ते में जगह जगह सभी को चाय नाश्ते और ठंडा की व्यवस्था की गई। सभी भक्तजन यात्रा का भरपूर आनंद ले रहे थे।मिडिया को यह जानकारी आकोदा मीना के भक्तजनों के द्वारा दी गयी।

### मध्य प्रदेशः नईगढी मे जनहित मुद्दों को लेकर हुआ धरना प्रदर्शन



**प्रमोद कुमार चतुवेर्दी/मध्य प्रदेशः** नईगढी मे जनहित मुद्दों को लेकर ब्लाक कांग्रेस नईगढी की द्वारा संकेतिक धरना प्रदर्शन कार्यक्रम किया गया जिसमे राजस्व, अघोषित बिजली कटौती, ?रा प्रथा, खाद बीज जैसी समस्याओं को लेकर तहसीलदार एवं एसडीएम जी को ज्ञापन सौपा ।

इस मौके मऊगंज जिलाध्यक्ष पदमेश गौतम पूर्व विधायिका विद्यावती पटेल रामबहादुर शर्मा नृपेन्द्र सिंह अखिलेश पटेल जैसे वरिष्ठ कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एन एस यु आई एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### उत्तर प्रदेशः रिश्तेदारों ने ही खेत की मिट्टी चोरी कर बड़े पैमाने पर करा दिया मिट्टी का खनन

**जयप्रकाश शर्मा/उत्तर प्रदेशः** दिल्ली शाहदरा निवासी पुष्पा देवी पत्नी भगवत प्रसाद ने एसडीएम खुर्जा को लिखित शिकायती पत्र दे बताया है कि उसकी ससुराल खुर्जा तहसील क्षेत्र स्थित गांव दस्तूरा में है। उसी के रिश्तेदारों ने जिसमें मित्रपाल पुत्र होतीलाल ,नेमपाल, सुदेश, छोटू ,विकास ,सुमित पुत्रगण मित्रपाल निवासी गांव दस्तूर ने उसके खेत की मिट्टी चोरी करके बड़े पैमाने पर अवैध खनन करा कर मिट्टी को खुर्द - - बुर्द कर दिया है। पीड़ित महिला ने खुर्जा एसडीएम दुर्गेश कुमार सिंह को शिकायती पत्र दे आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही पीड़ित महिला ने बताया कि उसके पति लगभग 1 वर्ष से फालिश की बीमारी से पीड़ित है। पीड़ित महिला द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के संबंध में एसडीएम दुर्गेश कुमार सिंह का कहना है कि वह मौके की जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।

### उत्तर प्रदेशः गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर इन्हरव्हिल क्लब ने बांटा पोषण आहार




आनंद कुमार/उत्तर प्रदेशः सोनभद्र जिले के दुद्धी में इनरव्हील क्लब द्वारा स्तनपान सप्ताह एक से सात अगस्त तक मनाया जा रहा है। शनिवार को दुद्धी सीएचसी पहुँचकर गर्भवती महिलाओं को बताया की डिलीवरी होने के पश्चात नवजात को एक घंटे में ही मां का दूध पीलाएं। छह माह तक सिर्फ बच्चे को मां का दूध ही दें। छह माह बाद ही उसे तरल पदार्थ जैसे दाल का पानी, पीसा हुआ केला, उबली सब्जी एवं अन्य पदार्थ खिलाएं। समय समय पर बच्चों को लगने वाले टीके जरूर लगाएं।

इस दौरान गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य को लेकर आयरन और कैल्शियम की गोलियां खाने सम्बंधित जानकारी दिया।

# राजस्थान: 'एक पेड़ देश के नाम, एक पेड़ मां के नाम' पर अध्यापक ने किये नि:शुल्क पौधे वितरण

अकबर हुसैन




**राजस्थान:** अजमेर में "एक पेड़ देश के नाम,एक पेड़ मां के नाम" राज्य सरकार की मुहीम से जुड़कर पर्यावरण प्रेमी व भामाशाह मनोज सांखला ने आज राज.विद्यालय रेल्वे कॉलोनी,उच्च माध्यमिक विद्यालय,माहत्मा गाँधी विद्यालय बान्दनवाडा, रामपुरा, खेड़ी, सिंगावाल लगभग एक दर्जन राजकीय विद्यालयों में पौधों का वितरण किया। सांखला ने बताया की पौधारोपण अभियान को तेज करने और इसे अंजाम तक पहुंचाने के लिए, नई पीढ़ी को जागरूक करना जरूरी है।

इस काम में विद्यालय सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। शिक्षक नई पीढ़ी को पौधारोपण के फायदे बताने के साथ-साथ इनकी देखभाल की जिम्मेदारी का पाठ पढ़ा सकते हैं। कक्षा में हर विषय को पौधों के महत्व के साथ जोड़कर इस अभियान को एक नई दिशा दी जा सकती है।पर्यावरण संरक्षण व जागरूकता रैलियों का आयोजन करके समाज की नयी पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना सम्भव है।यही पौधे प्रदूषण को कम करने के साथ-साथ हमें प्राण वायु आक्सीजन देते हैं। धरती पर लगातार पौधे कम होने पर पर्यावरण में जहरीली हवा बढ़ती जा रही है। इससे लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। एक पौधा हमें आक्सीजन के साथ-साथ,फल,छाया और कीमती लकड़ी देता है।

पौधारोपण से ग्लोबल वार्मिंग को कम किया जा सकता है। प्रदूषण मुक्त समाज का दृष्टिकोण लेकर भामाशाह सांखला हरवर्ष की भाँति इस वर्ष भी पर्यावरण जागरूकता महाअभियान के तहत राजकीय संस्थानो में पौधे पहुंचाने का निर्णय लिया। अध्यापक सांखला द्वारा पिछले 23 वर्षों में करीब 300 राजकीय विद्यालयों, पुलिस थानो, राजकीय चिकित्सालयो में लगभग 85 से 90 हजार पौधारोपण किया जो हर संस्थान में वृक्ष का रूप ले चुके है।सांखला ने बताया कि जितने भी पौधे हर साल वितरित किए जाते है।

उनमे से बीस प्रतिशत पौधे भी आगे चलकर पेड़ बन जाते है तो मेरी मेहनत को सफल मानता हूँ।सांखला 2001 से लगातार हरवर्ष मानसून में हजारों की संख्या में पौधे वितरण करने का लक्ष्य निर्धारित कर रखा है।आज इस अवसर पर एडवोकेट मनीष कुमार छीपा,विद्यालय प्रबंधक देवेंद्र कुमार सांखला,प्रिंसिपल वीरेश कुमार शर्मा,अध्यापक ललित पारीक,पवन धूमस,धर्मी चंद माली,संजय व्यास,प्रेमलता शर्मा,वैभव मेहरा आदि मौजूद रहे।

## राजस्थान: आरक्षण पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का राष्ट्रीय सवर्ण दल ने किया स्वागत एवं जताया आभार

प्रदीप शर्मा/राजस्थान: जयपुर उच्चतम न्यायालय की ,01अगस्त 2024 को 07 जजों की संवैधानिक निर्णायक पीठ ने 6 -1 बहुमत से आरक्षण के मामले में अब तक का सबसे बड़ा निर्णय देते हुए ,पत्थर पर लकीर खींच दी कि, एससी एसटी में क्रीमी लेयर को आरक्षण के बाहर रखा जाए। ऐसा परिवार जिसने आरक्षण का एक बार लाभ ले लिया है, उसे पुन: लाभ न देते हुए अत्यंत गरीब व जरूरतमंद को ही आरक्षण का लाभ दिया जाए। इस ऐतिहासिक फैसले का राष्ट्रीय सवर्ण दल ने हार्दिक आभार जताते हुए पूर्ण रूप से स्वागत किया है।

सियासत की वोट बैंक राजनीति को जिम्मेदार ठहराते हुए प्रदेश अध्यक्ष बेनी प्रसाद कौशिक ने इस निर्णय को सर्वांगीण समाज और देश के लिए, एक साहसिक अनूठी पहल बताया है।हमें परस्पर आरक्षण के नाम पर विभाजित करने का और संविधान के साथ छेड़छाड़ कर अपनी मनमानी करने का सरकार का जो रवैया रहा है उसके प्रति युवा वर्ग कुंठित है और आम लोगों में नाराजगी है ।आरक्षण का तथा कथित रवैया समाज में विघटन का कारण बनता जा रहा है जिसके चलते,पारस्परिक सोहार्द,प्रेम और भाईचारे में कमी आई है । धरातल पर कड़ी मेहनत और प्रतिस्पर्धा के बावजूद जातिगत आरक्षण के कारण योग्यता के स्थान पर अयोग्यता का चयन चहुंमुखी विकास और समृद्धि में बाधक बनता जा रहा है वहीं दूसरी ओर,देश की एकता के लिए एक बहुत बड़े खतरे का संकेत दे रहा है ।उन्होंने बताया की आरक्षण से योग्यता और प्रतिभा का सरे आम हनन हो रहा है और उसको हास्य पर लाकर खड़ा कर दिया गया है।

# मध्य प्रदेश: एक पेड़ मां के नाम अभियान में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया पौधरोपण

अजय सिंह तोमर



**मध्य प्रदेश:** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छ पार्क काली मंदिर गौरी के किनारा पर पौधारोपण किया। इस अवसर पर भाजपा एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने नीम, मीठा नीम,अशोक एवं बेलपत्र पौधों का पौधारोपण किया।

इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अतुल रमेश पाठक ने कहा कि पौधों को रोपित करना ही हमारा लक्ष्य नहीं होना चाहिए बल्कि उनकी रक्षा करना एवं सिंचाई व्यवस्था करना भी हमारा कर्तव्य है, तभी हम पृथ्वी को हरा भरा रख सकते हैं क्योंकि वृक्ष हमारे जीवन का आधार है इसलिए प्रत्येक परिवार एवं व्यक्ति को यह संकल्प लेना चाहिए कि वह कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगे क्योंकि हरे वृक्ष हमें जीवनदायिनी आक्सीजन प्रदान करते हैं एवं पर्यावरण को बेहतर बनाने में वृक्ष और पौधे मदद करते हैं।

इस मौके सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रण किया कि यह अभियान हमारी मां और धरती मां के प्रति हमारी श्रद्धा के भाव को प्रकटीकरण है इसलिए इस अभियान को जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अमित जैन, जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी शेखर खटीक,मंडल उपाध्यक्ष प्रशांत सोनी,मंडल उपाध्यक्ष प्रतीक पांडे,मंडल मंत्री सूरज बरुआ,युवा मोर्चा सह कोषाध्यक्ष सौरव पुलक,युवा नेता आशीष शेखर,नरसिंह ताम्रकार ,प्रदीप मुद्गल,रोहित राजावत आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हरियाणा: राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रसिद्ध गायकर राजवीर प्रेमी सतनाली के द्वारा पहले से आठवीं तक के विद्यार्थियों को दी गई फ्री बैग और स्टेशनरी

मैनपाल




हरियाणा: राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुरेहती पिलानिया में सतनाली गांव के प्रसिद्ध समाजसेवी लक्ष्मण सिंह शेखावत व प्रसिद्ध गायकर राजवीर प्रेमी सतनाली के द्वारा पहले से आठवीं तक के विद्यार्थियों को फ्री बैग और स्टेशनरी दी गई कार्यक्रम के शुरूआत में 12वीं आर्ट की छात्रा सोनिया ने स्वागत गीत से अतिथियों का स्वागत किया इस अवसर पर विद्यालय परिवार के प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह व एमसी के प्रधान सुबेसिंह के द्वारा दोनों समाजसेवियों का स्वागत किया प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय परिवार में इस प्रकार के सामाजिक कार्यकर्ताओं का स्वागत है।

और बच्चों के शिक्षा और शिक्षा संबंधी सामग्री दान देना बहुत ही पुण्य का कार्य है और ऐसा करने वालों का विद्यालय परिवार में स्वागत है इस अवसर पर विद्यालय परिवार के कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार पारीक ने सारे कार्यक्रम की व्यवस्था और रूपरेखा बनाई इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई सुरेहती पिलानिया ने सभी व्यवस्थाओं में बहुत-बहुत योगदान दिया।

इस अवसर पर इलाके के प्रसिद्ध गायकर भाई राजवीर प्रेमी ने एक भजन बच्चों के निमित्त सुनाया और पूरे विद्यालय परिवार ने उनका स्वागत किया कार्यक्रम समाप्ति पर विद्यालय परिवार की ओर से दोनों अतिथियों को विद्यालय परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया इस अवसर पर रमेश कुमार मलिक , मंजू मैडम , रजनेश मैडम सुमन मैडम , कविता मैडम , मोनिका बाबू , रविंद्र कुमार , एबीआरसी अनिल कुमार, सुनील कुमार और विजय कुमार पारीक, राजकुमार, हीरालाल, संजय कुमार यादव ,संजय कुमार, राकेश कुमार, नरेश कुमार, रणवीर सिंह, सुनील कुमार सहित समस्त स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## राजस्थान: आंगनवाडी केंद्र में किया गया यूनिफॉर्म वितरण का कार्यक्रम



प्रदीप शर्मा

राजस्थान: अलवर- मालाखेड़ा ब्लॉक के ग्राम बालेटा मे संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बालेटा अलवर की प्रधानाचार्य संगीता गौड़ एवं मेंटर टीचर टीना शर्मा ने किया। आंगनवाड़ी केंद्र पर संगीता गौड़ के द्वारा 01 से 06 वर्ष तक के बच्चों को यूनिफार्म दी गयी।

प्रधानाचार्य संगीता गौड़ एवं मेंटर टीचर टीना शर्मा ने आंगनवाड़ी मे उपस्थित अभिभावकों को 01 से 06 वर्ष तक के बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्र एवं उस से अधिक के बच्चों को विद्यालय मे प्रवेश दिलवाने के लिये प्रेरित किया। निरिक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र पर बच्चे फिसल पट्टी पर खेलते हुए मिले। बच्चों को बहुत ही मजा आ रहा था। आंगनवाड़ी केंद्र पर दिए जा रहे पोषाहार की भी जांच की गयी।

## मध्य प्रदेश: नरसिंहपुर में भारी बरसात के कारण भरभरा कर गिरा कच्चा मकान मासूम सहित 2 की मौत 5 घायल

अरुण श्रीवास्तव



मध्य प्रदेश: नरसिंहपुर में बीती रात जनपद पंचायत साईखेडा के अन्तर्गत ग्राम रम्पुरा के कटाई मौहल्ला रात्रि करीब 11-11,30 बजे एक कच्चा मकान नामदेव परिवार का था रात्रि मे तेज बरसात होने के दौरान भर-भरा कर गिर गया जिसमे सो रहे नामदेव परिवार के 7 लोग दब गये जिनमें बब्लू/गनेश राम नामदेव 19 बर्ष की घटना स्थल पर मौत हो गई और मासूम बालिका कुमकुम/पवन नामदेव 6 वर्ष की अस्पताल लाते वक्त रास्ते मैं मौत हो गई। और अन्य 5 घायल हुए उनमे पवन/गनेशराम नामदेव 37 बर्ष ,मां नर्मदी बाई /गनेश राम नामदेव, पत्नी 55,नीतू /पवन नामदेव 30वर्ष, विनायक/पवन नामदेव 13 बर्ष और आकाश /पवन नामदेव 5 घायल हो गए अवस्था में जिन्हें गाडरवारा अस्पताल में भेजा गया।

घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल अस्पताल और घटना स्थल पर गाडरवारा एसडीएम कलावती ब्यावरे, तहसीलदार आकाश दाहाडे, गाडरवारा एसडीओपी, साईखेडा थाना प्रभारी प्रकाश पाठक,ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि नारायण सिंह पटेल, सचिव देवेन्द्र विश्वकर्मा और ग्राम वासी घटना स्थल पर पहुंचे। ग्राम वासियों ने अपने निजी वाहनों से घायल को अस्पताल पहुंचाया।

गाडरवारा एसडीएम ने तत्काल 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता परिजन को सौंपी और शासन से मिलने वाली मुआवजा राशि शीघ्र दिलवाने का आश्वासन दिया। एसडीएम ने दुर्घटना पर दिवंगत आत्माओ के प्रति गहन दुःख व्यक्त किया ओर घायल लोगो को शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की। प्रशासनिक अमले का तत्काल घटना स्थल और अस्पताल पर पहुंचने पर समाजसेवियों द्वारा सराहना की जा रही है।

# जम्मू कश्मीर: पांच पुलिसकर्मी साथ-साथ एक सरकारी टीचर को नौकरी से निकाल दिखाया घर का रास्ता

राजेश कुमार

**जम्मू कश्मीर:** जम्मू कश्मीर से एक बहुत बड़ी खबर सामने आ रही है जहां पर आपको बताते चलें कि जम्मू कश्मीर गवर्नमेंट द्वारा एक बहुत बड़ी कार्रवाई की गई है जानकारी के मुताबिक जिसमें पांच पुलिसकर्मी साथ-साथ एक सरकारी टीचर को नौकरी से टर्मिनेट किया गया है।

जम्मू कश्मीर युटी के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा की तरफ से एक बहुत बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है जिसमें जम्मू कश्मीर पुलिस के पांच कांस्टेबल और एक एजुकेशन सरकारी टीचर को उसे वक्त जो है जम्मू कश्मीर की गवर्नमेंट ने नौकरी से घर का रास्ता दिखाया है।

जब वह कहीं ना कहीं नारको टेररिस्टिंग में पाए गए हैं कॉफी हैरान करने वाली बात है सरकारी नौकरी मिलने के बावजूद भी और जम्मू कश्मीर में रहकर और पाकिस्तान के लिए, काम जो है यह कर रहे थे

इसके चलते जैसे ही इस काम की जानकारी जम्मू कश्मीर गवर्नमेंट को मिली ऐसे में जब जांच की गई तो उसमें पता चला की यह जो है वहो एक बहुत बड़े पाकिस्तान एईएसएई टेररिस्ट ग्रुप से उनके साथ जुड़े हुए हैं उनके साथ यह काम कर रहे हैं।

मिलकर बड़े अफसोस से कहना पड़ता है यदि पुलिस कर्मी ही ऐसा काम करेंगे तो आम जनता जो है वह कहां जाएगी और किस तरह के हालात जम्मू कश्मीर में पैदा होंगे।

यह बात जम्मू कश्मीर के कांस्टेबल जिनकी पहचान इस रूप में हुई है फारूक अहमद शेख जो कि जम्मू कश्मीर पुलिस में हेड कांस्टेबल है और दूसरे की पहचान हालिद हुसैन शाह जो कि जम्मू कश्मीर पुलिस में कांस्टेबल है और इसी के साथ-साथ अहमद शाह जो कि कांस्टेबल है और इसी के साथ-साथ चौथे का नाम इरशाद अहमद जलको जो कि यह भी पुलिस में कांस्टेबल है।

हालांकि पुलिस में कहीं ना कहीं यह पूरी खाकी वर्दी को बदनाम करने का काम कर रहे थे और छेठा नजम दिन जो कि जम्मू कश्मीर में एक सरकारी अध्यापक है। इसके चलते जम्मू कश्मीर गवर्नमेंट ने नारको आतंकवाद से जुड़े आरोप में इनको पाया इन जो सरकारी मुलाजियों को नौकरी से निकाल कर जो है घर का रास्ता दिखाया ऐसे में बताया जाए जा रहा है कि इसमें पांच जम्मू कश्मीर के पुलिसकर्मी है और एक सरकारी अध्यापक है।

जम्मू कश्मीर युटी के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा जी के प्रशासन ने इन सरकारी कर्मचारी को नौकरी से निकलने के लिए आर्टिकल 311 2सी का इस्तेमाल जो किया है उसके बाद उनके खिलाफ कार्रवाई जो है शुरू कर दी गई है।

## एक नजर

### मीरजापुर में ए0आई0जी0 स्टांप मंडलीय कार्यालय निर्माण के लिए जिलाधिकारी ने भ्रमण कर भूमि का किया निरीक्षण



**सूरज मौर्य/उत्तर प्रदेश:** मीरजापुर 02 अगस्त 2024- जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज ए0आई0जी0 स्टांप मंडलीय ऑफिस निर्माण के लिए, कलेक्ट परिसर गेट नंबर-03 के पास भूमि का भ्रमण कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात प्रस्ताव बनाने का निर्देश ए0आई0जी0 स्टांप को दिया। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव तत्काल उपलब्ध कराए ताकि शासन को प्रेषित किया जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्ट्रेट के गेट नंबर-03 के बाहर नाले की सफाई का निर्देश देते हुए नाले पर किए गए आक्रमण को भी खाली कराने का निर्देश अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 को दिया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ला नगर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

### मध्य प्रदेश: बहुजन समाज पार्टी के तत्वधान में जिला स्तरीय बैठक हुई संपन्न



**फूलचंद मालवीय/मध्य प्रदेश:** बहुजन समाज पार्टी के तत्वधान में जिला स्तरीय बैठक शाक्यवार धर्मशाला ब्यावरा में संपन्न हुई बैठक के मुख्य अतिथि डॉ राजेंद्र सूर्यवंशी विशेष अतिथि डॉ शिवनारायण वर्मा अध्यक्षता रघुवीर सिंह वर्मा जिला अध्यक्ष कार्यक्रम का संचालन रुस्तम सिंह इंदौरिया प्रकाश वर्मा विधानसभा प्रभारी ब्यावरा जगदीश पटेल विधानसभा अध्यक्ष नरसिंहगढ़ देवराज सूर्यवंशी विधानसभा अध्यक्ष ब्यावरा अभिषेक मंडेरिया आईटी सेल ब्यावरा नए पदाधिकारी आज बनाए गए हैं। न्यू देव वर्मा जिला सचिव राजगढ़ मोहन वर्मा विधानसभा अध्यक्ष राजगढ़ बाबूलाल वर्मा कार्यकरणी सदस्य ब्यावरा राहुल वर्मा विधानसभा महासचिव ब्यावरा देवकरण वर्मा विधानसभा सचिव नरसिंहगढ़ बने सिंह वर्मा विधानसभा सचिव ब्यावरानेपाल सिंह भिलाला जी विधानसभा कोषाध्यक्ष ब्यावरा दिनेश वर्मा सेक्टर अध्यक्ष राकेश वर्मा सेक्टर अध्यक्ष, दिनेश वर्मा सेक्टर अध्यक्ष यशपाल वर्मा पोलिंग अध्यक्ष, विजय सिंह वर्मा रंजीत जाटव एवं बहुजन समाज पार्टी के जांबाज साथी उपस्थित रहे।

### उत्तर प्रदेश: प्रयागराज से चल कर सहारनपुर को जाने वाली नौचंदी एक्सप्रेस के रूट में किया गया परिवर्तन




**अनिल गुप्ता/उत्तर प्रदेश:** प्रयागराज से चल कर सहारनपुर को जाने वाली नौचंदी एक्सप्रेस के रूट में परिवर्तन किया गया नौचंदी एक्सप्रेस लखनऊ और हापुड़ के बीच का रूट परिवर्तन किया गया है जिसके चलते यात्री को बहुत परेशानी हो रही हैं ट्रेन नं० 14241 नौचंदी एक्सप्रेस ट्रेन को कानपुर रूट से भेज रहे हैं इसमें जो भी यात्री हरदोई शाहजहांपुर बरेली मुरादाबाद के तरफ जाने वाले है वो अब नौचंदी एक्सप्रेस ट्रेन से जाते थे। रूट बदल ने से काफी दिक्कत बढ़ गई जिसके चलते सभी यात्री हो रहे हैं परेशान क्यों की यही एक गाड़ी है जो मेरठ होते सहारनपुर को जाती हैं जो भी यात्री मुरादाबाद जाने वाले है वो अब दूसरी ट्रेन से जा रहे कहा जा रहा है इस ट्रेन में बहुत भीड़ आ रही है गर्मी का मौसम है जिसके चलते यात्री बच्चे सब दूसरी ट्रेन पकड़ कर मुरादाबाद जा रहे है। नौचंदी एक्सप्रेस ट्रेन को हरदोई शाहजहांपुर बरेली मुरादाबाद रूट से रवाना करना चाहए ताकि सभी यात्री को मुसीबत ना हो ' सब लोग अपना यात्रा करे ताकि घर परिवार में सुरक्षित पहुंचे नौचंदी एक्सप्रेस ट्रेन जनरल डिब्बा बिल्कुल खाली जा रही है हरदोई रास्ते से जब जाती थी तो बहुत भीड़ होती रहती थी नौचंदी एक्सप्रेस ट्रेन बहुत लेट चल रही है आज यह ट्रेन दोपहर 1:09 मिनट पर मेरठ पहुंची है।

### उत्तर प्रदेश: जनपद फतेहपुर मुख्य विकास अधिकारी तहसील खागा में तहसील दिवस के अवसर पर सुनी गई समस्याएं



सूरज मौर्या/उत्तर प्रदेश: उत्तर प्रदेश जनपद फतेहपुर आज दिनाकं 3/8/2024को खागा तहसील सभागार मे मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में तहसील दि वह सम्पन्न हुई। जिसमे खण्ड विकास ऐराया अंतर्गत ग्राम तौरा मे पंचायत सहायक की जगह मे चायनित होना था वही ग्राम निवासी अखिलेश कुमार का आरोप है कि प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी के मिली भगत से परसेंटेज से न कराकर सेटिंग कर लिया गया।

जिसमे अखिलेश अपना परसन्टेज 83%है जिसका चयन हुआ हैं वह 82%है वही ग्राम निवासी विकलांग महिला आवास को लेकर बी डी ओ महोदय से अपील कि जिसमे बी डी ओ साहब द्वारा आश्वासन दिया गया वही खागा नगर पंचायत के अंतर्गत प्रधान मंत्री आवास के नाम पर समाज कल्याण से फर्जी जाति व नामक के आधार से आवास लेने के सम्बन्ध में रामप्रकाश सभासद के नाम आरोप लगाते हुए वीरेन्द्र सिंह पुत्र मूलचन्द्र ने विभागीय अधिकारियों से शिकायत किया और जाँच करके कानूनी कार्यवाही करने की गुहार लगाई।

## संपादकीय

# आरक्षण के उप-वर्गीकरण


अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के आरक्षण में ही आरक्षण के उप-वर्गीकरण पर 7 न्यायाधीशों की संविधान पीठ का फैसला सामाजिक न्याय के लिए 'मील का पत्थर' साबित हो सकता है। मंडल के बाद यह दूसरा ऐतिहासिक फैसला है। 'मील का पत्थर' तभी साबित हो सकता है, जब क्रीमीलेयर वाला फैसला लागू किया जाएगा। आरक्षण में उप-वर्गीकरण का अधिकार राज्य सरकारों को दिया गया है। यह अभी तक राष्ट्रपति के पास ही सुरक्षित था। संसद में ही प्रस्ताव पारित कर, किसी भी जाति को, आरक्षण के दायरे में लाया जा सकता था अथवा जाति को आरक्षण से बाहर भी किया जा सकता था। बहरहाल वह अधिकार यथावत रहेगा, लेकिन एससी और एसटी अपने आरक्षण के कोटे में, दबी-कुचली, पिछड़ी, विपन्न जातियों का, उप-वर्गीकरण कर सकेंगे। फिलहाल दलित और आदिवासियों को शिक्षा और नौकरियों में क्रमशः 15 फीसदी और 7.5 फीसदी आरक्षण हासिल है। संविधान पीठ के दो कथन महत्वपूर्ण हैं। एक, एससी-एसटी के कोटे में कुछ जातियों का उप-वर्गीकरण करने से संविधान के अनुच्छेद 14 और अनुच्छेद 341 का उल्लंघन नहीं होता। समानता का सिद्धांत यथावत रहेगा। दूसरे, आरक्षण एक पीढ़ी तक सीमित कर देना चाहिए। यदि पहली पीढ़ी आरक्षण का लाभ लेकर उच्च स्थिति तक पहुंच गई है, तो दूसरी पीढ़ी को आरक्षण का अधिकार नहीं मिलना चाहिए। जस्टिस बीआर गवई ने एससी-एसटी पर भी, ओबीसी की तरह, 'क्रीमीलेयर' लागू करने की बात कही है। यह विवादास्पद मुद्दा बन सकता है। आरक्षण के आधार पर जो दशकों से राजनीति करते आ रहे हैं अथवा आरक्षण के कारण ही राजस्थान की एक खास जाति में पीढ़ी-दर-पीढ़ी आईएएस अफसर बनते रहे हैं, वे अपने हिस्से को बंटने क्यों देंगे? संविधान-निमार्ता बाबा अंबेडकर के पौत्र प्रकाश अंबेडकर ने संविधान पीठ के फैसले की आलोचना की है और इसे 'सामाजिक पूर्वाग्रह' करार दिया है। उनकी आशंका है कि दलितों का कोटा कम होने लगेगा। बहरहाल संविधान पीठ ने कहा है कि सरकार को एससी-एसटी श्रेणी के बीच 'क्रीमीलेयर' की पहचान करने और उन्हें आरक्षण के दायरे से बाहर करने की नीति जरूर तैयार करनी चाहिए। यह अवधारणा भी स्पष्ट होनी चाहिए।

ओबीसी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को आरक्षण उनकी सालाना आय के आधार पर तय किया जाता है। क्रीमीलेयर की सीमा 8 लाख रुपए सालाना है। यानी करीब 67, 000 रुपए महीना। यह वर्ग विपन्न कैसे हो सकता है? दूसरी ओर वे भारतीय भी हैं, जो 375 रुपए रोजाना कमाने में भी असमर्थ हैं। बेहतर होता कि क्रीमीलेयर पर भी न्यायिक फैसला सुनाया जाता। बहरहाल फैसले के जोखिम भी सामने आने लगे हैं।

# वाह ताज ! वाह !!, तुम पवित्र हो गए

ताजमहल के प्रति घृणा से भरे कुछ युवकों ने ताजमहल के गर्भगृह में बनी शाही मजारों को गंगाजल से धो डाला, ये युवक समझते हैं कि ताजमहल एक शिवालय है। उन्होंने ऐसा कर हिन्दूधर्म की बहुत बड़ी सेवा की है। दोनों युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की भी मजबूरी थी की यदि वो इन युवकों कोगिरफ्तार न करती तो उसके भी कूढ़ मगज होने की बातें होने लगतीं।

-राकेश अचल-



मेरा सौभाग्य है कि मुझे प्रतिदिन लिखने के लिए अभी तक विषयों का, मुद्दों का अभाव महसूस नहीं हुआ। विविधताओं से भरे हमारे देश में मुद्दों का अक्षय भण्डार है। एक मुद्दा खोजिये तो हजार मिलते है। मुद्दे केवल राजनीतिक ही नहीं होते। उनका स्वरूप भी विविधतापूर्ण है। आज मेरे पास मुद्दे के रूप में कटटरता कहिये या मूर्खता का मुद्दा है और इस मुद्दे के केंद्र में आगरा का ताजमहल है। आगरा का ताजमहल एक इमारत भी है। एक इतिहास भी है और एक बाजार भी है। ताजमहल कुछ लोगों के लिए प्रेम है तो कुछ लोगों के लिए घृणा भी है।

ताजमहल के प्रति घृणा से भरे कुछ युवकों ने ताजमहल के गर्भगृह में बनी शाही मजारों को गंगाजल से धो डाला, ये युवक समझते हैं कि ताजमहल एक शिवालय है। उन्होंने ऐसा कर हिन्दूधर्म की बहुत बड़ी सेवा की है। दोनों युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की भी मजबूरी थी की यदि वो इन युवकों कोगिरफ्तार न करती तो उसके भी कूढ़ मगज होने की बातें होने लगतीं। कानून के हिसाब से एएसआई द्वारा संरक्षित किसी भी इमारत में किसी भी तरह की धार्मिक गतिविधि अपराध है। यहां गंगाजल चढ़ाना भी इसीलिए अक्षम्य है। इन युवकों का कुछ बिगड़ने वाला नहीं है। । इन्हें आसानी से जमानत मिल जाएगी, ठीक उसी तरह जिस तरह की इन युवकों को मजारों पर गंगाजल चढाने से तात्कालिक सुर्खियां मिलीं हैं।

भारत में हमेशा से हिन्दुओं का राज नहीं रहा। इतिहास बताता है कि भारत पर अलग-अलग कालखंड में अलग-अलग जातियों के लोगों ने राज किया है। लेकिन हमारे देश में कुछ लोग ही नहीं बल्कि बहुत से लोग ये मानते हैं कि गैर हिन्दुओं ने उनके हिन्दू प्रतीकों को नष्ट कर नए निर्माण कार्य किये हैं। इसमें हकीकत भी है और नहीं भी। पिछले अनेक दशकों से देश में ऐसे विवादास्पद निमार्णों को लेकर अदालती लड़ाइयां भी लड़ी जा रहीं है। उन्हें जीता और हारा भी जा रहा है। रामजन्म भूमि हो या कृष्ण जन्मभूमि इस विवाद के प्रतीक है। हमारे देश के हिन्दू धर्म के ठेकदार लगातार इन स्थलों को हासिल करने के लिए लड़ाई लड़ रहे है। भोजशाला भी एक ऐसा ही स्थान है।

मै बात कर रहा था उस ताजमहल की जिस पर किताबें भी लिखी गयीं। नज्में भी लिखी गयी। फिल्में भी बनीं और अनेक उपन्यास भी लिखे गए। ताजमहल के बारे में हिंदुस्तान का हर व्यक्ति जानता है, फिर चाहे वो उत्तर का हो या दक्षिण का। पूरब का हो या पश्चिम का रहने वाला भारतीय। हमें बताया गया है कि उत्तर प्रदेश राज्य के आगरा शहर में स्थित एक विश्व धरोहर मकबरा, और विश्व के 7 अजूबों में से एक है। ताजमहल का निर्माण 17वीं सदी में मुगल सम्राट शाहजहाँ ने अपनी पत्नी मुमताज महल की याद में करवाया था।

मेरा मकसद ताजमहल कि बारे में आपका सामन्य ज्ञान बढ़ाना नहीं है। मै तो आपको उन कब्रों कि बारे में बता रहा हूँ जिन्हें गंगाजल से धोया गया है। गूगल महाराज कहते हैं कि मुस्लिम परंपरा के अनुसार ताजमहल में शाहजहाँ एवं मुमताज महल के पार्थिव शरीर इसके नीचे तुलनात्मक रूप से साधारण, असली कब्रों में, में दफ्न हैं, जिनके मुख दांए एवं मक्का की ओर हैं। मुमताज महल की कब्र आंतरिक कक्ष के मध्य में स्थित है, जिसका आयताकार संगमर्मर आधार 1.5 मीटर चौडा एवं 2.5 मीटर लम्बा है। आधार एवं ऊपर का श्रृंगारदान रूप, दोनों ही बहुमूल्य पत्थरों एवं रत्नों से जडे. हैं। इस पर किया गया सुलेखन मुमताज की पहचान एवं प्रशंसा में है। इसके ढक्कन पर एक उठा हुआ आयताकार लोजैन्ज (र्होम्बस) बना है, जो कि एक लेखन पट्ट का आभास है।

शाहजहाँ की कब्र मुमताज की कब्र के दक्षिण ओर है। यह पूरे क्षेत्र में, एकमात्र दृश्य असम्मितीय घटक है। यह असम्मिती शायद इसलिये है, कि शाहजहाँ की कब्र यहाँ बननी निर्धारित नहीं थी। यह मकबरा मुमताज के लिये मात्र बना था। यह कब्र मुमताज की कब्र से बडी है, परंतु वही घटक दशार्ती हैः एक वृहततर आधार, जिसपर बना कुछ बडा श्रृंगारदान, वही लैपिडरी एवं सुलेखन, जो कि उनकी पहचान देता है। तहखाने में बनी मुमताज महल की असली कब्र पर अल्लाह के निन्यानवे नाम खुदे हैं जिनमें से कुछ हैं ओ नीतिवान, ओ भव्य, ओ राजसी, ओ अनुपम, ओ अपूर्व, ओ अनन्त, ओ अनन्त, ओ तेजस्वी... आदि। शाहजहां की कब्र पर खुदा है;उसने हिजरी के 1076 साल में रज्जब के महीने की छब्बीसवीं तिथि को इस संसार से नित्यता के प्रांगण की यात्रा की।

आगरा के एडीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि ताजमहल में शनिवार को दो युवकों ने गंगाजल चढ़ाया है. दोनों युवक गंगाजल बोतल में लेकर पहुंचे थे. ऐसे में वहां पर सुरक्षा में तैनात जवानों को पता नहीं चल पाया है. दोनों युवकों के अखिल भारत हिंदू महासभा से जुड़े होने का दावा किया जा रहा है। श्रवण माह में गंगाजल शिवालयों में चढ़ाया जाता है। मुझे लगता है कि हिन्दू युवकों कि इस कृत्य से शाहजहां और मुमताज बेगम की आत्माएं तृप्त हो गयीं होंगी। असली समस्या तो ताजमहल की सुरक्षा करने वाली सीआईएसएफ कि अफसरों की है जो कि एक शाही मकबरे की हिफाजत नहीं कर पाए। वैसे हमारी सरकार यदि अपने विरोधियों की एसपीजी सुरक्षा हटा लेती है तो वो दिन भी दूर नहीं जब ताजमहल पर तैनात सुरक्षा को भी देशहित में हटा लिया जाये।

मेरे ख्याल से इन युवकों को तत्काल रिहा कर देना चाहिए क्योंकि ये न हिन्दू धर्म कि बारे में जानते हैं और न दूसरे धर्मों कि बारे में। हिन्दू धर्म में गंगाजल का इस्तेमाल भगवान शिव का अभिषेक करने कि लिए होता है न की किसी मकबरे को धोने कि लिए। हिन्दू धर्म किसी दूसरे मजहब कि किसी भी स्थल को अपवित्र करने की इजाजत भी नहीं देता। ये इजाजत कुछ कूद मगज संगठन और पार्टियां देतीं हैं। वैसे ये उत्तर प्रदेश है यहां तो मुख्यमंत्री निवास भी सत्ता परिवर्तन कि बाद गंगाजल से धोने की परम्परा है।

ताजमहल 371 साल से आगरा में निर्विकार भाव से खड़ा है। उसे देखने देश-विदेश से असंख्य लोग आते हैं। पिछली सदियों में ऐसा कोई शासक पैदा नहीं हुआ जिसने ताजमहल की शान में कोई गुस्ताखी की हो। लेकिन ये कलिकाल का मोदी काल है इसमें ताजमहल के साथ कुछ भी होना सम्भव है। जब अफगानिस्तान में तालिबानी बामियान की बुद्ध प्रतिमाओं को बारूद से उड़ा सकते हैं तो हिन्दुस्तान में यदि कोई सिरफिरा निजाम ताजमहल को भी नेस्तनाबूद करने का फैसला सुना दे तो आप कुछ नहीं कर सकते।

# सोशल मीडिया पर दिखावा पड़ सकता है महंगा

-रजनीश कपूर-

सोशल मीडिया के इस युग में आजकल जिसे देखो वो अपने स्मार्ट फोन पर रील्स बनाते रहता है। कभी-कभी तो कुछ लोग इतने जोखिम भरे रील्स बनाते हैं जो जानलेवा हो जाते हैं। क्योंकि कई बार रील्स बनाने वाले दुर्घटनाओं के शिकार हो जाते हैं। लेकिन फिर भी इसकी लत उनका पीछा नहीं छोड़ती। परंतु आज सोशल मीडिया पर रील्स व पोस्टों से होने वाले जिस नुकसान की बात हम करेंगे वह इन सब से अलग है।

दरअसल सोशल मीडिया पर डाले जाने वाली पोस्ट और रील्स के चलते अब देश की संस्थाओं पर भी सवाल उठने लगे हैं। ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि सरकारी नौकरी पर तैनात लोगों ने या नए-नए भर्ती हुए अभ्यर्थी सोशल मीडिया पर कुछ ऐसा पोस्ट करते हैं जो उन्हें नहीं करना चाहिए। ये शौक उन्हें बहुत महंगा पड़ जाता है।

मामला एक महिला प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी का है, जिसने नई मिली सत्ता के नशे में कुछ ऐसा कर डाला कि संघ लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठा भी दांव पर लग गई। पुणे ज़िला मुख्यालय में प्रशिक्षण के लिए नियुक्ति के दौरान अपनी अनुचित मांगों और अभद्र व्यवहार के कारण 2023 बैच की आईएएस पूजा खेडकर आजकल काफी चर्चा में हैं। इन पर आरोप है कि बतौर प्रोबेशन आईएएस अधिकारी रहते हुए इन्होंने सत्ता का दुरुपयोग किया। हद तो तब हुई जब पूजा की अनुचित मांगों को प्रशासन द्वारा स्वीकारा नहीं गया तो उन्होंने अपनी निजी विदेशी लक्जरी कार का इस्तेमाल किया और उसी पर लाल बत्ती लगवा डाली। उन पर यह भी आरोप है कि एडिशनल कलेक्टर के छुट्टी पर रहने के दौरान खेडकर ने उनके चेंबर पर कब्जा कर लिया और अपनी नेमप्लेट तक लगा दी। इस तरह ताकत का प्रदर्शन करने के शौक ने उन्हें इस हद तक गिरा दिया कि वे नियम और कानून की खुलेआम धज्जियां उड़ाने लग गईं।

इतना ही नहीं जैसे ही इनकी अनुचित मांगों के कि स्से मीडिया में आने लगे तो इनके चयन को लेकर भी सवाल उठने शुरू हो गए। उल्लेखनीय है कि, सिविल सेवा परीक्षा के दौरान पूजा खेडकर ने यह दावा किया था कि वह मानसिक रूप से दिव्यांग हैं और उन्हें देखने में भी समस्या है। इसी दावे के चलते पूजा को रियायत मिली और कम अंक पाने के बावजूद उन्हें आईएएस में चुन लिया गया। परंतु हैरानी की बात यह है कि बिना मेडिकल जांच के ही उनका प्रशासनिक सेवा में चयन कैसे हुआ? नियम के अनुसार जब भी कोई उम्मीदवार यह दावा करता है कि वह दिव्यांग है तो मेडिकल विशेषज्ञों द्वारा इसकी जांच की जाती है।

पूजा की बात करें तो दिल्ली के एम्स अस्पताल में उनकी जांच अप्रैल 2022 में होनी थी। परंतु पूजा ने कोरोना संक्रमित होने का हवाला दे कर जांच में भाग नहीं लिया। एक महीने बाद जब उन्हें जांच के लिए दुबारा एम्स बुलाया गया तब भी वे नहीं पहुंची। गौरतलब है कि पांच बार मेडिकल जांच को चकमा देने के बाद, कुछ सप्ताह बाद उन्होंने एक निजी क्लिनिक की जांच रिपोर्ट जमा करवाई जिसे संघ लोक सेवा आयोग ने अस्वीकार कर दिया। इस सबके बावजूद न सिर्फ. पूजा का चयन आईएएस में हुआ बल्कि नियमों के विरुद्ध उन्हें ट्रेनिंग के लिए उनके गृह राज्य में ही भेज दिया गया। जबकि गृह राज्य में पोस्टिंग सेवाकाल के अंत में विशेष परिस्थितियों में दी जाती है।

मामले के तूल पकड़ने पर पूजा को उनकी ट्रेनी पोस्ट से हटा कर वापस मसूरी के लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी भेज दिया गया है जहां पूजा को उन पर लगे आरोपों की जांच होने तक रहना होगा।

यहां सवाल पूजा का नहीं है बल्कि आईएएस बनने या प्रशासनिक सेवा में चुने जाने वाले हर उस उम्मीदवार का है जिसके माता-पिता प्रभावशाली अफसर या बड़े नेता हैं। वरना क्या वजह है कि किसी बड़े नेता के बेटा-बेटी का सामान्य से भी कम बुद्धिमता होने के बावजूद आईएएस जैसी कठिन परीक्षा में एक बार में ही चयन हो जाता है? जबकि मेहनत और ईमानदारी से यूपीएससी की तैयारी करने वाले लाखों साधारण युवाओं का कई-कई प्रयासों के बाद भी चयन नहीं हो पाता? इन सब परतों से परदा तब उठता है जब प्रभावशाली अभिभावकों के ऐसे 'होनहार' बालक सोशल मीडिया पर कुछ ऐसा पोस्ट कर देते हैं जो उनके मानसिक स्तर को दशार्ता है।

आपको याद होगा कि उत्तर प्रदेश के एक आईएएस अधिकारी अभिषेक सिंह द्वारा गुजरात चुनाव में ड्यूटी के दौरान सरकारी कार के आगे खड़े होकर खिंचवाई गई फोटो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई थी। इसका संज्ञान लेते हुए केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने उनके आचरण को अनुचित माना और उन्हें चुनाव की ड्यूटी से हटा दिया था। परंतु अभिषेक जैसे आपको कई अधिकारी मिल जाएंगे जो कि चर्चा में बने रहने के लिए अपने पद की गरिमा का ध्यान न करके सोशल मीडिया पर ना जाने क्या-क्या डालते हैं। मामला पूजा खेडकर का हो या किसी प्रभावशाली मां-बाप के बेटे-बेटी का हो, ऐसी क्या मजबूरी है कि इन 'होनहारों' को यूपीएससी के चयन में एक के बाद एक छूट दे दी जाती है? जबकि किसी भी साधारण उम्मीदवार के साथ किसी भी तरह की रियायत नहीं दिखाई जाती।

पूजा के मामले के बाद ऐसे कई और उदाहरण भी सामने आए हैं जहां फजी दस्तावेजों के आधार पर कई उम्मीदवारों ने सिविल सेवा में बड़ी आसानी से भर्ती पाई। इस सबसे संघ लोक सेवा आयोग की निष्पक्षता पर भी सवाल उठने लगे हैं। देखना यह होगा कि ऐसी अनियमितताओं के लिए किस-किस को दोषी पाया जाता है?

# हम तो डूबे हैं सनम तुमको भी ले डूबेंगे

-तनवीर जाफरी-

मानसून की आमद हो चुकी है। इस मौसम में देश के किसी न किसी भाग से बाढ़, जलप्रलय, भूस्खलन, बादल फटने जैसी प्राकृतिक आपदाओं की खबरें आती रहती हैं। इस बार भी जहाँ हिमाचल प्रदेश व उत्तरांचल से बादल फटने व भूस्खलन की कई खबरें भयावह तस्वीरों के साथ आ चुकीं वहीँ केरल के वायनाड ज़िले के मुंडक्कई, चूरलमाला और मलप्पुरम ज़िले के नीलांबुर वन क्षेत्र में हुए सबसे खतरनाक व डरावने भूस्खलन ने तो पूरे देश को शोकमग्न कर दिया। खबरों के अनुसार इस भूस्खलन में अब तक 400 से अधिक लोगों की मौत व सैकड़ों लोगों के लापता होने का समाचार हैं। सैकड़ों मकान जमींदोज हो चुके हैं। हिमाचल व उत्तरांचल से आने वाली वह तस्वीरें जिनमें अनेक मकान व गाड़ियां जलसमाधि लेते दिखाई देते हैं वास्तव में प्रकृति की अथाह शक्ति का दर्शन कराती हैं। बेशक ऐसी त्रासदियों को प्राकृतिक आपदा का नाम दिया जा सकता है। क्योंकि प्रकृति का यह प्रहार कब कहाँ, किस रूप में और किस तीव्रता के साथ हो आधुनिक विज्ञान प्रौद्योगिकी के बावजूद किसी को इस बात का सही अंदाजा नहीं हो पाता।

परन्तु रिहायशी इलाकों में पानी भर जाना, भूमिगत मार्गों का तालाब में बदल जाना, नाली नालों का जाम होना आदि को तो प्राकृतिक आपदा का नाम हरगिज नहीं दिया जा सकता? नया संसद भवन यानी सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट जोकि 13, 450 करोड़ की लागत से लगभग 4 वर्षों में बनकर तैयार हुआ था और गत वर्ष 19 सितंबर 2023 से इस नई संसद भवन में पहली कार्यवाही शुरू की गई थी। इसी संसद भवन की एक गुंबद से बारिश में पानी टपकने लगा और जलभराव हो गया। संसद भवन में पानी टपकने की जगह पर बाल्टी रखी गयी थी जिससे पानी बाल्टी में गिर रहा था। कई सांसद भी बारिश में भीगते हुये बाहर निकल रहे थे। यानी नए संसद भवन में कोई पोर्टिको भी नहीं है और संभवत वहां जल निकासी की भी कोई व्यवस्था नहीं है। अब संसद भवन के टपकने में प्रकृति का क्या दोष? इस घटना के बाद आरोप लग रहा है कि यहाँ न तो छत वाटर प्रूफ है न ही पानी निकासी के समुचित प्रबंध हैं न सीवर ड्रेनेज सिस्टम सही है। जबकि अंग्रेजों द्वारा निर्मित पुराना संसद भवन जोकि 97 साल पहले 1927 में बनाया गया था आखिर उसके टपकने या लीक होने की तो आज तक कोई खबर नहीं आयी? परन्तु मात्र एक वर्ष पहले तैयार हुआ संसद भवन टपकने भी लगा? इस घटना में प्रकृति दोषी है या भ्रष्ट प्रबंधन या अकुशल, अदूरदर्शी निर्माणकर्ता व इंजीनियर्स?

इसी तरह मानसून से पहले ही जून माह के अंत में जब पहली बारिश हुई उस समय अयोध्या में राम मंदिर मंदिर की छत टपकने लगी। राम मंदिर के मुख्य पुजारी सत?येंद्र मिश्र ने उसी समय मामले की गंभीरता का जिक्र करते हुये कहा था कि, ह्यगर्भगृह में, जहां रामलला विराजमान हैं, वहां भी पानी भर चुका है। ऐसे में कहीं बिजली का करंट न उतर आए इसलिए सुबह 4 बजे और 6 बजे होने वाली आरती टॉर्च की रोशनी में करनी पड़ी। उसी समय पुजारी ने यह भी कहा था कि अगर एक-दो दिन में इंतजाम नहीं हुआ, तो दर्शन और पूजन की व्यवस्था बंद करनी पड़ेगी। ह्ल अभी तक राम मंदिर का जो केवल एक फ्लोर तैयार हुआ है इसी पर लगभग 1800 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। परन्तु मंदिर ट्रस्ट के कई जिम्मेदार लोगों द्वारा पुजारी सत?येंद्र मिश्र के आरोपों को झुठलाने की कोशिश की गयी। जरा सोचिये यह घटना प्राकृतिक आपदा का परिणाम है या भ्रष्टाचारी व अकुशल निर्माण व्यवस्था का? पिछले दिनों अयोध्या में ही दस से अधिक जगहों पर सड़कों के धंसने के भी सचित्र समाचार आये थे।

ऐसी ही शुरूआती बारिश में पिछले महीने इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर पार्किंग की छत गिर गई थी। इस हादसे में कार में बैठे एक कैब ड्राइवर की मौत हो गई थी और 10 अन्य घायल हो गये थे। उसी दौरान देश के अनेक हवाई अड्डों की छतों के टपकने व पानी से एयरपोर्ट के लबालब भर जाने के समाचार आये थे। पिछले दिनों भी मध्यप्रदेश के सतना में 30 करोड़ की लागत से बने एयरपोर्ट में बारिश का पानी भर गया। एयरपोर्ट की एयर स्ट्रिप में भी पानी भर गया। जिससे एयरपोर्ट क्षेत्र में विकास कार्यों की गुणवत्ता व इसकी डिजाइन पर सवाल उठने लगे हैं कि आखिर मात्र डेढ़ इंच बारिश ने सतना में 30 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस नवनिर्मित एयरपोर्ट को जल-भराव के कारण अपनी चपेट में कैसे ले लिया? इसी तरह जयपुर में भी पिछले दिनों हुई बारिश ने तो पूरी गुलाबी नगरी को ही डुबो कर रख दिया। स्मार्ट सिटी कहे जाने वाले जयपुर में एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, अस्पताल, कार्यालय, स्कूल, बाजार, मुहल्ले कॉलोनी पुलिस थाने आदि सभी जलमग्न हो गये। जगह-जगह सड़कें धंस गईं, जिनमें स्कूल बस, रिक्शा, कारें और बुलडोजर तक समा गए। इसी तरह बंगाल के बर्धमान जिले के दुगार्पुर में हुई लगातार बारिश के कारण हवाई अड्डे के परिसर में और उसके आसपास जलभराव हो गया है। जिससे काजी नजरूल इस्लाम हवाई अड्डे से आने-जाने वाली उड़ानें प्रभावित हुई हैं। एक अधिकारी ने कहा कि नई दिल्ली और बेंगलुरु सहित हवाई अड्डे से आने-जाने वाली लगभग तीन उड़ानों को रद्द करना पड़ा। इसी प्रकार बेंगलुरु एयरपोर्ट पर भी भारी जलजमाव की खबरें हैं।

# गैर-सरकारी संगठन में खत्म होते उद्देश्य

-संजय गोस्वामी-

गैर-सरकारी संगठन ( एनजीओ) को आमतौर पर गैर-लाभकारी संगठन भी कहा जाता है। ये संगठन आम तौर पर सामाजिक कल्याण, सामाजिक विकास और अन्य धर्मार्थ उद्देश्यों को बढ़ावा देने के लिए बनाए जाते हैं। भारत में, इस तरह के संगठन को ट्रस्ट, सोसाइटी या सेक्शन 8 कंपनी के रूप में स्थापित किया जा सकता है। ध्यान रखें कि ये एक जैसे नहीं हैं। संगठन की स्थापना के माध्यम से आप क्या हासिल करना चाहते हैं, इसके आधार पर उनके अलग-अलग उद्देश्य और उपयोग होते हैं। इस ट्रस्ट में वैज्ञानिक संस्थान भी स्थापित किया जा सकता है। हिन्दी विज्ञान साहित्य परिषद मुम्बई का गठन अनुसन्धान केन्द्र में कार्यरत कुछ वैज्ञानिकों एवं इंजीनियरों के सामूहिक प्रयास से पूर्व सन 1968 में हुआ था। इसका गठन राष्ट्रभाषा प्रेम, जनसामान्य तक वैज्ञानिक साहित्य को पहुंचाने, वैज्ञानिक साहित्य की रचना तथा प्रसार के काम को सुसंगठित रूप में चलाने के उद्देश्य से हुआ था। ह्यपरिषद की गतिविधियों में सबसे मुख्य एवं स्थाई गतिविधि त्रैमासिक पत्रिका वैज्ञानिक का अनवरत प्रकाशन रही है। जो आज भी चल रही है हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद, मुंबई का उद्देश्य विज्ञान को हिंदी में पहुंचाने का कार्य हिंदी में रूचि रखने वाले सदस्यों के आम सभा में कार्यकारिणी की चुनाव में चयनित लोगों द्वारा संपन्न किया जाता था पहले आम सहमति से परिषद की कार्यकारिणी समिति का गठन किया जाता था बाद में इसमें लोगों की रूचि बढ़ि और एक पद के लिए उससे ज्यादा उम्मीदवार हो गए और चुनाव का पहला क्रम 2016 में 2016-18 हेतु आम सभा में नियमानुसार चुनाव हुआ और सभी ने कमिटी के गठन में सहयोग दिया और परिषद अपने रफ़्तार से चल पड़ी और पुनः इसी क्रम में 2018 में 2018-20 हेतु चुनाव आमसभा में हुई और पुनः कुछ नए पुराने लोगों ने मिलकर काम किया जब 2020 में कोविड का प्रकोप आया तो चुनाव को टाला गया क्योंकि प्रशासन की अनुमति ही नहीं मिली थी लेकिन चुनाव का जोड़ इस तरह पकड़ा की कोरोना की लहर 2021 में थमी की सेमिनार को रद्द करना पड़ा और इसी क्रम में सेमिनार के खर्चा को लेकर आपसी विवाद इस तरह बढ़ा कि आनन फानन में 28मार्च 21 को सचिव ने एक ऑनलाइन आम सभा बुलाकर चंद लोगों द्वारा मुद्दे को दबाकर एक चुनाव अधिकारी को नियुक्त किया गया लेकिन वो सर्वमान्य नहीं था क्योंकि ऑनलाइन में लोगों की संख्या बहुत ही कम थी जब इलेक्शन को 14 अगस्त 21 को जबरदस्ती कराया गया तो मुझे बहुत गुस्सा आया क्योंकि जो अध्यक्ष का पद होता है वो एक गरिमामयी पद होता है और उस पद के लिए दो लोगों ने नामांकन किया जिसमें एक उम्मीदवार अस्पताल में भर्ती था और बाई पास सर्जरी होने वाला था इसका लाभ दूसरे उमीदवार ने उठाया और सारे नियमों की धज्जियाँ उड़ाते हुए मनमानी और गलत तरीके से चुनाव में जीत की घोषणा चुनाव अधिकारी ने की, इतना भी समझते नहीं है कि मानवता को मार कर इलेक्शन जीत कर भी दूसरों का दिल को नहीं जीत पाएं ऐसे पद भी मिल जाए तो मैं इंसान नहीं हैवान हो जाऊंगा अतः जो समझदार थे वो एक एक कर किनारा कर लिया और अब भी लगता है कि मैं अध्यक्ष हूँ ऐ भूल है इंसान इंसान के काम ना आ सके तो जीने का मतलब ही क्या? यदि आप सही में ईमानदार और सच्चे हैं, तो इसका अभिमान न करें। कभी-कभी पद के लालच में लोग अव्यावहारिक होकर कठोर बन जाते हैं और इन्सानियत की धुन में अपनी दया, करुणा एवं सहयोग की भावना को खो बैठते हैं तथा दूसरों पर संदेह करने, दूसरों से घृणा करने लगते हैं। एनजीओ आज ठीक नहीं है इन्सानियत होने के अतिरिक्त उचित सहायता-सहयोग देने के लिए सदैव प्रस्तुत रहने की भावना होना मनुष्य को स्वस्थ और संतुलित रखता है, मानव को मानव बनाये रखता है। कभी-कभी लालच की धुन मनुष्य को वहमी बना देती है। व्यावहारिता और यथार्थ का धरातल कभी न छोड़ें। गैर-सरकारी संगठन का उद्देश्य मानव हित होता है तथा सीमा से परे जाने पर सिद्धान्त अमानवीय हो जाते हैं। यदि आप ईमानदार है, तो दूसरों से प्रशंसा की आशा कदापि न करें, क्योंकि इस संसार में बेईमान अथवा ईष्यार्लु लोग प्रायः बिना संकोच ईमानदार आदमी पर झूठे आरोप लगाया करते हैं। दूसरों के मुख पर कालिमा पोतने से पूर्व ईष्यार्लु के हाथ काले हो जाते हैं। दूसरों को फँसाने के लिए बिछाया हुआ जाल अवश्य एक दिन जाल बिछानेवाले को ही फँसा देता है। दूसरों के लिए गड्ढ़ा खोदनेवाला स्वयं ही उसमें गिर पड़ता है। यह प्रकृति का नियम है। यदि हमारा अन्तःकरण स्वच्छ है, आत्मा प्रबल है और

NCR समाचार
संपादकीय कार्यालय
जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार
प्रात: 9:00 से सायं 9:00
फोन: 8888883968, 9811111715

## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

## संक्षिप्त खबरें

### शेयरचैट ने डिबेंचर राउंड को बढ़ाकर $65 मिलियन किया




**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी घरेलू सोशल मीडिया कंपनी शेयरचैट (मोहल्ला टेक प्राइवेट लिमिटेड) ने कहा कि उसने सिंगापुर स्थित एक प्रमुख वैश्विक निवेशक एङ्कक से नए निवेश को समायोजित करने के लिए अपने परिवर्तनीय डिबेंचर राउंड को $65 मिलियन तक बढ़ा दिया है। इन अतिरिक्त निधियों का उपयोग कंपनी के विज्ञापन तकनीक स्टैक में और अधिक निवेश करने और क्रिएटर इकोसिस्टम के लिए नए मुद्रीकरण सुविधाओं में निवेश के साथ उपभोक्ता लेनदेन व्यवसायों का विस्तार करने के लिए किया जाएगा। वर्तमान में, शेयरचैट ऐप पिछले कई महीनों से परिचालन रूप से लाभदायक है, जबकि टङ्क ऐप परिचालन ब्रेक-ईवन के करीब है। इस साल अप्रैल में, शेयरचैट ने मौजूदा निवेशकों लाइटस्पीड, टेमासेक, एल्केन कैपिटल, मूर स्ट्रेटेजिक वेंचर्स और हार्बरवेस्ट के नेतृत्व में फंडिंग राउंड में परिवर्तनीय डिबेंचर के माध्यम से $49 मिलियन जुटाए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शेयरचैट $16 मिलियन का फंड जुटाने जा रहा है, जबकि द्वि-वार्षिक प्रदर्शन समीक्षा के बाद अपने कर्मचारियों (लगभग 30-40 कर्मचारियों) के लगभग 5 प्रतिशत को नौकरी से निकाल रहा है। मामले से परिचित एक व्यक्ति ने कहा, "यह तथ्य कि शेयरचैट ईडीबीआई जैसे सॉवरेन फंड से नया निवेश आकर्षित कर सकता है, एक महत्वपूर्ण सकारात्मक संकेत है।" "आज के सतर्क निजी निवेश माहौल में इस क्षमता के नए निवेशकों को आकर्षित करना दशार्ता है कि बाजार कंपनी कीलाभदायक व्यवसाय बनाने की दिशा में प्रगति पर ध्यान दे रहा है।" शेयरचैट भारत का सबसे बड़ा लघु वीडियो प्लेटफॉर्म टङ्क चलाता है, इसके अलावा शेयरचैट ऐप भी चलाता है, जो सामूहिक रूप से 325 मिलियन से अधिक उपयोगकताओं को सेवा प्रदान करता है। शेयरचैट ने कहा कि इसने 15 से अधिक भारतीय भाषाओं में सामग्री की पेशकश करके भारत में सोशल मीडिया का लोकतंत्रीकरण किया है। अपने बहुभाषी दृष्टिकोण और विविध विज्ञापन प्रारूपों के माध्यम से, कंपनी ने देश में 200 से अधिक विज्ञापनदाताओं के लिए काम किया है, जिनमें एचयूएल, मारुति, पीएंडजी, हीरो और सैमसंग शामिल हैं। पिछले कुछ वर्षों में, शेयरचैट ने कहा कि इसने अपने मुद्रीकरण के रास्ते तेजी से बढ़ाए हैं, जिसमें वर्चुअल गिफ्टिंग भी शामिल है, जहां यह एक बड़े अंतर से बाजार में अग्रणी है।

### राणे समूह की पहली तिमाही का परिणाम




**नई दिल्ली।** विविधीकृत समूह राणे समूह की होल्डिंग कंपनी राणे होल्डिंग्स लिमिटेड ने अप्रैल-जून 2024 तिमाही के लिए कर के बाद अपने लाभ में 61.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, जो 19.5 करोड़ रुपये है। शहर में मुख्यालय वाली इस कंपनी ने पिछले वर्ष की इसी तिमाही के दौरान कर के बाद 12.1 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया था। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कुल राजस्व 6.71 प्रतिशत घटकर 837.4 करोड़ रुपये रह गया, जो एक साल पहले इसी ऊ४१३ङ्कल्ल में दर्ज 897.7 करोड़ रुपये था। अप्रैल-जून 2024 तिमाही के लिए ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की कमाई (ईबिट्डा) 79.8 करोड़ रुपये रही, जबकि एक साल पहले यह 80.9 करोड़ रुपये दर्ज की गई थी। जून-तिमाही के दौरान ईबिट्डा मार्जिन 9.5 प्रतिशत रहा, जबकि पिछले साल की इसी तिमाही में यह 9 प्रतिशत दर्ज किया गया था। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान घरेलू मूल उपकरण (ओई) ग्राहकों से राजस्व में 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे यात्री वाहन खंड में मजबूत वृद्धि को समर्थन मिला। एलएमसीए व्यवसाय के विनिवेश के कारण अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों से राजस्व में मुख्य रूप से 17 प्रतिशत की कमी आई, जबकि भारतीय आफ्टरमार्केट खंड से राजस्व में 1 प्रतिशत की कमी आई। 2023 में, राणे मद्रास लिमिटेड ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी राणे लाइट मेटल कास्टिंग इंक, यूएसए (एलएमसीए) को बेचने का फैसला किया।

### अडानी समूह दिल्ली-एनसीआर रियल एस्टेट बाजार में प्रवेश की सम्भावना




**नई दिल्ली।** उद्योगपति गौतम अडानी के नेतृत्व वाला अडानी समूह दिल्ली-एनसीआर रियल एस्टेट बाजार में प्रवेश कर सकता है। अडानी समूह दिवालिया जेपी समूह की संपत्ति का विश्लेषण कर रहा है। अडानी जेपी ग्रुप का रियल एस्टेट और सीमेंट कारोबार खरीद सकते हैं। अडाणी ग्रुप इन संपत्तियों के लिए 1 अरब डॉलर (करीब 8,300 करोड़ रुपये) तक की बोली लगा सकता है। गौरतलब है कि जेपी ग्रुप पर देश के कई बैंकों का 50,000 करोड़ रुपये बकाया है. जेपी समूह की रियल एस्टेट संपत्तियों का स्वामित्व समूह की प्रमुख कंपनी जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) के पास है। जेपी ग्रुप की रियल एस्टेट होल्डिंग्स में ग्रेटर नोएडा में 452 एक-ड़ की जेपी ग्रीन्स टाउनशिप जैसी हाई-प्रोफाइल परियोजनाएं शामिल हैं, जिसमें लक्जरी विला, अपार्टमेंट और एक गोल्फ कोर्स शामिल हैं।

इसके अलावा, कंपनी के पास नोएडा में जेपी ग्रीन्स विश टाउन और जेपी ग्रीन्स स्पोर्ट्स सिटी नामक 1,063 एकड़ में फैली एक नगर निगम परियोजना भी है जिसमें यमुना एक्सप्रेसवे के साथ बनाया गया एक रेस ट्रैक भी शामिल है जो वर्तमान में मुंबई की संपत्ति तक ही सीमित है। अडानी ग्रुप का रियल एस्टेट कारोबार अभी भी पूरे मुंबई में ही फैला हुआ है। इसकी कीमत करीब 6,000 करोड़ रुपये है. कंपनी के पास धारावी स्लम के पुनर्विकास के लिए एक मेगा प्रोजेक्ट है। इसके अलावा, समूह के पास बांद्रा में एक बड़ी जमीन भी है। हाल ही में, समूह ने बांद्रा रिक्लेमेशन में भूमि का अधिग्रहण किया और मुंबई में कई संपत्तियों का पुनर्विकास भी किया है।

आप देश के सबसे बड़े रियल एस्टेट बाजार में प्रवेश करेंगे। अगर अडानी ग्रुप जेपी ग्रुप का रियल एस्टेट कारोबार खरीद लेता है तो अडानी देश के सबसे बड़े रियल एस्टेट बाजार में प्रवेश कर जाएगा। जेपी ग्रुप की रियल एस्टेट संपत्ति दिल्ली-एनसीआर में फैली हुई है, जिसमें कई प्रीमियम अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स, विला और गोल्फ कोर्स आदि शामिल हैं। जेपी की रियल एस्टेट होल्डिंग्स के अलावा, अडानी ग्रुप उसकी सीमेंट यूनिट के लिए भी बोली लगाने की तैयारी कर रहा है। अदानी समूह के प्रस्तावित समाधान पैकेज में, दोनों व्यवसायों के अधिग्रहण के लिए बैंकों और अन्य ऋणदाताओं को लगभग 15,000 करोड़ रुपये की पेशकश की जा सकती है।

# वैश्विक खाद्य संकट के समाधान के लिए काम कर रहा भारत, कृषि अर्थशास्त्रियों के सम्मेलन में बोले PM मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दिल्ली में कृषि अर्थशास्त्रियों के 32वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे। इस कार्यक्रम में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद रहे। पीएम मोदी ने इस कार्यक्रम में मौजूद कृषि अर्थशास्त्रियों को संबोधित भी किया। उन्होंने बताया कि 65 वर्षों बाद भारत में इस तरह का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, जिसे देखकर वह खुश हैं। पीएम मोदी ने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को स्वागत किया। उन्होंने बताया कि कृषि को लेकर हमारी परंपराएं हमारे देश की तरह ही प्राचीन है।

पीएम मोदी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा, 65 साल बाद देश में इस तरह का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, इसे देखकर मैं बहुत खुश हूं। इस दुनिया के विभिन्न देशों से आपलोग यहां आए हैं। मैं 12 करोड़ भारतीय किसानों, तीन करोड़ भारतीय महिला किसानों और तीन करोड़ मछुआरों की तरफ से आपका स्वागत करता हूं। आज आप उस देश में हैं, जहां 55 करोड़ पशु रहते हैं। आप सभी का कृषि प्रधान और पशु प्रेमी देश में स्वागत है। उन्होंने आगे कहा, भोजन और कृषि के बारे में हमारी परंपराएं और अनुभव हमारे देश की तरह ही प्राचीन हैं। भारत में कृषि परंपरा में विज्ञान को प्राथमिकता दी जाती है।"

पीएम मोदी ने कहा कि पिछली बार जब भारत ने इस सम्मेलन की मेजबानी की थी, तब उसे आजादी मिले ज्यादा समय नहीं हुआ था। वह दौर देश में कृषि एवं खाद्य



सुरक्षा के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण दौर था। उन्होंने कहा, भारत अब एक खाद्य अधिशेष देश है। यह दुनिया में दूध, दालों और मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक है। इसके अलावा, भारत खाद्यान्न, फल, सब्जी, कपास, चीनी और चाय का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक भी बन गया है। एक दौर था, जब भारत की खाद्य सुरक्षा दुनिया के लिए चिंता का सबब थी। अब, भारत वैश्विक खाद्य और पोषण सुरक्षा के लिए समाधान प्रदान करने की दिशा में काम कर रहा है।"

पीएम मोदी ने बताया कि भारत पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य हासिल करने की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि भारत ने पिछले 10 वर्षों में जलवायु परिवर्तन के प्रति कम संवेदनशील फसलों की 1,900 नयी प्रजातियां प्रदान की हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, भारत में कृषि से जुड़ी शिक्षा और अनुसंधान से जुड़ा एक मजबूत इकोसिस्टम बना हुआ है। इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च के ही 100 से ज्यादा रिसर्च संस्थान हैं। भारत में कृषि और उससे संबंधित विषयों की पढ़ाई के लिए 500 से ज्यादा कॉलेज हैं। भारत में 700 से ज्यादा कृषि विज्ञान केंद्र हैं जो किसानों तक नई तकनीक पहुंचाने में मदद करते हैं।

उन्होंने आगा कहा, "पिछली बार जब आईसीएई सम्मेलन भारत में हुआ था वो भारत की कृषि और खाद्य सुरक्षा को लेकर चुनौतीपूर्ण समय था। भारत को नई-नई आजादी मिली थी। आज भारत एक खाद्य अधिशेष वाला देश है। आज भारत दूध, दाल और मसालों का सबसे बड़ा उत्पादक है। आज भारत वैश्विक खाद्य सुरक्षा और वैश्विक पोषण सुरक्षा के समाधान देने में जुटा है।

**शिवराज सिंह ने की पीएम मोदी की सराहना....**कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री की सराहना की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नतृत्व में कृषि के क्षेत्र में भारत का विकास दर दुनिया में शीर्ष पर है। उत्पादन बढ़ाना चाहिए, लेकिन भारत हमेशा सुरक्षित उत्पादन को लेकर चिंतित रहा है। मानव शरीर,

## जागीरोड में सेमीकंडक्टर निर्माण व परीक्षण संयंत्र का भूमि पूजन हुआ



**नई दिल्ली** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और टाटा संस लिमिटेड के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने शनिवार को मोरीगांव जिले के जागीरोड में 27,000 करोड़ रुपये के सेमीकंडक्टर निर्माण और परीक्षण संयंत्र का भूमि पूजन किया। जागीरोड में टाटा सेमीकंडक्टर संयंत्र, भारत का पहला स्वदेशी सेमीकंडक्टर निर्माण और परीक्षण संयंत्र है।

सरमा और चंद्रशेखरन, दोनों ने देश के विभिन्न हिस्सों से आए पुजारियों के मंत्रोच्चार के बीच अनुष्ठान किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सेमीकंडक्टर संयंत्र के 3-डी मॉडल का अनावरण किया गया। सरमा ने इससे पहले एक्स पर पोस्ट में लिखा था, "जल्द ही जागीरोड आने और संयंत्र का भूमि पूजन करके सेमीकंडक्टर संयंत्र का काम शुरू करने के लिए उत्सुक हूं।"

मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में कहा, "आज असम के लिए एक ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि हिमंत बिस्वा सरमा जागीरोड में टाटा सेमीकंडक्टर निर्माण और परीक्षण संयंत्र का भूमि पूजन करेंगे।" पोस्ट में आगे कहा गया कि संयंत्र चालू होने के बाद यह असम के औद्योगिक परिदृश्य को बदल देगा और वृद्धि के एक नए युग की शुरूआत होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस साल 13 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए इस संयंत्र की आधारशिला रखी थी।

जागीरोड में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स की अत्याधुनिक परियोजना में 27,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा और इससे 30,000 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। संयंत्र का पहला चरण 2025 के मध्य तक चालू होने की उम्मीद है।


कंपनी ने कहा कि प्रस्तावित संयंत्र एआई, औद्योगिक और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे प्रमुख बाजार क्षेत्रों में बढ़ती वैश्विक मांगों को पूरा करेगा। यह परियोजना पूर्वोत्तर भारत में औद्योगीकरण को बढ़ावा देगी।

असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने ट्वीट किया, "असम अगला वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक हब बनने के लिए तैयार है। मां कामाख्या, श्रीमंत शंकरदेव और हमारे लोगों के आशीर्वाद से, मैंने टाटा संस के अध्यक्ष श्री एन चंद्रशेखरन के साथ जागीरोड में टाटा सेमीकंडक्टर सुविधा का भूमि

## देश की 75 हजार ग्राम पंचायतों में हो रहा डिजिटल कामकाज, बड़े राज्यों से आगे छोटे सूबे

**मुंबई** । देश में ग्राम पंचायतों को डिजिटल ट्रान्सफोर्मेशन करने के लिए जो योजना चलाई जा रही है उसमें से देश में कुल 2.69 लाख ग्राम पंचायतों में से 2.18 लाख ग्राम पंचायत ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के साथ रेडी कैटेगरी में है। इनमें से देश में 75002 पंचायते हैं जो डिजिटल रूप से कामकाज कर रही हैं। जिसमें से गुजरात में 11465 पंचायते हैं जिनका कामकाज डिजिटल में शुरू हो चुका है। एक रिपोर्ट के अनुसार देश में दूसरे स्थान पर पंजाब और तीसरे स्थान पर राजस्थान आता है जहां पंचायतों में डिजिटल रूप से कामकाज शुरू हो गया है। रिसर्च एंजेसी सर्विसएट नाउ के रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर प्रदेश 57 हजार से अधिक पंचायत हैं जिसमें से 47 हजार पंचायत रेडी कैटेगरी में हैं। राज्यसभा में इन आंकड़ों की जानकारी सरकार द्वारा दी गई। सरकारी आंकड़ों के अनुसार यह देश में पंचायतों के डिजिटल ट्रांसफोर्मेशन बनाने के लिए ई-ग्राम स्वराज योजना को अपनाने में गुजरात सबसे आगे है।

**ई-ग्राम पंचायत गुजरात सबसे आगे...**रिपोर्ट के अनुसार ई-ग्राम स्वराज योजना के तहत ई-ग्राम पंचायत में पहले स्थान पर गुजरात है, जहां 14621 ग्राम पंचायत हैं, जिसमें से 9653 पंचयातों में ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा उपलब्ध है। सरकारी आंकड़ों की बात करें तो महाराष्ट्र में 3877, छत्तीसगढ़ में 1651, मध्यप्रदेश में 2754 पंचायत



कामकाज करने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अभी भी बड़े राज्यों में ई-ग्राम पंचायतों की संख्या कम है। जिसकी बड़ी वजह ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी को इन राज्यों के ग्रामीण इलाकों तक पहुंचाने में समस्या हो रही है। छोटे राज्यों की तुलना में बड़े राज्यों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी की उपलब्धता कम है।

हाल ही में मध्य प्रदेश की राज्य सरकार ने ग्राम पंचायतों को डिजिटल करने की कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए पंचायत तथा ग्रामीण विकास विभाग ने ई-पंचायत की स्थापना के लिए काम शुरू कर दिया है। जिसके लिए बुनियादी व्यवस्थाओं की आपूर्ति के लिए काम शुरू कर दिया है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार प्रमुख पांच राज्य में जहां ई-ग्राम पंचायत कामकाज कर रही हैं उसमें गुजरात पहले नबंर पर है। यहां कुल ग्राम पंचायत 14621 हैं, जिसमें से 14559 ग्रांप पंचायत सेवाएं देने के लिए तैयार हैं। इनमें से ऑपरेशनल पंचायत लगभग 11465 हैं। दूसरे नंबर पर पंजाब है जहां कुल ग्राम पंचायत 13238 है सेवाएं देने के लिए लगभग 12807 तैयार हैं, इनमें से 9432 पंचायत ऑपरेशन कर रही हैं। इस सूची में राजस्थान तीसरे स्थान पर जहां 11208 ग्राम पंचायत हैं और इनमें से सेवाएं देने के लिए तैयार 8997 पंचायते हैं, लेकिन वर्तमान में 6421 ही पंचायते ऑपरेशनल हैं। चाथे स्थान पर तेलगाना है जहां कुल ग्राम पंचायत की संख्या 12771 है इसमें सेवाओं के लिए तैयार कुल 10915 हैं लेकिन वर्तमान में केवल 5812 ही पंचायत सेवाएं दे रही हैं। पांचवें स्थान पर आंध्र प्रदेश है जहां कुल पंचायत 13326 हैं और उनमें 12967 तैयार हैं लेकिन सेवाएं 5559 पंचायतें दे रही हैं।

**बडें राज्यों में ई-पंचायत की संख्या कम...**बड़े राज्यों में ई-पंचायत की संख्या कम है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार छत्तीसगढ़ में कुल ग्रामी पंचायत 11645 हैं जिसमें से सेवाएं देने के लिए 9759 तैयार हैं लेकिन इनमें से केवल 1651 पंचायत ही काम कर रही हैं। इस सूची में मध्यप्रदेश में कुल ग्राम पंचायत 23011 में से 18105 सेवाएं देने को तैयार लेकिन 2754 ही काम कर रही हैं। तमिलनाडू में कुल ग्राम पंचायत 12525 हैं जिसमें से 9882 तैयार हैं लेकिन केवल 3449 सेवाएं दे रही हैं। इसके बाद महाराष्ट्र है जहां कुल ग्रामी पंचायत 27911 है, इनमें से 24597 सेवाओं के लिए तैयार है और 3877 की ऑपरेशन कर रही हैं। उत्तर प्रदेश में कुल 57691 ग्राम पंचयात हैं जिसमें से 47341 सेवाएं देने के लिए तैयार हैं लेकिन इनमें से 3921 ही ई-ग्राम पंचायत सेवा दे रही हैं।

**क्या है ई-ग्राम स्वराज योजना?...**डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण इलाकों को डिजिटल इंडिया से जोड़ा जाएगा। सरकार गांवों के विकास और ग्रामीणवासियों को सुविधाएं देने के ई-ग्राम स्वराज योजना में ई-पंचायत योजना शुरू की है। जिसमें घर बैठे पंचायत और सरकार की सभी योजना की जानकारी मिलेगी और कामकाज में पारदर्शिता आएगी।

**क्या हैं चुनौतियां?...**जानकारों का कहना है सरकार पूरा प्रयास कर रही है लेकिन ग्रामीण इलाकों में अभी भी डिजिटल बुनियादी ढांचागत सुविधाओं की कमी है। बिजली ब्रॉडबैंड नेटवर्क कनेक्टिवटी और बैंकों कम सुविधाएं कम हैं। लोगों में डिजिटल साक्षरता की कमी होने की वजह से समस्या आ रही है। सरकारी आंकडों को देखें तो बड़े राज्यों में ई-पंचायत की संख्या कम है। कुछ राज्य ऐसे हैं जहां ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल साक्षरता पर जोर

## भारत को अमेरिका की प्रति व्यक्ति आय के चौथे हिस्से तक पहुंचने में लगेंगे 75 साल, विश्व बैंक

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक की 'विश्व विकास रिपोर्ट 2024ः द मिडिल इनकम ट्रैप' के अनुसार, चीन को प्रति व्यक्ति अमेरिकी आय के एक-चौथाई तक पहुंचने में 10 वर्षों से अधिक का समय लगेगा। इस उपलब्धि को हासिल करने में इंडोनेशिया को लगभग 70 साल लगेंगे। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले कुछ दशकों में भारत समेत 100 से ज्यादा देशों को उच्च आय वाला देश बनने में गंभीर बाधाओं का सामना करना पड़ेगा। इस रिपोर्ट के अनुसार भारत को प्रति व्यक्ति अमेरिकी आय की एक चौथाई तक ही पहुंचने में करीब 75 साल लग सकते हैं।

विश्व विकास रिपोर्ट 2024ः द मिडिल इनकम ट्रैप के अनुसार, चीन को प्रति व्यक्ति अमेरिकी आय के एक-चौथाई तक पहुंचने में 10 साल से अधिक का समय लगेगा। जबकि इंडोनेशिया को यह उपलब्धि हासिल करने में लगभग 70 साल लगेंगे। पिछले 50 साल



के अनुभव के आधार पर रिपोर्ट में कहा गया है कि देश जैसे-जैसे अमीर होते जाते हैं, वे आमतौर पर प्रति व्यक्ति सालाना अमेरिकी जीडीपी के करीब 10 फीसदी पर 'एक जाल' में फंस जाते हैं, जो कि वर्तमान समय में करीब 8,000 डॉलर के बराबर है। विश्व बैंक मध्यम आय वाले देशों को जिस राशि के आधार पर वगीर्कृत करता है, यह उसके ठीक मध्य की राशि है।

वर्ष 2023 के अंत में 108 देशों को मध्यम आय के रूप में वगीर्कृत किया गया था, जिनकी प्रति व्यक्ति वार्षिक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) 1,136 अमेरिकी डॉलर से 13,845 अमेरिकी डॉलर के बीच थी। इन देशों में छह अरब लोग रहते हैं - जो वैश्विक आबादी का 75 प्रतिशत - और इन देशों में हर तीन में से दो लोग अत्यधिक गरीबी में रहते हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि तेजी से बढ़ती आबादी और बढ़ता कर्ज, भयंकर भूराजनीतिक और व्यापार घर्षण और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना आर्थिक प्रगति को गति देने की बढ़ती कठिनाई की तुलना में आगे का रास्ता और भी कठिन चुनौतियां हैं।

रिपोर्ट के अनुसार फिर भी कई मध्यम आय वाले देश अभी भी पिछली शताब्दी से एक प्लेबुक का उपयोग करते हैं, मुख्य रूप से निवेश का विस्तार करने के लिए डिजाइन की गई नीतियों पर भरोसा करते हैं। यह कार को सिर्फ पहले गियर में चलाने और इसे तेज करने की कोशिश करने जैसा है।

विश्व बैंक समूह के मुख्य अर्थशास्त्री और विकास अर्थशास्त्र के वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंदरमित गिल ने कहा कि अगर वे पुरानी प्लेबुक के साथ चिपके रहते हैं, तो अधिकांश विकासशील देश इस सदी के मध्य तक यथोचित समृद्ध समाज बनाने की दौड़ में स्थिति खो देंगे।

रिपोर्ट में कहा गया है, 'मौजूदा रूझानों के हिसाब से चीन को प्रति व्यक्ति अमेरिकी आय के एक चौथाई हिस्से तक पहुंचने में ही 10 साल से अधिक का वक्त लगेगा, इंडोनेशिया को करीब 70 साल और भारत को यह उपलब्धि हासिल करने में करीब 75 साल लगेंगे। गिल ने यह भी कहा कि वैश्विक आर्थिक समृद्धि की लड़ाई मध्यम आय वाले देशों में काफी हद

## पहली तिमाही में एसबीआई का शुद्ध मुनाफा 17035 करोड़ रुपये रहा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (रइक)ने शनिवार को 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के नतीजे जारी किए। वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में बैंक को 17,035 करोड़ रुपये का स्टैंडअलोन शुद्ध लाभ हुआ। यह एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी की ओर से रिपोर्ट किए गए 16,884.29 करोड़ रुपये के शुद्ध मुनाफे से 0.9% अधिक है।

भारतीय स्टेट बैंक के शुद्ध मुनाफे का यह आंकड़ा बाजार के 16,786 करोड़ रुपये के अनुमान से भी अधिक है। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान बैंक का अर्जित ब्याज 1,11,526 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में ऋणदाता की ओर से रिपोर्ट किए गए 95,975 करोड़ रुपये के मुकाबले 16% अधिक है।

**बॉन्ड जारी कर 25,000 करोड़ जुटाएगी एसबीआई**

भारतीय स्टेट बैंक (रइक) ने शनिवार, 3 अगस्त को वित्तीय वर्ष




2024-25 (द1ऋ25) के लिए अपने अप्रैल-जून तिमाही परिणामों की घोषणा की। इसके साथ ही ऋणदाता के बोर्ड ने चालू वित्त वर्ष (ऋ25) में टियर-1 और टियर-2 बॉन्ड के माध्यम से ?25,000 करोड़ तक के धन जुटाने की योजना को मंजूरी दी है।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी) ने यह भी कहा कि मौजूदा धन जुटाने की की कार्रवाई "भारत सरकार की मंजूरी के अधीन, जहां भी आवश्यक हो" है। एसबीआई ने शेयर बाजारों को नियामकीय सूचना में कहा, "केंद्रीय बोर्ड ने वित्त वर्ष 2025 के दौरान भारतीय और/या विदेशी निवेशकों को बासेल एलएल अनुपालन अतिरिक्त टियर 1 बॉन्ड और टियर 2 बॉन्ड जारी करके 25,000 करोड़ रुपये (रुपये और

## छोटे और मझोले 300 बैंकों पर साइबर अटैक से 1000 करोड़ का कारोबार हुआ प्रभावित

**मुंबई।** पिछले दो-तीन दिनों में देश भर के लगभग छोटे और मध्यम दर्जे के 300 बैंकों के ग्राहक एटीएम से पैसे निकालने और यूपीआई से भुगतान सेवाओं का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। इसकी बड़ी वजह सी-एज टेक्नोलॉजी पर रैनसवेयर का हमला है। यानी साबइ अटैक की वजह से यह सभी सेवाएं प्रभावित हुईं हैं। नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) सी-एज टेक्नोलॉजी के साथ इन सेवाओं को प्रदान करता है। इसका असर छोटे और मध्यम (एमएसएमई) दर्जे के कारोबार पर देखने को मिल रहा है। जिसकी वजह से उनके कारोबार में



करोड़ का नुकसान उठाना पड़ रहा है। रोजना मुंबई में एमएसएमई का 1000 करोड़ रुपये का कारोबार होता है जिस पर असर पड़ा है। पिछले तीन में दिनों में करोड़ों रुपये का नुकसान कारोबारियों को उठाना पड़ रहा है। एनपीसीआई का कहना है कि वह सी-एज टेक्नोलॉजी के साथ मिलकर समस्या को हल करने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रहा है और आवश्यक सिक्यूरटी रिव्यू भी किया जा रहा है। प्रभावित बैंकों की कनेक्टिवटी जल्द ही बहाल की जाएगी। सी-एज टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करने वाले छोटे आकार के लगभग 300 बैंक है। पिछले दो से तीन दिनों से वह इस समस्या का सामना कर रहे हैं। एनपीसीआई के वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई को बताया कि गुरुवार दोपहर तक सेवाओं को बहाल कर दिया जाएगा, लेकिन अभी तक ग्राहक समस्या का सामना कर रहे हैं।

**एमएसएमई सेक्टर के कारोबार में यूपीआई की अहम भूमिका...**चैंबर ऑफ एसोसिएशन ऑफ महाराष्ट्र इंडस्ट्री के अध्यक्ष दीपेन अग्रवाल का कहना है कि एमएसएमई सेक्टर में कारोबार का लेनदेन यूपीआई से होता है। इस तरह की परेशानी से कारोबार को रोज का 1000 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है।

वर्तमान समय छोटे कारोबारी लेनदेन के लिए यूपीआई का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसकी वजह से छोटे से लेकर बड़े सभी ट्रांजेक्शन नहीं हो पा रहे हैं। उनका कहना है कि जब डिजिटल पेमेंट अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं तो इस तरह की समस्या से कारोबार सहित लोगों का विश्वास भी कम होता है। यह सरकारी व्यवस्था है जिसको सुरक्षित रखना सबसे बड़ी बात है ऐसे में कारोबारियों का डिजिटल पेमेंट शिफ्ट अन्य प्लेटफॉर्म की अ ो र जाता है।

**प्रतिदिन मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में 500 करोड़ रुपये का कारोबार...**कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के महाराष्ट्र अध्यक्ष शंकर ठक्कर कहते हैं कि होलसेल, ज्वेलरी और अन्य महंगी चीजों के व्यापार को छोड़ दिया जाए तो रिटेल तथा मध्यम दर्जे के कारोबार पर इसका असर हुआ जिसका प्रति दिन का कारोबार 500 करोड़ रुपये का है। पिछले तीन दिनों से यूपीआई सेवांए बाधित होने से मुंबई और मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआरडीए) के कारोबार 400 से 500 करोड़ रुपये नुकसान हो सकता है। हालांकि होलसेल कारोबार, ज्वेलरी और आयात निर्यात से जुड़े कारोबार के पेमेंट आरटीजीएस, एनईएफटी और आईएमपीए से किया जाता है। लेकिन आज लोग 10 का पैकेट भी लेते हैं तो उसके लिए भी यूपीआई से भुगतान करते हैं। इसलिए रिटेल और मध्यम आकार के कारोबार पर बड़ा असर पड़ा है। उनका कहना है कि सरकार सुरक्षा को लेकर कड़े कदम उठाने की जरूरत है, वहीं दूसरी कोई व्यवस्था जिसके जरिए कारोबारी या आम लोग पेमेंट कर

# लवलीना हारी, मुक्केबाजी में भारतीय अभियान समाप्त



**पेरिस, एजेंसी।** तोक्यो ओलंपिक की कांस्य विजेता भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) के रविवार को यहां चीन की ली कियान से क्वार्टर फाइनल में हारने से भारत का मौजूदा पेरिस खेलों में मुक्केबाजी अभियान बिना पदक के समाप्त हो गया।

इस वर्ग की मौजूदा विश्व चैम्पियन लवलीना (26 वर्ष) को कड़े मुकाबले में तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता 34 साल की ली कियान से 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। इस दौरान दोनों मुक्केबाजों को बार-बार 'क्लिंचिंग और होल्ड' करने के लिए चेतावनी दी गई।

लवलीना की हार के साथ ही भारत की मुक्केबाजी में चुनौती भी समाप्त हो गई। निशांत देव शनिवार रात पुरुषों के 71 किग्रा क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए थे।

भारत ने पेरिस ओलंपिक में छह मुक्केबाज उतारे थे। इनमें चार महिला और दो पुरुष मुक्केबाज शामिल थे जिसमें से चार तो शुरूआती दौर के मुकाबले हारकर बाहर हो गये थे।

लवलीना और चीन की मुक्केबाज के बीच मुकाबला करीबी था। दोनों में से कोई भी पहले हमला करने की इच्छुक नहीं दिख रही थी।

एक दूसरे को पकड़ना और जकड़ना मुकाबले के शुरू में ही होने लगा जिसके बाद रैफरी को बार बार दोनों को अलग करना पड़ रहा था।

कियान ने पहले राउंड के आखिर में कुछ शानदार सटीक मुक्के जड़े। बायें हाथ के शानदार हुक से उन्होंने प्रभावित करते हुए 3-2 की बढ़त बनाई।

दूसरा राउंड भी इसी तरह शुरू हुआ लेकिन कियान के दायें हाथ के मुक्के सीधे अंक जुटाने के लिए काफी थे जबकि लवलीना को प्रतिद्वंद्वी को ज्यादा पकड़ने के लिए चेतावनी दी गई।

कियान को फिर तीन जजों ने ज्यादा अंक दिये। लेकिन इस बार अलग अलग जज ने ज्यादा अंक दिये थे जिससे उन्होंने सिर्फ एक कार्ड में ही एक अंक की बढ़त बनाई हुई थी।



## विनेश सहित भारतीय पहलवानों को देनी होगी कड़ी परीक्षा

पेरिस, एजेंसी। भारत को अगर ओलंपिक खेलों की कुश्ती प्रतियोगिता में पदक जीतने का सिलसिला जारी रखना है तो फिर सोमवार से यहां शुरू होने वाले मुकाबलों में विनेश फोगाट सहित सभी छह पहलवानों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

भारत ने बीजिंग ओलंपिक 2008 से लेकर प्रत्येक ओलंपिक खेल में कुश्ती में पदक जरूर जीता है। ऐसे में सभी की निगाह अनुभवी पहलवान विनेश पर टिकी रहेंगी जिनका पिछला कुछ समय उथल-पुथल में बीता है।

विनेश ने विश्व चैंपियनशिप में दो, राष्ट्रमंडल खेलों में तीन और एशियाई चैंपियनशिप में आठ पदक जीते हैं लेकिन वह अभी तक ओलंपिक पदक नहीं जीत सकी है।

ओलंपिक से पहले विनेश को अभ्यास का पर्याप्त मौका नहीं मिला। वह भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप को लेकर धरना प्रदर्शन करने वाली प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल रही।

विनेश की चुनौतियां यहीं पर समाप्त नहीं हुई। वह विश्व चैंपियनशिप में भाग नहीं ले सकी। अंतिम पंघाल ने उनके वजन वर्ग 53 किग्रा में कोटा हासिल कर दिया। इस कारण विनेश को 50 किग्रा वजन वर्ग में अपनी चुनौती पेश करनी पड़ रही है। वह गैर वरीयता प्राप्त है जिसका मतलब है कि उनका सफर आसान नहीं होगा।

विनेश के इस वजन वर्ग में कई दिग्गज पहलवान शामिल हैं जिनमें चार बार की विश्व चैंपियन युई सुसाकी, चार बार की ओलंपिक पदक विजेता मारिया स्टैडनिक, तोक्यो खेलों की कांस्य विजेता सारा हिल्डेब्रांट और दो बार की विश्व पदक विजेता डोलगोरजाविन ओटगोंजरगल प्रमुख हैं।

अंशू मलिक (महिला 57 किग्रा) और अमन सहरावत (पुरुषों का 57 किग्रा) भी पदक के दावेदारों में शामिल हैं। अंशु की फिटनेस को लेकर हालांकि संदेह बना हुआ है क्योंकि अभ्यास के दौरान उनकी गर्दन में ऐंठन आ गई थी।

अंतिम पंघाल की तैयारी भी अनुकूल नहीं रही हैं। उन्हें पिछले साल एशियाई खेलों के बाद प्रतियोगिताओं में किसी तरह की कड़ी चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा है। पीठ की चोट के कारण वह इस साल मार्च में एशियाई चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं ले पाई थीं।

भारत पहली बार महिलाओं के 76 किग्रा हैवीवेट वर्ग में चुनौती पेश करेगा जिसमें रीतिका दांव लगाएगी। उन्हें पदक का दावेदार नहीं माना जा रहा है लेकिन वह छुपा रुस्तम साबित हो सकती है और अपने प्रदर्शन से लोगों को चौंका सकती है। ओलंपिक में चुनौती पेश कर रही भारत की एक अन्य पहलवान निशा दहिया के पास बहुत कम अनुभव है।

## सेमीफाइनल में हारे लक्ष्य, कांस्य पदक के मुकाबले में खेलेंगे



**पेरिस, एजेंसी।** भारत के लक्ष्य सेन दोनों गेम में बढ़त बनाने के बावजूद पेरिस ओलंपिक की बैडमिंटन पुरुष एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल में डेनमार्क के दूसरे वरीय और गत चैंपियन विक्टर एक्सेलसन से सीधे गेम में हार गए और अब कांस्य पदक के मुकाबले में खेलेंगे।

ओलंपिक सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष और दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य को रियो ओलंपिक के कांस्य और तोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता एक्सेलसन के खिलाफ 54 मिनट में 20-22, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा।

दो बार के पूर्व विश्व चैंपियन और दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी एक्सेलसन के खिलाफ लक्ष्य की नौ मैचों में यह आठवीं हार है।

लक्ष्य अब कांस्य पदक के मुकाबले में मलेशिया के सातवें वरीय ली जी जिया से भिड़ेंगे जिन्हें थाईलैंड के आठवें वरीय कुनलावुत वितिदसार्न के खिलाफ एक अन्य सेमीफाइनल में 14-121, 15-21 से हार झेलनी पड़ी। फाइनल एक्सेलसन और वितिदसार्न के बीच होगा।

## निकहत ने ओलंपिक में और मजबूत वापसी का वादा किया



**पेरिस, एजेंसी।** निकहत जरीन ने पेरिस खेलों के प्री क्वार्टर फाइनल में हार को अपने करियर की सबसे दर्दनाक हार बताया और भारतीय मुक्केबाजी स्टार ने ओलंपिक पदक जीतने के अपने सपने को पूरा करने के लिए नए जोश के साथ वापसी करने की कसम खाई।

खेलों से पहले पदक की प्रबल दावेदार मानी जा रही निकहत को 50 किग्रा महिला मुक्केबाजी में शीर्ष वरीयता प्राप्त एशियाई खेलों की चैंपियन चीन की वू यू के खिलाफ सर्वसम्मत फैसले में हार का सामना करना पड़ा। निकहत ने 'इंस्टाग्राम' पोस्ट में लिखा, मैंने इतने लंबे समय से जिस ओलंपिक सपने को संजोया था वह वैसा नहीं हुआ जैसा मैंने उम्मीद की थी। अनगिनत घंटों की ट्रेनिंग, त्याग और दृढ़ निश्चय के बाद यह पल मेरे हाथ से फिसल गया।

उन्होंने लिखा, यह हार मेरे लिए अब तक की सबसे कठिन हार है और लगभग असहनीय है। मेरा दिल भारी है लेकिन यह टूटा नहीं है। मैं इसे विनम्रता से स्वीकार करती हूं और अपने जीवन में आगे बढ़ने का रास्ता खोजने की पूरी कोशिश करूंगी।

निकहत ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले छह भारतीय मुक्केबाजों में सबसे पहले यह उपलब्धि हासिल की थी।

उन्होंने कहा, ओलंपिक पदक जीतना मेरा सबसे बड़ा सपना था और मैंने यहां तक पहुंचने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी। पेरिस 2024 की यात्रा चुनौतियों से भरी थी झ्र एक साल तक चोट से जूझना, अपना स्थान वापस पाने के लिए संघर्ष करना, प्रतिस्पर्धा करने के अवसर के लिए संघर्ष करना और अनगिनत बाधाओं को पार करना, ये सब इस वैश्विक मंच पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करने के अवसर के लिए था।

इस मुक्केबाज ने कहा, मैं अपने सपने को पूरा करने के अवसर के लिए बहुत आभारी हूं लेकिन नियति ने कुछ और ही योजना बनाई थी। यहां पेरिस में इसे हासिल नहीं कर पाना निराशाजनक है। मैं चाहती हूं कि मैं समय को पीछे ले जा सकूं और एक अलग परिणाम के लिए और भी अधिक प्रयास कर सकूं, लेकिन यह मेरी इच्छा ही है। दो बार की विश्व चैंपियन ने और मजबूती से वापसी करने की कसम खाई। निकहत ने कहा, मैं वादा करता हूं कि यह अंत नहीं है।

## ओलंपिक हॉकी: भारत शूटआउट में ब्रिटेन को हराकर सेमीफाइनल में

**पेरिस, एजेंसी।** अपना आखिरी टूनार्मेंट खेल रहे पी आर श्रीजेश एक बार फिर भारतीय हॉकी की दीवार साबित हुए और 42 मिनट तक दस खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद भारत ने ब्रिटेन को पेनल्टी शूटआउट में 4.2 से हराकर पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

तारीफ करनी होगी भारतीय डिफेंस की जिसने 36 वर्ष के श्रीजेश की अगुवाई में ब्रिटेन के हर हमले का बचाव करते हुए उसे बढत नहीं बनाने दी। ब्रिटेन ने 28 बार भारतीय गोल पर हमला बोला और महज एक कामयाबी मिली। निर्धारित समय तक स्कोर 1.1 से बराबर रहने पर मुकाबला शूटआउट में गया।

शूटआउट में भारत के लिये कप्तान हरमनप्रीत सिंह , सुखजीत सिंह, ललित उपाध्याय और राजकुमार पाल ने गोल दागे जबकि इंग्लैंड के जेम्स अलबेरी और जाक वालांस ही गोल कर सके। कोनोर विलियमसन का निशाना चूका और फिलिप रोपर का शॉट श्रीजेश ने बचाया।

तोक्यो ओलंपिक में ब्रिटेन को ही हराकर भारतीय टीम अंतिम चार में पहुंची थी। श्रीजेश तोक्यो में कांस्य पदक के मुकाबले में जर्मनी के खिलाफ भी भारत की दीवार साबित हुए थे और उन्होंने पेरिस ओलंपिक के अब तक के सबसे कठिन मुकाबले में भी अपेक्षाओं पर खरे उतरकर दिखाया।



निर्धारित समय में भारत के लिये हरमनप्रीत ने 22वें और ली मोर्टन ने 27वें मिनट में गोल दागा था।

रोहिदास को रेड कार्ड मिलने का ब्रिटेन ने फायदा उठाते हुए 19वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर बनाया लेकिन गोल नहीं कर सके। भारत को जवाबी हमले में 22वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे हरमनप्रीत ने गोल में बदला। यह पेरिस ओलंपिक में उनका सातवां गोल था।

ब्रिटेन टीम गेंद पर नियंत्रण में भारत पर लगातार भारी रही और 25वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर पर उसे वैरिएशन आजमाया लेकिन खाता नहीं खुल सका।

अब तक शानदार प्रदर्शन कर रहे भारतीय डिफेंस में पहली बार चूक देखी गई और 27वें मिनट में सर्कल पर से गोल के सामने मिली गेंद को मोर्टन ने गोल के भीतर डाला। तीसरे क्वार्टर में भारतीय टीम फिर गेंद पर नियंत्रण के लिये जूझती नजर आई। ब्रिटेन ने पहले ही मिनट से आक्रामक खेल दिखाया और 36वें मिनट में उसे पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर फर्लोंग का शॉट श्रीजेश ने बचाया।

ब्रिटेन को तीन मिनट बाद आठवां पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर पहला और रिबाउंड दोनों शॉट भारतीय डिफेंडरों ने बचाये। तीसरे क्वार्टर के आखिरी मिनट में सुमित को ग्रीन कार्ड मिलने से चौथे क्वार्टर के पहले दो मिनट भारत को नौ खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा।

ब्रिटेन ने चौथे क्वार्टर में लगातार हमले बोलने का सिलसिला जारी रखा लेकिन भारत की तारीफ करनी होगी कि दस खिलाड़ियों के साथ उसने गोल नहीं गंवाया।

इससे पहले शुरूआती क्वार्टर में भारतीय डिफेंस ने जबर्दस्त मुस्तैदी दिखाते हुए ब्रिटेन के कई हमलों को नेस्तनाबूद किया। दोनों टीमों को पहले 15 मिनट में तीन तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन गोल नहीं हो सका।

इंग्लैंड को पांचवें ही मिनट में रेफरल पर पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर अनुभवी डिफेंडर अमित रोहिदास ने जेरेथ फर्लोंग का शॉट बचाया। अगले ही पल मिले दूसरे पेनल्टी कॉर्नर पर जैक वालेर का शॉट भी ओडिशा के इस खिलाड़ी ने बखूबी बचाया।

भारतीय टीम 11वें मिनट में गोल करने के करीब पहुंची जब सुखजीत सिंह गेंद लेकर आगे बढे और हार्दिक सिंह को पास दिया जिन्होंने गेंद मनदीप को सौंपी लेकिन ब्रिटेन के गोलकीपर ओली पेन ने बखूबी बचाव किया।

अगले ही मिनट हार्दिक ने शानदार फॉर्म में चल रहे अभिषेक को गोल के सामने पास दिया लेकिन उनका निशाना सही नहीं लगा।

अगले मिनट में इंग्लैंड को पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर श्रीजेश चूके लेकिन जरमनप्रीत ने जबर्दस्त चुस्ती दिखाते हुए स्टिक से गेंद रोकी और उधर श्रीजेश ने तुरंत उसे बाहर निकाल दिया।

भारत को 13वें मिनट में लगातार तीन पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन हरमनप्रीत के तीनों प्रयास विफल रहे।

## एक नजर

### श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला से बाहर

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका के ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण भारत के खिलाफ चल रही तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। पहला वनडे टाई छूटने के बाद भारत और श्रीलंका दूसरे वनडे में रविवार को यहां आर प्रेमदासा स्टेडियम में आमने-सामने होंगे। हसरंगा पहले वनडे में अपने अंतिम ओवर के दौरान असहज महसूस कर रहे थे। हसरंगा की जगह जेफरी वांडरसे को टीम में शामिल किया गया है लेकिन उनके बाहर होने से श्रीलंका का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर हो गया है क्योंकि मथीशा पथिराना, दिलशान मदुशंका, दुष्मंथा चमीरा और नुवान तुषारा चोटिल होने के कारण पहले ही बाहर हैं। श्रीलंका क्रिकेट ने विज्ञप्ति में कहा,वानिंदु हसरंगा बायीं हैमस्ट्रिंग में चोट के कारण एक दिवसीय श्रृंखला के बाकी मैचों में नहीं खेल पाएंगे। उनकी जगह जेफरी वांडरसे को टीम में लिया गया है। भारत और श्रीलंका के बीच तीसरा और अंतिम वनडे इसी मैदान पर सात अगस्त को खेला जाएगा।

### ताइवान की लिन यू-टिंग ने ओलंपिक पदक पक्का किया

**विलेपिंटे (फ्रांस), एजेंसी।** ताइवान की मुक्केबाज लिन यू-टिंग ने रविवार को पेरिस खेलों में उनके नाम के नारे लगाने वाली भीड़ के सामने अपना पहला ओलंपिक पदक जीता। इससे एक दिन पहले अल्जीरिया की मुक्केबाज इमान खेलीफ ने भी कई दिनों तक ऑनलाइन दुर्व्यवहार और उनकी भागीदारी को लेकर कड़ी जांच के बाद पदक हासिल किया था। लिन ने महिलाओं के 57 किलोग्राम भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में बुल्गारिया की स्वेतलाना कामेनोवा स्टेनेवा को सर्वसम्मत फैसले में हराया। सेमीफाइनल दौर में पहुंचकर उन्होंने यह सुनिश्चित कर लिया कि वह कम से कम कांस्य पदक जीतेंगी। लिन और खेलीफ लैंगिक पहचान और खेलों में नियमों को लेकर टकराव के केंद्र में रही हैं।

### निशांत देव मुक्केबाजी के क्वार्टरफाइनल में हारे

**पेरिस, एजेंसी।** भारतीय मुक्केबाज निशांत देव को पेरिस ओलंपिक में पुरुषों के 71 किलो वर्ग के क्वार्टरफाइनल मुकाबले में मेक्सिको के मार्को वर्डे के खिलाफ 4-1 से हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ ओलंपिक में भारत की पुरुष मुक्केबाजी में चुनौती समाप्त हो गई है। पदार्पण ओलंपिक में निशांत ने शुरूआती राउंड में अपने आक्रामक खेल का मुजाहिरा किया और मार्को वर्डे के खिलाफ लगातार बेहतरीन पंचों का इस्तेमाल किया। दूसरी वरीयता प्राप्त मुक्केबाज मार्को वर्डे भारतीय मुक्केबाज के खिलाफ शुरूआत से ही रक्षात्मक रहे। तीसरे राउंड में मार्को वर्डे ने निशांत के खिलाफ बढ़त बना ली और अंत में निशांत देव को हार का सामना करना पड़ा।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले बुधवार को हुए एक करीबी मुकाबले में निशांत ने सातवीं वरीयता प्राप्त इक्वाडोर के मुक्केबाज को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई थी।

### पारुल 3000 मीटर स्टीपलचेज हीट रेस में आठवें स्थान पर रही

**पेरिस, एजेंसी।** भारत की राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक पारुल चौधरी पेरिस ओलंपिक खेलों में रविवार को यहां महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज में हीट रेस में आठवें स्थान पर रहने के कारण फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई। ओलंपिक से पहले अमेरिका में पेरिस की अनुकूल परिस्थितियों में अभ्यास करने वाली 29 वर्षीय पारुल ने नौ मिनट 23.39 सेकेंड में दूरी तय की, जो उनके इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वह हालांकि अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड नौ मिनट 15.31 सेकंड से काफी पीछे रही जो उन्होंने 2023 में विश्व चैंपियनशिप में बनाया था। तीन हीट रेस में से प्रत्येक में शीर्ष पांच में जगह बनाने वाले एथलीट फाइनल में प्रवेश करते हैं। पारुल की हीट रेस में युगांडा की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन पेरुथ चेमुताई ने 9:10.51 के साथ पहले नंबर पर रही। कीनिया की फेथ चेरोटिच (9:10.57) और जर्मनी के गेसा फेलिसिटास क्रूस (9:10.68) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रही।

### यह दिन भारत का था, सेमीफाइनल में अपना खेल दिखायेंगे : पी आर श्रीजेश

**पेरिस, एजेंसी।** ब्रिटेन के खिलाफ पेरिस ओलंपिक क्वार्टर फाइनल खेलने से पहले भारत के अनुभवी गोलकीपर पी आर श्रीजेश को ये ख्याल आया था कि यह उनका आखिरी मैच होगा या आगे दो और मैच खेलने का मौका मिलेगा। श्रीजेश के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर भारत ने ब्रिटेन को पेनल्टी शूटआउट में 4.2 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। ब्रिटेन के कई गोल बचाने वाले श्रीजेश ने जीत के बाद कहा, एक गोलकीपर का यह रोज का काम है। कई बार अलग हालात होते हैं लेकिन आज हमारा दिन था। शूटआउट में भी हमारे सभी निशाने सटीक लगे। हमारे खिलाड़ियों ने गोल किये और मेरा आत्मविश्वास बढा। उन्होंने कहा, जब मैं मैदान पर आया तो मेरे सामने दो ही विकल्प थे। यह मेरा आखिरी मैच होता या मुझे दो मैच और खेलने का मौका मिलता। आखिरकार अब मुझे दो मैच और मिलेंगे। उनहोंने कहा, सेमीफाइनल में सामने कोई भी हो, हम अपना स्वाभाविक खेल दिखायेंगे। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि हम आज एक खिलाड़ी के बिना खेले थे।

### जूलियन अल्फ्रेड बनी पेरिस ओलंपिक की फरार्टा क्वीन

**सेंट डेनिस (फ्रांस), एजेंसी।** सेंट लूसिया की जूलियन अल्फ्रेड ने प्रबल दावेदार शाकैरी रिचर्डसन को पीछे छोड़कर महिलाओं की 100 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक जीता और इस तरह से पेरिस ओलंपिक खेलों की फरार्टा क्वीन बनने का गौरव हासिल किया। अल्फ्रेड ने 10.72 सेकंड में दौड़ पूरी करके अपने देश को ओलंपिक का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। अमेरिका की रिचर्डसन 10.87 सेकंड का समय लेकर दूसरे जबकि अभ्यास में उनकी साथी मेलिसा जेफरसन 10.92 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। सेंट लूसिया की एथलीट को जमैका की शेली एन फ्रेजर प्राइस के सेमीफाइनल से ठीक पहले हट जाने का भी फायदा मिला। ओलंपिक में 100 मीटर की दौड़ सबसे प्रतिष्ठित दौड़ मानी जाती है।

### केटी लेडेस्की ने पेरिस ओलंपिक में 800 फ्रीस्टाइल जीतकर इतिहास रचा

**नानटेरे (फ्रांस), एजेंसी।** केटी लेडेस्की पेरिस ओलंपिक खेलों में महिलाओं की 800 मीटर फ्री स्टाइल में स्वर्ण पदक जीत कर लगातार चार ओलंपिक खेलों में एक प्रतियोगिता को जीतने वाली दूसरी तैराक बन गई है। लेडेस्की का पेरिस ओलंपिक में यह दूसरा जबकि ओलंपिक खेलों में नौवां स्वर्ण पदक है। वह ओलंपिक में नौ या इससे अधिक स्वर्ण पदक जीतने वाली केवल छठी खिलाड़ी है। लेडेस्की ओलंपिक खेलों में सर्वाधिक पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में तैराक मार्क स्पिट्ज, ट्रैक स्टार कार्ल लुईस, सोवियत जिमनास्ट लारिसा लैटिनिना और फिनलैंड के धावक पावो नूरमी के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। ओलंपिक में सर्वाधिक स्वर्ण पदक जीतने का रिकॉर्ड अमेरिका के तैराक माइकल फेल्प्स (23 स्वर्ण पदक) के नाम दर्ज है।



# पढ़ाई को साथ-साथ काम करना चाहते है तो यह देश है बेस्ट

**आज कल के बढ़ते पार्ट टाइम वर्क कल्चर को देखते हुए अब विदेश जाकर पढ़ना आसान हो गया है। कई स्टूडेंट्स क्लास के बाद पार्ट टाइम जॉब करना पसंद करते है। जिससे उनकी छोटी-मोटी जरूरतों का खर्च निकाला जा सके। भारत में भी यह ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है। लेकिन विदेशों में कई ऐसे यूनिवर्सिटी और संस्थान है जहां आप पढ़ते है वहीं संस्थान आपको पार्ट टाइम नौकरी की ऑफर देने लगे है।**

बहुत सारे लोगों का सपना होता है कि वह विदेश जाकर पढ़ाई करें। लेकिन कई बार आर्थिक स्थिति को देखते हुए बहुत सारे लोग अपने इस सपने को पूरा नहीं कर पाते। लेकिन आज कल के बढ़ते पार्ट टाइम वर्क कल्चर को देखते हुए अब विदेश जाकर पढ़ना आसान हो गया है। कई स्टूडेंट्स क्लास के बाद पार्ट टाइम जॉब करना पसंद करते है। जिससे उनकी छोटी-मोटी जरूरतों का खर्च निकाला जा सके। भारत में भी यह ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है। लेकिन विदेशों में कई ऐसे यूनिवर्सिटी और संस्थान है जहां आप पढ़ते है वहीं संस्थान आपको पार्ट टाइम नौकरी की ऑफर देने लगे है। यूएस या दूसरें विकसित देशों में अर्न व्हाइल यू लर्न का केवल चलन ही नहीं हा बल्कि वहां के लोग इसे अहमियत भी देते हैं। अर्न व्हाइल यू लर्न का फायदा सिर्फ स्टूडेंट्स को ही नहीं हो रहा, इससे सीमित अवधि के लिए रोजगार देने वाले भी दोहरा लाभ कमा रहे हैं। यह ट्रेंड उन छात्रों के लिए बेहद फायदेमंद साबित हो रहा है, जो पढने के लिए विदेश का रुख करते हैं। इन देशों में अर्न व्हाइल यू लर्न का कॉन्सेप्ट

## फ्रांस

यहां अंतरराष्ट्रीय स्टूडेंट्स को काम करने की इजाजत है, मगर शर्त यह है कि उनका संस्थान नेशनल स्टूडेंट हेल्थकेयर प्लान में शिरकत करता हो। फ्रेंच कानून के तहत स्टूडेंट्स को साल में 964 घंटे काम करने की छूट है।

## जर्मनी

अंतरराष्ट्रीय स्टूडेंट्स, जो ईयू या ईईए देशों के बाहर के छात्र हैं, उन्हें साल में 120 फुल या 240 हाफ डे काम करने का मौका मिल जाता है। अगर कोई स्टूडेंट्स यहां निर्धारित काम के घंटों से अधिक काम करना चाहता है तो उसके लिए उसे संबंधित डिपार्टमेंट से इजाजत लेनी होती है। साथ ही यदि छात्र का कोर्स व कार्य की प्रकृति एक ही है तो उसे काम के असीमित घंटे मिलते हैं।

## न्यूजीलैंड

यहां वेरिएशन ऑफ कंडीशन के तहत पढ़ाई करते हुए 20 घंटे प्रति सप्ताह तक काम करने की आजादी होती है, मगर उसके लिए उनकी कुछ शर्तों को मानना पड़ता है।

## कनाडा

यहां अंतरराष्ट्रीय छात्रों को कैम्पस में काम करने की पूरी छूट है, मगर ऑफ कैम्पस के लिए वर्क परमिट प्रोग्राम के अनुसार ही चलना पड़ता है। नियमित सैशन के दौरान जहां 20 घंटे प्रति सप्ताह काम किया जा सकता है, वहीं विंटर और समर ब्रेक के दौरान फुल टाइम काम करने की इजाजत होती है।

## सिंगापुर

यहां अंतरराष्ट्रीय छात्रों को पढ़ाई के साथ या छुट्टियों में काम की इजाजत नहीं होती, लेकिन इसके लिए एम्प्लॉयमेंट ऑफ फॉरेन मैनपावर विभाग से वर्क पास की अनुमति ली जा सकती है। हालांकि कुछ स्कूल्स में 14 वर्ष से बड़े छात्रों को काम करने की छूट है।

## यूनाइटेड किंगडम

बैचलर डिग्री और उससे ऊपर के छात्रों को प्रति सप्ताह 20 घंटे काम करने की इजाजत है। इसके अलावा छुट्टियों के दौरान फुलटाइम वर्क किया जा सकता है। वहीं बैचलर डिग्री से नीचे के छात्रों को सिर्फ 10 घंटे प्रति सप्ताह काम करने की इजाजत मिलती है।

## आयरलैंड

ऐसे अंतरराष्ट्रीय छात्र, जो ईईए देशों से बाहर के हैं और जो यहां किसी मान्यताप्राप्त संस्थान से कम से कम एक साल का पूर्णकालिक कोर्स कर रहे हैं, वे 20 घंटे प्रति सप्ताह तक का पार्ट टाइम रोजगार पा सकते हैं।

## इटली

अगर किसी अंतरराष्ट्रीय छात्र के पास स्टडी वीजा है और इटली में रहते हुए उसे 90 दिन से अधिक हो चुके हैं तो ऐसी स्थिति में वह रेजिडेंस परमिट के लिए आवेदन कर सकता है। रेजिडेंस परमिट के बाद वह 20 घंटे प्रति सप्ताह की पार्ट टाइम जॉब कर सकता है।

## स्विट्जरलैंड


यहां ईयू/ईएफटीए देशों से बाहर के अतरंराष्ट्रीय छात्रों के लिए 15 घंटे प्रति सप्ताह का रोजगार पाने की इजाजत है। पर यह जरूरी है कि उन्हें यहां रहते हुए कम से कम छह माह का न्यूनतम समय हो चुका हो। हालांकि पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों के लिए ऐसी कोई शर्त नहीं है।

## यूनाइटेड स्टेट्स

अंतरराष्ट्रीय छात्र, जिन के पास एफ - 1 वीजा है, उन्हें ऑफ कैम्पस जॉब करने की इजाजत नहीं है। किसी खास केस में ही यह इजाजत मिलती है।
एक साल के बाद यूएससीआईएस से काम करने की इजाजत मिल सकती है। यहां सिर्फ कैम्पस में 20 घंटे प्रति सप्ताह सैशन के समय और 40 घंटे प्रति सप्ताह छुट्टियों के दौरान काम करने के लिए इजाजत नहीं लेनी होती।

## आस्ट्रेलिया

छात्रों को यहां अधिकतम 40 घंटे प्रति पखवाड़े तक काम करने से नहीं रोका जाता। वहीं छुट्टियों में काम करने के घंटों पर कोई प्रतिबंध नहीं है।






# कुछ यूं बनाएं अपनी वेबसाइट

**तेजी से पंख फैलाते इंटरनेट का सहारा लेकर आज हर व्यक्ति अपनी पहुंच इंटरनेट की दुनिया में दर्ज कराने को बेताब नजर आता है। हर व्यक्ति की यही चाहत है कि उसका दायरा किसी सीमा के बंधन में कैद न रहे। सच ही तो है, आज नेट ने हमें भौगोलिक सीमाओं को लांघने का एक बेहतर जरिया उपलब्ध कराया है और साथ ही दी है वर्चुअल वर्ल्ड में उन्मुक्त विचरने की आजादी।**

आजकल पर्सनल वेबसाइट बनाने का प्रचलन भी जोरों पर है। वेबसाइट आपको अवसर देती है अपने बारे में तमाम तरह की सूचनाओं को दूसरों तक पहुंचाने की। घर बैठे आपके बारे में तमाम सूचनाओं को एक्सेस करने की आजादी का इससे बेहतर जरिया और भला क्या हो सकता है। हालांकि इस काम के लिए ब्लॉग, सोशल नेटवर्किंग साइट्स आदि का भी खूब इस्तेमाल किया जाता है, फिर भी आज के इस तकनीकी युग में पर्सनल वेबसाइट होना आपको दूसरों से अलग बनाता है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि वेबसाइट बनाना अब कोई मुश्किल काम नहीं रहा। इंटरनेट पर कई ऐसे टूल्स हैं, जिनकी सहायता से चुटकियों में आप अपना वेब पेज डेवलप कर सकते हैं। क्या हुआ यदि आपको कंप्यूटर में महारथ हासिल नहीं है, प्रोग्रामिंग के आप पंडित नहीं हैं या फिर कोडिंग के नाम से ही आप डरने लगते हैं। प्रोफेशनल्स, रिसचर्स, स्टूडेंट्स आदि अपनी पर्सनल वेबसाइट बनाने में काफी रुचि दिखा रहे हैं। इसके माध्यम से आप न केवल वर्चुअल दुनिया में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते रहते हैं, बल्कि अब तो एडवरटाइडिंग के जरिए पैसा कमाने का भी यह एक सोर्स बन गया है।

वेबसाइट आमतौर पर दो तरह की होती है- स्टैटिक और डायनॉमिक। स्टैटिक वेबसाइट का मतलब वैसी साइट से है, जो वन-वे होती है। यहां आप वेब पेजों को केवल पढ़ कर जानकारी ले सकते हैं। ये साइट्स नॉन-इंटरेक्टिव होती हैं और ये केवल स्टैटिक इंफॉर्मेशन ही प्रोवाइड कराती हैं, जो प्री-डिफाइन होती है। वैसे वेब पेज को एचटीएमएल (हाइपर टैक्स्ट मार्कअप लैंग्वेज) की सहायता से तैयार किया जाता है। इसके विपरीत डायनॉमिक वेबसाइट इंटरेक्टिव होती है और विभिन्न क्राइटेरिया के अनुसार परिवर्तित होती रहती है। यहां आपको डाटाबेस से डायनामिक कंटेंट्स मिलता है और आप ताजा-तरीन (लेटेस्ट) इंफॉर्मेशन ले सकते हैं। वेबसाइट बनाने की प्रक्रिया में आपको डोमेन नेम/सब-डोमेन नेम और वेबसाइट होस्टिंग साइट की जरूरत पड़ती है। डोमेन नेम सिस्टम के आधार पर डोमेन नेम बनाया जाता है। इंटरनेट पर कई ऐसी वेबसाइट्स हैं, जो निःशुल्क सब-डोमेन प्रोवाइड करती हैं। आप गूगल सर्च की सहायता ले सकते हैं। www.hosting.com एक ऐसी ही वेबसाइट है, जहां आप अपनी वेबसाइट को होस्ट कर सकते हैं। इसके लिए आपको रजिस्ट्रेशन करवाना होगा और इस दौरान आपको अपना यूजरनेम, पासवर्ड, ई-मेल एड्रेस आदि एंटर करना पड़ेगा। किसी भी वेबसाइट होस्टिंग साइट का उपयोग करने से पहले उसके फीचर्स, क्राइटेरिया आदि को सही से समझ लें। डोमेन और यूआरएल के बारे में निर्णय कर लेने के बाद जो मुख्य काम है, वह है वेबसाइट का निर्माण। यहां आप विभिन्न वेब पेज डेवलप करते हैं, जो वेबसाइट का रूप लेते हैं। नेट पर विभिन्न वेब एडिटर्स हैं, जहां आप बिना कोडिंग किए ही आकर्षक और प्रोफेशनल वेब पेज बना सकते हैं। इन एडिटर्स में आपको संबंधित इंफॉर्मेशन एंटर करनी होती है। ड्रैग एंड ड्रॉप फीचर का भी आप उपयोग कर सकते हैं। इन एडिटर्स की सहायता से वेबसाइट डेवलप करते समय आप कलर, फोंट, स्टाइल, बैकग्राउंड, इमेज आदि पर विशेष ध्यान रखें, ताकि आपकी वेबसाइट आकर्षक दिखे। फ्रंट पेज यानी होम पेज को डिजाइन करते समय खास ध्यान दें। नेविगेशन पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। साथ ही, आप याद रखें किसी भी साइट का कंटेंट उस साइट की सफलता और लोकप्रियता में मुख्य भूमिका निभाता है। ऐसे में कंटेंट को दूसरों के लिए रोचक और उपयोगी बनाएं, ताकि लोग आपकी साइट के प्रति आकर्षित हों। वेबसाइट तैयार हो जाने पर अगला कदम होता है पब्लिशिंग यानी इंटरनेट पर इसे अपलोड करना। चुनी गई होस्टिंग साइट पर आप पर्सनल वेबसाइट को अपलोड कर सकते हैं और इस तरह आप अपनी वेबसाइट को पूरी दुनिया के सामने प्रस्तुत कर सकते हैं। आप सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ) द्वारा अपनी वेबसाइट को प्रमोट भी कर सकते हैं, ताकि जब भी सर्च इंजन में संबंधित सर्च किया जाए तो आपकी वेबसाइट भी सर्च लिस्ट में प्रदर्शित हो।




# अपनाएं यह 5 तरीके जल्द मिलेगी नौकरी



जॉब मार्केट में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण जॉब मिलना सबसे ज्यादा मुश्किल काम हो गया है लेकिन अभी भी उन उम्मीदवारों को कहीं न कहीं बेहतर जॉब जरूर मिल जाती है जो योग्य होते हैं। लेकिन इतना जरुर है कि समय के साथ- साथ जॉब सर्च करने, टेस्ट और इंटरव्यू देने के तरीके भी बदल गए है। इसलिए इन बातों को जानना बहुत जरुरी है।

## ऑनलाइन नेटवर्किंग

जॉब सर्च करने के लिए आप फेसबुक, लिंकडिन का इस्तेमाल कर सकते हैं। लेकिन यहां आपको थोड़ी होशियारी बरतनी होगी। अगर आप हमेशा दूसरों से खुद के बारे में बात करेंगे तो धीरे-धीरे लोग आपके प्रोफाइल पर ध्यान देना बंद करेंगे। ऑनलाइन नेटवर्किंग एक कॉकटेल की तरह है इसलिए इसका अपने फायदे में ध्यान से इस्तेमाल करें।

## पर्सनल नेटवर्किंग

बहुत सारे लोग नेटवर्किंग को गलत मानते हैं मगर ऐसा नहीं है। लोगों से खुल कर बातें करें, अपने लक्ष्य तय करें। दूसरों से मिलने-जुलने के कारण आपके स्किल्स में सुधार भी आएंगे और समय आने पर मदद भी मिलेगी। नौकरी तलाशने में नेटवर्किंग का काफी अहम रोल होता है।

## खुद को थोड़ा अलग रखें

जब आप जॉब के लिए अपना रिज्यूमे बना रहे हैं तो यह ध्यान रखें कि पुरानी घिसी-पिटी बातें जो सभी के रिज्यूमे में होती है, उसको फॉलो न करें। आप अपने रिज्यूमे में कुछ ऐसी बातें डालने की कोशिश करें जो आपको दूसरों से अलग बनाएं।

## इंटरव्यू इंफॉर्मेशन

जब आप इंटरव्यू देने जाएं तो सिर्फ सवालों के जवाब न दें बल्कि अपनी आवश्यकतानुसार कुछ सवाल आप भी पूछ लें। जैसे कि इंटरव्यू लेने वाले का नाम क्या है? वे क्या करते हैं? इंटरव्यू देकर निकलें तो धन्यवाद कहना न भूलें।

## इंटरव्यू में सीधी बात करें

इंटरव्यू में घुमावदार जवाब देने से बचें। सवालों का सीधा जवाब दें। अगर आपसे आपकी कमजोरी के बारे में पूछा जाए तो अपनी कमजोरी ही बताएं। कुछ लोग अपने को स्मार्ट दिखाने के चक्कर में कुछ ज्यादा ही बोल जाते हैं। उदाहरण के तौर पर वे ज्यादा काम करने को अपनी कमजोरी बताने लगते हैं। इसलिए ऐसे सवालों की तैयारी पहले से करें।





## फिल्म 'टाइगर वर्सेस पठान' में नजर आएंगी
# कैटरीना कैफ

## सनी कौशल ने कैटरीना और विक्की की शादी में 'नो फोन पॉलिसी' के पीछे का किया खुलासा



बॉलीवुड कलाकार हमेशा किसी न किसी वजह से चर्चा में रहते हैं। कभी अपनी फिल्मों की वजह से, कभी फिल्मों में अपने किरदारों की वजह से तो कभी अपनी निजी जिंदगी की वजह से ये कलाकार चर्चाओं का हिस्सा बन जाते हैं। अब अभिनेता विक्की कौशल के भाई और अभिनेता सनी कौशल ने खुलासा किया है कि अभिनेता विक्की कौशल और कैटरीना कैफ की शादी में फोन पर प्रतिबंध क्यों लगाया गया था। सनी कौशल ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया। इस इंटरव्यू के दौरान विक्की और कैटरीना की शादी में फोन बैन करने की वजह बताते हुए सनी ने कहा, ''यह सिर्फ प्राइवेसी का मामला नहीं था, बल्कि वहां मौजूद सभी लोगों की खुशी अहम थी। वहां मौजूद हर कोई इस पल का आनंद ले रहा था। इसलिए किसी भी मेहमान को फोन की जरूरत नहीं पड़ी। विक्की और कैटरीना की शादी में सभी ने खूब मस्ती की।'' आगे बोलते हुए उन्होंने कहा कि मेरे दोस्त, रिश्तेदार और कैटरीना के रिश्तेदारों के बीच एक करीबी रिश्ता बन गया है। हम सभी ने एक दूसरे के साथ खूब मस्ती की। एक दूसरे के साथ समय बिताते हुए तीन दिन कैसे बीत गये पता ही नहीं चला। दूसरों से कुछ छुपाने या कुछ दिखाने का कोई दबाव नहीं था। उन्होंने कहा, 'शादी किसी दबाव में नहीं होती।' कैटरीना और विक्की एक पॉपुलर कपल हैं और सोशल मीडिया पर लगातार किसी न किसी वजह से चर्चा में रहते हैं। पिछले कुछ दिनों से यह जोड़ी विक्की की फिल्म 'बैड न्यूज़' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है। इस फिल्म का 'तौबा-तौबा' जब दर्शकों के सामने आया तो उनका डांस देखकर फैंस ने कहा कि विक्की को घर में ही अच्छा टीचर मिल गयी है। कुछ लोगों ने कमेंट किया कि विक्की के इस डांस को देखकर उन्हें कैटरीना के डांस की याद आ गई। विक्की कौशल ने कहा कि जब कैटरीना ने इस डांस के लिए उनकी तारीफ की तो मानो उन्हें ऑस्कर मिल गया साथ ही इस गाने में उनके डांस को देखने से पहले कैटरीना ने उन्हें एक वाराती डांसर समझ लिया था, क्योंकि वह कोई प्रशिक्षित डांसर नहीं हैं। लेकिन उन्होंने यह भी कहा था कि इस गाने को देखने के बाद शायद उनका मन बदल गया होगा। इस बीच विक्की और कैटरीना 9 दिसंबर 2021 को शादी के बंधन में बंध गए हैं। विक्की-कैटरीना के काम की बात करें तो विक्की कौशल जल्द ही संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' में अभिनय करते नजर आएंगे। फिल्म 'टाइगर वर्सेस पठान' में कैटरीना कैफ अपनी अदाकारी की झलक दिखाती नजर आएंगी। सनी कौशल जल्द ही फिल्म 'फिर ऐ हसीन दिलरुबा' में नजर आएंगे।




## बिग बॉस ओटीटी-3 ग्रैंड फिनाले के पहले घर से बाहर हुए लवकेश कटारिया



बिग बॉस ओटीटी-3 की भी लोकप्रियता काफी बढ़ गई है। बिग बॉस ओटीटी-3 का ग्रैंड फिनाले जल्द ही होने वाला है। बिग बॉस ओटीटी-3 में फिनाले में कुछ ही दिन बचे होने पर अरमान मलिक को घर छोड़ना पड़ा। अब चर्चा है कि अरमान के बाद लवकेश कटारिया ने भी बिग बॉस ओटीटी-3 छोड़ दिया है तो फैंस ने बिग बॉस के 'बहिष्कार' की मांग उठा दी है। लवकेश कटारिया पहले तो खुद को नहीं जानते थे। एल्विस यादव के मैनेजर के तौर पर भी उनकी आलोचना हुई लेकिन धीरे-धीरे लवकेश ने बिग बॉस ओटीटी-3 में अफ्फाल गेम खेलकर अपनी पहचान बना ली। ऐसा लग रहा था कि लवकेश फाइनल तक पहुंच जाएंगे लेकिन ग्रैंड फिनाले में तीन दिन बचे होने के कारण लवकेश को घर छोड़ना पड़ा। तो फैंस नाराज हो गए और उन्होंने सोशल मीडिया पर बॉयकॉट बिग बॉस का ट्रेंड शुरू कर दिया। लवकेश कटारिया के घर से बाहर निकलते ही उनके फैंस और बिग बॉस ओटीटी 3 देख रहे फैंस काफी नाराज हैं। एक यूजर ने लिखा, "बिग बॉस ओटीटी पक्षपाती है। बिग बॉस ने पिछले कुछ समय से अर्जित सम्मान खो दिया है।" ऐसे कमेंट्स करते हुए फैन्स ने बिग बॉस ओटीटी 3 को बॉयकॉट करने की मांग की है। अब लवकेश कटारिया और अरमान मलिक के बाहर होने के बाद यह देखना अहम होगा कि बिग बॉस ओटीटी के तीसरे सीजन की ट्रॉफी पर कौन सा प्रतियोगी अपना नाम दर्ज कराएगा।



## ब्रेस्ट कैंसर के स्टेज 3 रहीं हिना खान ने मुंडवाया सि



लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक हिना खान तीसरे स्टेज के ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित हैं। हिना को स्टेज 3 कैंसर का पता चला है और फिलहाल उनका इलाज चल रहा है। हालांकि, हिना इस स्थिति में भी काफी स्थिर और शांत नजर आ रही हैं। इसमें दिख रहा है कि कैंसर से मजबूती से लड़ रही हिना सिर मुंडवाया लिया है। जब हिना को कैंसर का पता चला था। उस वक्त इलाज शुरू होते ही उन्होंने अपने बाल कटवा लिए थे, क्योंकि कीमोथेरेपी से बाल झड़ने लगते हैं। हिना ने पहले ही हिम्मत दिखाते हुए अपने बाल छोटे कर लिए लेकिन अब हिना ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया गया है। इसमें उनके सिर पर टोपी नजर आ रही है। हिना ने अपने सिर के सारे बाल शेव ऑफ कर लिए हैं। उन्होंने चेहरे पर मुस्कान के साथ एक स्किनकेयर ब्रांड का प्रचार किया। कई लोगों ने हिना की हिम्मत की तारीफ की है। हिना खान कहा था कि ये समय कठिन जरूर है, लेकिन वह इसका सामना साहस और उम्मीद से भरे होकर करना चाहती हैं। हिना के लिए यह कठिन समय है, लेकिन जिस साहस के साथ की इस कठिन परिस्थिति का सामना कर रही है वह वाकई सराहनीय है। मुस्कुराते चेहरे और अटूट साहस के साथ कैंसर से लड़ रही है। हिना खान ने फैंस के लिए एक रोल मॉडल सेट कर दिया है।




## लवकेश कटारिया के एलिमिनेशन पर मेकर्स पर भड़के एल्विश यादव, अरमान मलिक भी शो से आउट

**नई दिल्ली।** कृतिका मलिक तब टूट गईं जब उन्हें एक बार फिर एहसास हुआ कि उन्होंने अपनी बेस्ट फ्रेंड पायल मलिक की ज़िंदगी बर्बाद कर दी है और उनके पति अरमान मलिक से शादी करके उन्हें धोखा दिया है। बिग बॉस ओटीटी 3 शो में कृतिका को डायान से भी बदतर कहा गया जिसने उनकी बेस्ट फ्रेंड को नुकसान पहुंचाया।

इस बयान ने कृतिका को बहुत दुखी किया है। हाल ही के एपिसोड में, बिग बॉस 17 के विजेता मुनव्वर फारुकी को देखा गया, जहाँ कृतिका उनके सामने रोती हुई नजर आईं। उन्होंने कहा कि उन्होंने पायल के साथ जो किया है, उसके बारे में वह बहुत ज्यादा सोच रही हैं और अपने परिवार से फिर से मिलना चाहती हैं।

बिग बॉस ओटीटी 3 के दो सबसे चर्चित कंटेस्टेंट लवकेश कटारिया, जिन्हें लव कटारिया के नाम से भी जाना जाता है, और अरमान मलिक कथित तौर पर शो से बाहर हो गए हैं। द खबरी ने एक्स पर इस खबर की पुष्टि की।

अप्रत्याशित डबल एविक्शन ने प्रशंसकों को हैरान कर दिया है क्योंकि फिनाले बस आने ही वाला है। लवकेश के दोस्त और बिग बॉस ओटीटी 2 के विजेता एल्विश यादव ने भी इस बीच एक रहस्यमयी ट्वीट शेयर किया है।

## जब टीवी शो में लीड से सेकंड लीड में बदल दी गईं मृणाल ठाकुर



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई सितारों ने अपने करियर की शुरूआत टीवी से की और फिर बॉलीवुड का रुख किया और यहां खूब मुकाम हासिल किया। इस लिस्ट में बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान, सुशांत सिंह राजपूत और प्राची देसाई समेत कई सितारों के नाम शामिल हैं। ऐसा ही एक नाम मृणाल ठाकुर का भी है। सीता रामम की अदाकारा ने भी अपने करियर की शुरूआत टीवी सीरियल से की थी, जिसके बाद उन्होंने बॉलीवुड का रुख किया। आज मृणाल का जन्मदिन है, तो इस मौके पर आपको बताते हैं उनसे जुड़े कुछ रोचक किस्से।

### 2012 में एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा

मृणाल ने 2012 में 'मुझसे कुछ कहती हैं... ये खामोशियां' से एक्टिंग में डेब्यू किया और इसके बाद उन्हें युगांतर और अर्जुन जैसे शो भी मिले। एक्ट्रेस 'कुमकुम भाग्य' में भी अहम भूमिका में नजर आईं, हालांकि ये अलग बात है कि एक बार वो शो में लीड रोल निभाने वाली थीं, लेकिन धीरे-धीरे उनका रोल लीड से साइड रोल में बदल गया और श्रीति झा शो की लीड एक्ट्रेस बन गईं। शो में मृणाल ने श्रीति झा की छोटी बहन का रोल प्ले किया था. इसके बाद मृणाल को बॉलीवुड में पहला ब्रेक 2018 में 'लव सोनिया' से मिला. इस फिल्म और उनकी एक्टिंग को इंडस्ट्री और दर्शकों से खूब तारीफें मिलीं. फिर वो सुपरस्टार ऋतिक रोशन की 'सुपर 30' में लीड रोल प्ले करती नजर आईं, जिसने उन्हें रातों-रात स्टार बना दिया। इसके बाद मृणाल के पास ऑफर्स की लाइन लग गई और अब तक वो कई बेहतरीन फिल्मों में काम कर चुकी हैं। इनमें सीता रामम, पिप्पा, हाय नन्ना, लस्ट स्टोरीज 2, गुमराह, धमाका, तूफान और द फैमिली स्टार जैसी फिल्में शामिल हैं. कई बार प्यार में धोखा खा चुकी हैं मृणाल अपनी निजी जिंदगी के बारे में भी खुलकर बात कर चुकी हैं. एक्ट्रेस ने यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया से बातचीत में बताया था कि उन्हें एक बार नहीं बल्कि कई बार प्यार में धोखा मिला है। उन्होंने कहा था- 'सही इंसान के साथ रहने के लिए सबसे पहले आपको गलत लोगों के साथ रहना पड़ता है। आपको रिश्तों को आजमाना पड़ता है ताकि आप सही लोगों की पहचान कर सकें। आप अनुभव कर सकते हैं कि रिश्ते में क्या सही है और क्या गलत। मैं ऐसे रिश्तों में नहीं पड़ना चाहती जिसमें समय देने के बाद आपको पता चले कि रिश्ते में आपसी समझ और सहजता नहीं है।'

एनसीआर समाचार प्रा. लि. की ओर से मुद्रक, प्रकाशक मो. हनीफ द्वारा आर.डी. प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स प्राईवेट लिमिटेड, ए-41 सेक्टर-8 नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित व जी-12/276बी, संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोनः 8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा। **संपादक : मो इस्माईल खान** RNI No. DLHIN/2010/37009